जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 116

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com

जयपुर, बुधवार, 19 मार्च, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




### अंतरिक्ष से लौट रही भारत की बेटी सुनीता की सुरक्षित वापसी के लिए गुजरात स्थित पैतृक गांव में हुआ यज्ञ

# सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर समेत दो अन्य एस्ट्रोनॉट 9 माह बाद अंतरिक्ष से रवाना

**विशेष संवाददाता**

**फ्लोरिडा।** अंतरिक्ष में फंसे एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 13 दिन बाद आज पृथ्वी पर लौट रहे हैं। उनके साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट निक हेग और अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी 18 मार्च को स्पेस स्टेशन से रवाना हुए।

चारों एस्ट्रोनॉट के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होने के बाद मंगलवार सुबह 08:35 बजे इस स्पेसक्राफ्ट का हैच यानी, दरवाजा बंद हुआ और 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ। यह 19 मार्च को सुबह लगभग 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड होने की बात सामने आई। इससे पहले नासा एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लाने की तैयारी जोरशोर से चल रही थी। अब नासा ने ट्वीट कर इसे कंफर्म कर दिया है। 9 महीने के इंतजार के बाद नासा के इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर फंसे नासा एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर स्पेस एक्स-9 उड़ान भर चुका है। इन दोनों एस्ट्रोनॉट के लौटने का दुनिया



भर में इंतजार हो रहा है। इन दोनों एस्ट्रोनॉट समेत दो अन्य एस्ट्रोनॉट को लेकर स्पेस एक्स-9 पृथ्वी की ओर निकल पड़ा है। इस तरह से ये अंतरिक्ष यात्री दल निक हेग और रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष यात्री अलेक्सांद्र गोरबुनोव के साथ स्पेस एक्स क्रू ड्रैगन स्पेसक्रॉफ्ट के साथ धरती पर वापस आएगा। गौरतलब है कि गुजरात के मेहसाणा जिले स्थित पैतृक गांव झुलासन में सुनीता विलियम्स की वापसी का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। गांव के डोलो देवी मंदिर में पिछले नौ महीनों से यज्ञ और प्रार्थनाएं चल रही हैं। अखंड ज्योति जलाई जा रही है और सुनीता की तस्वीर रखी गई है। सभी लोग उनकी सकुशल वापसी की कामना कर रहे हैं। इससे पहले अंतरिक्ष स्पेस यान से एस्ट्रोनॉट निक हेग, सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर और अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव स्पेस एक्स क्रू-9 के अंतरिक्ष स्टेशन से लौटने की तैयारी में लगे हुए दिखे। इस दौरान ये सब सामान पैक करते और हैच बंद करते देखे गए।

इस सफर को लेकर एस्ट्रोनॉट निक हेग ने कहा कि 'स्पेस स्टेशन को अपना घर कहना, मानवता के लिए अनुसंधान करने की इसकी 25 साल की विरासत में अपनी भूमिका निभाना और दुनिया भर के सहकर्मियों, जो अब मेरे दोस्त हैं, इन सबके साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरा अंतरिक्ष उड़ान कॅरियर, अधिकतर लोगों की तरह, अप्रत्याशित चीजों से भरा हुआ है।' गौरतलब है कि नासा एजेंसी, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से स्पेस एक्स क्रू-9 की पृथ्वी पर सकुशल वापसी को लेकर बेहद संजीदा था। इस कड़ी में नासा और स्पेस एक्स ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से एजेंसी के क्रू-9 मिशन की वापसी के लिए फ्लोरिडा तट पर मौसम और स्पलैशडाउन स्थितियों का आकलन करने के लिए बैठक की थी। अब नासा ने ट्वीट कर ये खुशखबरी दी है कि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से स्पेस एक्स-9 निकल चुका है, वह अपने रास्ते पर है।

### पीएम मोदी ने सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत बुलाया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। 1 मार्च को लिखे गए इस लेटर को नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो ने भेजा था। इसे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर शेयर किया है। लेटर में पीएम मोदी ने लिखा है- आपके लौटने के बाद हम आपको भारत में देखने के लिए उत्सुक हैं। भारत के लिए अपनी सबसे शानदार बेटियों में से एक की मेजबानी करना खुशी की बात होगी।

### चांदी पहली बार 1 लाख के पार, 10 ग्राम सोना 88,354 रुपए ऑलटाइम हाई



**नई दिल्ली (मसं)।** सोने-चांदी की कीमत 18 मार्च को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 253 रुपए बढ़कर 88,354 रुपए हो गए। वहीं एक किलो चांदी 633 रु. महंगी होकर 1,00,400 रुपए प्रतिकिलो पहुंच गई। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के अनुसार इस साल सोना 92 हजार रुपए तक जा सकता है।

### 5 प्रकरणों में 7 अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति

**जयपुर (मसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार आमजन को संवेदनशील, पारदर्शी व भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने को प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में सीएम ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं अभियोजन स्वीकृति के विचाराधीन 13 प्रकरण निस्तारित किए। सीएम ने एक प्रकरण में सेवानिवृत्त अधिकारी की पेंशन रोकने, 3 प्रकरणों में सेवारत अधिकारियों के विरुद्ध सीसीए नियम 16 के अंतर्गत वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का निर्णय किया। साथ ही भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम-2018 के तहत प्रस्तुत 5 प्रकरणों में 7 अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति भी दी।

### लोकसभा में बजट सत्र का दूसरा फेज

# महाकुंभ से एकता का निकला अमृत : मोदी

## पीएम बोले- महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को मिला जवाब

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे फेज के पांचवें दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ को लेकर संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अनेक अमृत निकले हैं। एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद है।

पीएम ने कहा कि महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिला है। देश के कोने-कोने में आध्यात्मिक चेतना उभरी है। महाकुंभ में राष्ट्रीय चेतना के दर्शन हुए और महाकुंभ के उत्साह-उमंग को महसूस किया। देश की सामूहिक चेतना का नतीजा महाकुंभ के दौरान देखने को मिला। युवा पीढ़ी भी पूरे भाव से महाकुंभ से जुड़ी। पीएम मोदी ने मॉरीशस यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि वहां के गंगा तालाब में त्रिवेणी का पवित्र जल डाला। अनेकता में एकता हमारी बहुत बड़ी ताकत है। इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहें, ये हमारा दायित्व है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में कई छोटी-बड़ी नदिया हैं, कुछ ऐसी हैं जिन पर संकट आ



### 'मॉडर्न युवा पीढ़ी महाकुंभ और दूसरे उत्सवों से जुड़ी रहे'

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि मॉडर्न युवा पीढ़ी महाकुंभ और दूसरे उत्सवों से जुड़ी रहे। आज भारत का युवा परंपरा, आस्था, श्रद्धा को गर्व के साथ अपना रहा है। जब एक समाज की भावनाओं में अपनी विरासत पर गर्व का भाव बढ़ता है तो हम ऐसी ही भव्य प्रेरक तस्वीरें देखते हैं, जो हमने महाकुंभ के दौरान देखी हैं। इससे आपसी भाईचारा और आत्मविश्वास बढ़ता है कि देश के रूप में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। ये भावना आज के भारत की बहुत बड़ी पूंजी है। महाकुंभ से अनेक अमृत निकले हैं। एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद है। महाकुंभ ऐसा आयोजन रहा, जिसमें देश के हर क्षेत्र से हर कोने से आए लोग एक हो गए। अहम त्याग कर वयं के भाव से मैं नहीं, हम की भावना से प्रयागराज में जुटे, त्रिवेणी का हिस्सा बने।

रहा है। कुंभ से हमें दिखा कि नदी उत्सव को विस्तार देना होगा। पीढ़ी को पानी का महत्व पता चलेगा, साफ-सफाई को बल मिलेगा, नदियों की रक्षा होगी। भरोसा है कि महाकुंभ से निकला अमृत हमारे संकल्पों की सिद्धि का बहुत बड़ा माध्यम बनेगा।

### 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना दिखती है'

मोदी ने कहा कि जब अलग क्षेत्र, अलग भाषा के लोग संगम पर उद्घोष करते हैं तो एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना दिखती है। वहां छोटे-बड़े का भेद नहीं था। ये दिखाता है कि एकता का अद्भुत तत्व हमारे भीतर रचा-बसा है। एकता की यही भावना भारतीयों का सौभाग्य है। विश्व में जो बिखराव की स्थिति है, उस दौर में एकजुटता का विराट प्रदर्शन हमारी ताकत है। ये हमारी विशेषता है, कहते आए हैं, महसूस किया है, इसी के विराट रूप का अनुभव प्रयागराज महाकुंभ में किया है। हमारा दायित्व है कि हम इस भावना को समृद्ध करते रहें।

### ऐसे अवसर पीढ़ियों के लिए बन जाते हैं उदाहरण

मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में देखा था कि कैसे देश अगले 1000 साल के लिए तैयार हो रहा है। एक साल बाद महाकुंभ के आयोजन ने ये दिखा दिया है। देश की सामूहिक चेतना, देश का सामर्थ्य बताती है। मानव जीवन और देश के लिए कई ऐसे अवसर आते हैं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण बन जाते हैं। हमारे लिए भी ऐसे पल आए हैं, जब देश को झकझोर कर एक कर दिया गया।

# वोटर आईडी कार्ड को आधार से लिंक करने की तैयारी



### चुनाव आयोग और यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया की बैठक में बनी सहमति

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार वोटर आईडी और आधार को लिंक करने की तैयारी कर रही है। इसे लेकर मंगलवार को चुनाव आयोग और यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें दोनों को लिंक करने पर सहमति बनी। अब जल्द ही इस पर एक्सपर्ट की राय ली जाएगी। आयोग का कहना है कि वोटर आईडी को आधार से जोड़ने का काम मौजूदा कानून और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। इससे पहले 2015 में भी ऐसी ही कोशिश हो चुकी है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसे रोक दिया गया था।

चुनाव आयोग ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार मतदान का अधिकार केवल भारत के नागरिक को दिया जा सकता है, लेकिन आधार केवल व्यक्ति की पहचान है। इसलिए यह निर्णय लिया गया कि मतदाता फोटो पहचान पत्र को आधार से लिंक करने के लिए सभी कानूनों का पालन किया जाएगा। कानून मतदाता सूचियों को आधार डेटाबेस के साथ स्वैच्छिक रूप से जोड़ने की अनुमति देता है। सरकार ने संसद में बताया है कि आधार-वोटर कार्ड लिंक करने की प्रक्रिया पहले से चल रही है। प्रस्तावित लिंकिंग के लिए कोई लक्ष्य या समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई थी। सरकार ने यह भी कहा कि जो लोग अपने आधार कार्ड को मतदाता सूची से नहीं जोड़ते हैं, उनके नाम मतदाता सूची से नहीं काटे जाएंगे।

### सुप्रीम कोर्ट लगा चुका है रोक

**वोटर** आईडी को आधार से लिंक करने का प्रयास चुनाव आयोग पहले भी कर चुका है। चुनाव आयोग ने मार्च 2015 से अगस्त 2015 तक राष्ट्रीय मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्यक्रम चलाया था। उस समय चुनाव आयोग ने 30 करोड़ से ज्यादा वोटर आईडी को आधार से लिंक करने का प्रोसेस पूरा कर लिया था। ये प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रुकी। दरअसल वोटर आईडी को आधार से लिंक करने की प्रक्रिया के दौरान आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के करीब 55 लाख लोगों के नाम वोटर डेटाबेस से हट गए थे। इसी को लेकर आधार की संवैधानिकता को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था और शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को वोटर आईडी और आधार को लिंक करने से रोक दिया था। 26 सितंबर 2018 को आधार को लेकर दिए अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि राज्य सब्सिडी और कल्याणकारी योजनाओं के अलावा आधार को किसी भी सेवा के लिए अनिवार्य नहीं बनाया जा सकता है।

### चुनाव आयोग ने 30 अप्रेल तक मांगे सुझाव

**भारतीय** निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के सूत्रों के अनुसार वोटर-आधार को लिंक करने का मकसद आगामी चुनावों से पहले चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, समावेशिता और एफिशिएंसी को बढ़ाना है। चुनाव आयोग 31 मार्च से पहले निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों और मुख्य चुनाव अधिकारियों के लेवल पर मीटिंग करेगा। इसके लिए पिछले 10 साल में पहली बार चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर सभी राष्ट्रीय और राज्य-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से 30 अप्रेल तक आधिकारिक तौर पर सुझाव मांगे हैं।

# इजराइल की गाजा पर एयरस्ट्राइक, 413 की मौत

**अब 59 इजराइली बंधकों का जिंदा बचना मुश्किल : हमास**

**विशेष संवाददाता**

**तेल अवीव।** इजराइल ने मंगलवार सुबह गाजा में फिर से एयरस्ट्राइक शुरू कर दी। इजराइली हमलों में 413 लोग मारे गए, जबकि सैकड़ों घायल हो गए। इस हमले के साथ ही 19 जनवरी को गाजा और इजराइल के बीच हुआ दो महीने पुराना सीजफायर टूट गया है। इजराइल का दावा है कि वह हमले की प्लानिंग कर रहे आतंकियों को निशाना बना रहा है। वहीं गाजा के उग्रवादी संगठन हमास का कहना है कि नेतन्याहू का फिर से युद्ध शुरू करने का फैसला इजराइली बंधकों के लिए मौत की सजा की तरह है। इस हमले के बाद हमास की कैद में मौजूद लगभग 59 इजराइली बंधकों की रिहाई को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। दूसरी तरफ इजराइली फोर्सेज ने लोगों को पूर्वी गाजा खाली करने का आदेश दिया है।

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने यह हमले इसलिए कराए क्योंकि सीजफायर पर हो रही बातचीत आगे नहीं बढ़ रही थी। नेतन्याहू कई बार फिर से जंग शुरू करने की धमकी दे चुके हैं। वहीं इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने चेतावनी दी है कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया तो गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे। हमास ने इजराइली हवाई हमलों को सीजफायर का उल्लंघन बताया है। हमास ने धमकी दी है कि इस कदम से उसकी कैद में मौजूद इजराइली बंधकों की जान खतरे में आ गई है। हमास ने कहा कि इजराइल ने बिना किसी उकसावे के हमले किए हैं।

### आज से फिर चलेगी विधानसभा की कार्यवाही, छह में से तीन विधेयकों की तिथि तय

# धर्मांतरण कानून पर फैसला बीएसी में तय होगा

**विधानसभा संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य का वर्ष 2025-26 का बजट पारित होने और होली के लंबे अवकाश के बाद बुधवार से विधानसभा की कार्यवाही फिर शुरू होगी। विधानसभा के पटल पर रखे छह विधेयकों पर चर्चा होनी है। इनमें तीन की तिथि तय कर दी गई है। लेकिन खास बात यह है कि राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 समेत तीन विधेयकों पर चर्चा की तारीख तय नहीं है। 10



मार्च को कार्य सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक में 21 मार्च तक के कार्य का बंटवारा किया गया। इसमें तीन विधेयकों पर चर्चा की तिथि तय नहीं हुई। इनमें धर्मांतरण पर रोक लगाने वाला विधेयक भी शामिल है। कार्य सलाहकार समिति की रिपोर्ट के अनुसार 19 मार्च को प्रवर समिति की ओर से प्रतिवेदित राजस्थान भूजल संरक्षण और प्रबंधन प्राधिकरण विधेयक 2024, 20 मार्च को राजस्थान के विश्वविद्यालयों की विधियां संशोधन विधेयक 2025 एवं 21 मार्च को राजस्थान भू राजस्व संशोधन एवं विधि मान्यकरण विधेयक 2025 पर चर्चा होनी है।

### तीन विधेयकों का भविष्य बीएसी की बैठक पर निर्भर

**इसके** बाद सदन पटल पर पेश हो चुके तीन विधेयकों पर चर्चा बाकी रहेगी। इनमें सबसे महत्वपूर्ण राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 है, जिसे विधानसभा में इसी तीन मार्च को रखा था। राजस्थान विधियां संशोधन विधेयक 2025 व राजस्थान लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान विधेयक 2024 भी सदन से पारित होना है, लेकिन इनकी तिथि तय नहीं है। असल में कार्य सलाहकार समिति की बैठक 20 मार्च को होगी। इसमें तीनों विधेयकों का भविष्य तय होगा।

### कोचिंग संस्थाओं पर नियंत्रण वाला विधेयक आज होगा पेश

**इसके** अलावा केबिनेट ने पिछले दिनों ही कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण के लिए बिल को मंजूरी दी है, लेकिन यह विधेयक अभी सदन में पेश नहीं हुआ है। उम्मीद की जा रही है कि बुधवार को इसे भी सदन में रखा जाएगा और अगले सप्ताह इस पर भी चर्चा हो सकती है।

**रायसीना डायलॉग** | **दूसरे दिन विदेश मंत्री जयशंकर का पाकिस्तान पर निशाना**

# 'जोखिम भरा देश होने के लिए बड़ा होने की जरूरत नहीं'

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रायसीना डायलॉग के दूसरे दिन बिना नाम लिए पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पाकिस्तान के लिए रिस्की कंट्री (जोखिम भरा देश) शब्द का इस्तेमाल करते हुए कहा है कि जरूरी नहीं कि अगर कोई देश छोटा हो तो वो जोखिम भरा नहीं हो सकता। जोखिम भरा देश होने के



लिए बड़ा होने की जरूरत नहीं है।

रायसीना डायलॉग भू-राजनीति पर वैश्विक चर्चा के लिए भारत की अहम कॉन्फ्रेंस है, जिसमें 125 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन विदेश मंत्री जयशंकर ने कई मुद्दों पर बात की, जिसमें उन्होंने वैश्विक व्यवस्था और रिस्की देशों से दुनिया को होने वाले खतरों पर बात की। जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था दुनिया के लिए उसी तरह जरूरी है जैसे कि किसी देश के लिए घरेलू व्यवस्था। अगर दुनिया में अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था नहीं होगी तो कई तरह के खतरे पैदा हो जाएंगे। अगर कोई वैश्विक व्यवस्था नहीं रहेगी तो सिर्फ बड़े देशों को ही फायदा नहीं होगा, बल्कि जो देश अतिवादी रुख अपनाएगा, वह अव्यवस्था को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करेगा। इसके बाद उन्होंने साफ कहा कि एक जोखिम भरा देश होने के लिए, किसी को बड़ा देश होने की जरूरत नहीं है। उनका इशारा पाकिस्तान की तरफ था जिसे लेकर भारत का कहना है कि वो घटते संसाधनों के बावजूद आतंकवाद को स्पॉन्सर करना जारी रखे हुए है।

### 'वर्तमान अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में हैं विसंगतियां'

**विदेश** मंत्री ने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में विसंगतियां हैं, जिसका हिसाब-किताब होना जरूरी है। इसे समझाने के लिए उन्होंने पाकिस्तान की आक्रामकता का उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि दूसरे विश्व व्यवस्था के बाद, किसी दूसरे देश का सबसे लंबे समय तक अवैध कब्जा कश्मीर में देखा गया। जब हम इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र गए तो आक्रमण को विवाद में बदल दिया गया। हमलावर और पीड़ित को बराबर रखा गया।

### पश्चिमी देशों को भी विदेश मंत्री ने किया टार्गेट

**पाकिस्तान** को टार्गेट करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देशों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन, कनाडा, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका सभी दोषी हैं। आज हम राजनीतिक हस्तक्षेप की बात करते हैं। पश्चिमी देश दूसरे देशों के बारे में कहते हैं कि वहां लोकतंत्र खतरे में है, लेकिन जब हम उनके यहां के लोकतंत्र की बात करते हैं तो वे कहते हैं कि यह गलत भावना से किया गया हस्तक्षेप है। वैश्विक व्यवस्था का हिसाब-किताब करना बेहद जरूरी है।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



**पूरी है तैयारी :** बीसलपुर से रोजाना 4 करोड़ लीटर अतिरिक्त पेयजल सप्लाई शुरू

# गर्मियों में नहीं हो पानी की परेशानी...ये विभाग ने है ठानी

## फील्ड में रहकर मॉनिटरिंग करेंगे अभियंता

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में गर्मी बढ़ने के साथ ही घरों में पेयजल की डिमांड भी बढ़ने वाली है। राजधानी जयपुर सहित दूरदराज के इलाकों में बढ़ने वाली पेयजल की मांग को लेकर जलदाय विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसके तहत जयपुर में रोजाना अतिरिक्त पेयजल सप्लाई शुरू कर दी गई है।


दरअसल, सरकार की ओर से बजट में गर्मियों के मौसम में बढ़ती पेयजल की डिमांड को लेकर अलग से प्रावधान किए गए हैं, ताकि आम जनता को पीने के पानी के लिए परेशान ना होना पड़े। इसे ध्यान में रखते हुए जलदाय विभाग के अभियंताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। राजधानी जयपुर की बात करें तो यहां जलदाय विभाग ने शहर में पेयजल सप्लाई सुचारू रखने के लिए रोजाना होने वाली नियमित सप्लाई को 4 करोड़ लीटर तक अतिरिक्त बढ़ा दिया है।

आंकड़ों के अनुसार पहले जयपुर को बीसलपुर से 48 करोड़ लीटर पानी की रोजाना सप्लाई हो रही थी, जिसे अब 52 करोड़ लीटर कर दिया गया है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार अगले चार महीनों में जैसे-जैसे पानी की मांग बढ़ेगी, इस सप्लाई को बढ़ाकर 58 करोड़ लीटर प्रतिदिन तक कर दिया जाएगा। इस तरह देखा जाए तो अगले तीन महीनों में जयपुर शहर को बीसलपुर से होने वाले पेयजल की प्रतिदिन सप्लाई में 10 करोड़ लीटर तक इजाफा देखने को मिलेगा। अधिकारियों का कहना है कि अतिरिक्त पेयजल सप्लाई में खास तौर पर टेल एंड सप्लाई के इलाकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### फैक्ट फाइल

**जयपुर शहर पेयजल कनेक्शन**

- **48 करोड़** लीटर नियमित पेयजल सप्लाई बीसलपुर से।
- **4 करोड़** लीटर अतिरिक्त पेयजल सप्लाई बीसलपुर से शुरू।
- **2 करोड़** लीटर अतिरिक्त पेयजल सप्लाई शुरू होगी अप्रेल में।
- **58 करोड़** लीटर कुल पेयजल सप्लाई जून तक बढ़ाई जा सकती है।
- **515755 कुल** पेयजल कनेक्शन पूरे जयपुर शहर में।
- **235913 पेयजल** कनेक्शन नगर वृत उत्तर में।
- **279842 पेयजल** कनेक्शन नगर वृत दक्षिण में।
- **209023 पानी** के मीटर खराब या बंद।



### फील्ड में रहेंगे अभियंता

गर्मियों के दौरान शहर में हो रही पेयजल सप्लाई पर निरन्तर मॉनिटरिंग करने के लिए अभियंताओं को फील्ड में रहने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अनुसार कनिष्ठ अभियंता सप्ताह में 6 दिन, सहायक अभियंता 5 दिन, अधिशासी अभियंता 3 दिन और अधीक्षण अभियंता सप्ताह में एक दिन सप्लाई को चैक करेंगे। यदि किसी इलाके में सप्लाई सुचारू नहीं हो पा रही है तो उच्चतर अधिकारियों से समन्वय स्थापित करके आम जनता को राहत पहुंचाएंगे।

### समर कंटीन्जेंसी पर सरकार का विशेष फोकस

- आम जनता को पेयजल समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए समर कंटीन्जेंसी के अंतर्गत अतिरिक्त जल संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 142 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस प्लान को धरातल पर उतारने के लिए विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।
- प्रदेश में गर्मियों के दौरान पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से बजट में की गई 2500 हैण्डपम्प और 1000 ट्यूबवैल की घोषणा की गई है।
- पेयजल सम्बन्धी समस्या का तत्काल निराकरण हो सके, इसके लिए प्रत्येक जिला कलेक्टर को समर कंटीन्जेंसी के तहत एक करोड़ रुपए का यूनाइटेड फंड भी अब उपलब्ध हो सकेगा।

### इन इलाकों में ज्यादा रहती है दिक्कत

जयपुर शहर के कई इलाके ऐसे हैं, जहां गर्मियों के दौरान पेयजल की किल्लत बनी रहती है। ऐसे में अभियंताओं का फोकस इन इलाकों की सप्लाई को लेकर विशेष रहेगा। इनमें दिल्ली रोड स्थित जयसिंहपुरा खोर, आमेर, जामडोली, खोनागोरियान, झोटवाड़ा, संजय नगर, पृथ्वीराज नगर, हरमाड़ा, आमेर सहित परकोटा क्षेत्र के कई इलाके शामिल हैं।

> **गर्मियों** की शुरुआत होने के साथ ही पेयजल सप्लाई संबंधी दिक्कतों को लेकर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। अभियंताओं को फील्ड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। कंटीजेंसी प्लान पर कार्ययोजना बन रही है। अभी जयपुर शहर की पेयजल सप्लाई में 4 करोड़ लीटर प्रतिदिन अतिरिक्त सप्लाई शुरू कर दी गई है, जिसे जरूरत अनुसार बढ़ाया जाएगा।
>
> *- शुभांशु दीक्षित, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, जलदाय विभाग*

## राजस्थानी लोक संगीत से सजेगी शाम, कलाकारों को मिलेगा सम्मान



### रीजनल सिनेमा के विकास पर चर्चा के साथ राजस्थानी सिनेमा महोत्सव की शुरुआत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थानी सिनेमा के स्टार भी अब कारपेट पर उतरेंगे। राज्य के प्रमुख शहरों में रीजनल सिनेमा के वर्तमान और भविष्य पर सिनेमा के दिग्गज मंथन करेंगे। इसके साथ ही लोक संगीत से सजी शाम में राजस्थानी सिनेमा के लीजेंड्स की स्मृति में अवार्ड दिए जाएंगे।

दरअसल, पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग, जवाहर कला केन्द्र और राजस्थानी सिनेमा विकास संघ के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थानी सिनेमा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। राजस्थानी सिनेमा विकास संघ के संरक्षक विपिन तिवारी ने बताया कि सात दिवसीय महोत्सव की शुरुआत मंगलवार को जयपुर में परिचर्चा और पोस्टर के विमोचन से हुई। अब अगले पांच दिन संघ के प्रतिनिधि राज्य के अलग-अलग शहरों उदयपुर, बीकानेर, जोधपुर और टोंक में जाकर राजस्थानी फिल्म इंडस्ट्री और लोक संगीत से जुड़े लोगों को साथ लेकर राजस्थानी सिनेमा की दशा और दिशा पर परिचर्चाओं का आयोजन करेंगे। इसमें अध्यक्ष शिवराज गुर्जर और उपाध्यक्ष श्रवण सागर, निर्माता अजय तिवारी, निर्देशक नीरज खंडेलवाल, गीतकार धनराज दाधीच, अभिनेता अमिताभ तिवारी, रॉकी एस संतोष, फिल्म एडिटर शैलेंद्र सिंह खंगारोत सहित फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहेंगे। 25 मार्च को जवाहर कला केंद्र में होने वाले मुख्य समारोह में राजस्थानी सिनेमा और लोक संगीत के लीजेंड्स की स्मृति में विभिन्न श्रेणियों में अवार्ड दिए जाएंगे।

### राजस्थानी सिनेमा महोत्सव में यह रहेगा खास...

- सीजन का सबेस बड़ा आकर्षण महोत्सव की आदमकद ट्रॉफी होगी, जिसे समारोह के प्रवेशद्वार पर विशेष स्थान पर रखा जाएगा।
- महोत्सव के इस संस्करण में किसी बॉलीवुड स्टार को नहीं बुलाकर स्थानीय स्टार्स को ही हाईलाइट किया जाएगा। वे न केवल कारपेट पर चलेंगे, बल्कि अवार्ड समारोह में रंगारंग प्रस्तुति भी देंगे।
- 19 मार्च को उदयपुर में राजस्थानी सिनेमा पर अशोका पैलेस, सौभागपुरा में सेमिनार का आयोजन होगा। इसमें राजस्थानी सिनेमा और लोकसंगीत से जुड़े कलाकार शामिल होंगे।

## जिला जयपुर प्रथम में शक्ति दिवस का हुआ आयोजन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) जिला जयपुर प्रथम की ओर से मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया, जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की एनीमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ एनीमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि राजस्थान को एनीमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) जयपुर प्रथम डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि अभियान के तहत बच्चों, उन महिलाओं व किशोरियों में एनीमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में एनीमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

**गर्मी की आहट :** जिलेवार समीक्षा बैठक में व्यापक स्तर पर तैयारियों के निर्देश

# मौसमी बीमारियों एवं लू-तापघात को लेकर चिकित्सा विभाग अलर्ट

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** प्रदेश में गर्मी के मौसम को देखते हुए विभिन्न मौसमी बीमारियों व लू-तापघात से बचाव के लिए चिकित्सा विभाग अलर्ट हो गया है। इसके लिए विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है। मंगलवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिलावार लू-तापघात एवं मौसमी बीमारियों सहित अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विभागीय अधिकारी मौसमी बीमारियों एवं लू-तापघात को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां समय पर सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएं। जरूरी उपकरणों, ऑक्सीजन प्लांट, जांच मशीनों इत्यादि की क्रियाशीलता को जांच कर आवश्यकतानुसार मेंटीनेंस करवाया जाए। उन्होंने प्रत्येक चिकित्सा संस्थान में जांच-उपचार के माकूल इंतजाम के साथ ही आवश्यक दवाओं की समुचित उपलब्धता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी जिले में दवाओं की आपूर्ति में कोई कमी नहीं रहे।

### बजट का हो शत प्रतिशत उपयोग

बैठक में मिशन निदेशक एनएचएम भारती दीक्षित ने सभी जिलों में एनएचएम के तहत संपादित की जा रही गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को जिले में उपलब्ध बजट की समीक्षा कर शत-प्रतिशत उपयोग करने के निर्देश दिए। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने कहा कि मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण के लिए स्थानीय निकायों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यकता अनुसार फॉगिंग, एंटी लार्वा, सोर्स रिडक्शन एवं अन्य रोकथाम गतिविधियां आयोजित की जाएं। इस अवसर पर निदेशक आईईसी टी. शुभमंगला, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी नहीं रहे

राठौड़ ने सभी चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी चिकित्सा संस्थान में चिकित्सक की कमी है तो संविदा आधार पर या सेवानिवृत्त कार्मिकों की सेवाएं नियमानुसार ली जाए। इसके अलावा प्रमुख शासन सचिव ने सभी चिकित्सा संस्थानों में ओआरएस कॉर्नर स्थापित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में वाटर कूलर, पंखें, कूलर, एसी आदि की आवश्यकतानुसार खरीद की जाए तथा खराब संसाधनों की आवश्यकता अनुसार मेंटीनेंस करवाई जाए। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से नियुक्त किए गए संविदा एएनएम का ओरिएंटेशन करते हुए आवश्यकता अनुसार उन्हें नियोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि जल्द ही फार्मासिस्ट की नियुक्ति भी कर दी जाएगी।

## शिक्षा मंत्री परिवार सहित जंतर मंतर और आमेर महल देखने पहुंचे



**जयपुर (मसं)।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को परिवार के साथ ऐतिहासिक जंतर-मंतर का दौरा किया। यहां उन्होंने यंत्रों और उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। मंत्री ने स्मारक के इतिहास और महत्व के तकनीकी पहलुओं की सराहना की। इस दौरान स्मारक अधीक्षक प्रतिभा यादव व अन्य स्टाफ मौजूद रहा। इसके बाद शिक्षा मंत्री ने आमेर महल का दौरा किया। उन्होंने महल के प्रमुख हिस्सों जैसे दीवान-ए-आम, शीशमहल और अन्य ऐतिहासिक स्थल देखे। आमेर महल की भव्यता और ऐतिहासिक महत्व को देखकर मंत्री ने इसकी सराहना की। इस दौरान महल के अधीक्षक डॉ. राकेश छोलक भी उनके साथ रहे और उन्होंने महल के इतिहास और संरचना के बारे में जानकारी दी।

## भजनलाल सरकार में ठगा महसूस कर रहे किसान : अशोक गहलोत

**जयपुर (मसं)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भजनलाल सरकार पर हमला बोलते हुए किसानों की समस्याओं पर केन्द्र सरकार की तरह किसानों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।



गहलोत ने कहा कि सरसों की उपज बाजार में आ चुकी है, परन्तु अभी तक एमएसपी पर सरकारी खरीद की प्रक्रिया शुरू तक नहीं हुई है, जबकि गेहूं की अभी कटाई भी नहीं हुई, लेकिन गेहूं की के एमएसपी पर खरीद का पंजीयन शुरू कर दिया है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में किसानों को परेशान करने में कोई कसर नहीं रखी जा रही है।

हालांकि भाजपा ने गेहूं की एमएसपी 2700 रुपए करने की बात अपने घोषणा-पत्र में की थी, जो अभी तक पूरी नहीं की है। पहले मूंगफली की सरकारी खरीद में भी भ्रष्टाचार की शिकायतें आई थीं। उन्होंने भाजपा सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा कि ये सरकार किसानों को ना बिजली दे पा रही है, ना पानी दे पा रही और ना ही उपज का सही दाम दे पा रही है। ऐसा लगता है राजस्थान के किसानों को भाजपा सरकार ने केन्द्र सरकार की ही भांति अपने हाल पर ही छोड़ दिया है। राजस्थान के किसान अपने को उपेक्षित एवं ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। राज्य सरकार को अविलंब इस ओर ध्यान देना चाहिए।

# स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर कवायद शुरू

### मंत्री मंडलीय उप समिति की पहली बैठक कल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** निकाय चुनावों को लेकर सरकार की गठित मंत्री मंडलीय उप समिति की पहली बैठक 20 मार्च को होगी। यह बैठक यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में विधानसभा भवन में दोपहर एक बजे होगी। बैठक में अन्य मंत्री और संबंधित अधिकारी भी शामिल होंगे। इस समिति का मुख्य उद्देश्य 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' के तहत वार्डों के पुनर्गठन और परिसीमन प्रक्रिया को करवाना है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने निकाय चुनावों को व्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए इस उप समिति का गठन किया है। समिति की यह बैठक निकाय चुनावों में वार्डों के पुनर्गठन और परिसीमन प्रक्रिया की दिशा तय करने के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक में वार्डों के पुनर्गठन, परिसीमन और अन्य तकनीकी पहलुओं पर चर्चा होगी। यह प्रक्रिया स्थानीय प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### इस बार कम होंगे वार्ड

भाजपा की रणनीति हैं कि जब वार्ड कम होते हैं तो उनका दायरा बढ़ जाता है। ऐसे में भाजपा के पास केडर हैं और उसे जीत मिलती हैं। जब वार्ड की संख्या बढ़ जाती है, तो वोटर बंट जाता है। ऐसे में भाजपा को नुकसान होता हैं। सूत्रों के मुताबिक इस बार वार्ड बड़े और कम होंगे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात



**जयपुर (मसं)।** भाजपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंगलवार को संसद भवन स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच सत्ता और संगठन से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। माना जा रहा है कि इस बैठक में राजस्थान भाजपा की आगामी रणनीति और संगठनात्मक बदलाव पर भी विचार किया गया। मदन राठौड़ की यह मुलाकात राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## विद्युत निगमों में अभियंता संवर्ग की भर्ती परीक्षा 11 व 12 अप्रेल को

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य की पांचों विद्युत कंपनियों में कुल 487 पदों के लिए शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया के प्रथम चरण में अभियंता संवर्ग के 271 पदों पर राजस्थान के विभिन्न जिलों के परीक्षा केंद्रों पर ऑनलाइन परीक्षा 11 और 12 अप्रेल को होगी। इन पदों में कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल) के 228 पद, कनिष्ठ अभियंता (मैकेनिकल) के 25, कनिष्ठ अभियन्ता (सी एण्ड आई/कम्युनिकेशन) के 11, कनिष्ठ अभियंता (फायर एंड सेफ्टी) के 2 और कनिष्ठ रसायनज्ञ के 5 पद शामिल हैं। इसके अलावा विद्युत निगमों में तकनीशियन -तृतीय (आईटीआई), ऑपरेटर-तृतीय (आईटीआई), प्लान्ट अटेन्डेन्ट-तृतीय (आईटीआई) के 216 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 20 मार्च है। निगम ने स्पष्ट किया है कि आवेदन करने की अंतिम तिथि को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। आवेदन के संबंध में अभ्यर्थियों को यदि कोई भी समस्या है तो हेल्पलाइन डेस्क 9414056655 पर संपर्क किया जा सकता है।

ग्रेटर के वार्डों में लिया सफाई का फीडबैक, निगम के दोनों उपायुक्त बोले - स्वच्छता में हम बेतहर काम कर रहे, परिणाम भी सुखद होंगे

# शहर में स्वच्छता को जांच रही केंद्र की सर्वे टीम

### सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट से जुड़े विभिन्न प्लांट्स की ली जानकारी

महानगर संवाददाता





**जयपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के सर्वे के लिए केंद्र की टीम जयपुर में है। हालांकि टीम कहां और कब दौरा कर रही है, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं है। केंद्र की सर्वे टीम सोमवार को शहर पहुंच चुकी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को टीम ने सीकर रोड पर विभिन्न वार्डों का दौरा कर स्वच्छता का पैमाना जांचा। सर्वे टीम ने सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट से जुड़े विभिन्न प्लांट्स की भी जानकारी ली है। ग्रेटर के भी कुछ वार्डों में टीम ने दौरा कर सफाई की मौजूदा स्थिति को देखा है। इधर, सर्वे टीम के शहर में दौरा करने को लेकर दोनों नगर निगम प्रशासन ने पूरी ताकत झौंक दी है।

निगम के अधिकारी और कर्मचारी फील्ड में काम करते दिखे। कचरा संग्रहण व्यवस्था भी दिनभर सुचारू रही। कई वार्डों में तीन पारियों में सफाई कार्य कराए गए।

### 3 टीमें कर रही विभिन्न वार्डों का दौरा

जानकारी के अनुसार केंद्र से आई सर्वे टीम 3 अलग-अलग ग्रुपों में शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रही है। 35 सदस्यीय टीम जयपुर में 10 दिन रहेगी। सूत्रों की मानें तो टीम ने कई वार्डों का दौरा किया लेकिन इस दौरे को टीम ने पूरी तरह गोपनीय रखा है। इधर, स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग की बात की जाए तो हेरिटेज नगर निगम फिलहाल 171वीं रैंक पर है। इस बार उम्मीद की जाती है कि जब टीम यहां से दौरा करके जाएगी तो निगम की रैंकिंग में काफी कुछ सुधार देखने को मिलेगी।

### पूरी तन्मयता से जुटें अधिकारी/कर्मचारी : आयुक्त हेरिटेज निगम

हेरिटेज निगम के आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने कहा कि सफाई में हमारी रैंकिग सुधरे, इसके लिए वार्डों से बाजार तक हमारी टीमें पूरी तरह से जुटी है। जनता से भी सहयोग की अपेक्षा है। हाल ही एक बैठक में हमने बाजार में प्रत्येक दुकान के बाहर दो डस्टबिन रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कई मैराथन बैठके भी की हैं। सभी जोन स्तर पर निगम अधिकारियों से अलग-अलग मीटिंग भी कर रहे हैं। सफाई को लेकर वार्ड के प्रभारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षक के साथ सफाई व्यवस्था को लेकर वन टू वन संवाद भी किया जा रहा है।

### हम पूरी तहर से सफाई कार्यों में जुटे हैं: आयुक्त ग्रेटर निगम

नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुकमणि रियाड का कहना है कि सफाई कार्यों की झलक धरातल पर दिखे, इसके लिए हम पिछले कई महिनों से जुटे हैं। वार्डों का भी औचक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सभी जोन उपायुक्त एवं जोन ओआईसी सफाई कर्मचारियों की हाजरी, ओपन कचरा डिपो की स्थिति, दुकानों के बाहर हरे व नीले रंग के डस्टबिन की स्थिति, स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत चयनित सीटीयू पॉइंट्स की मॉनिटरिंग, स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत आने वाले सभी मापदंडों की मॉनिटरिंग, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सीएनडी वेस्ट आदि का समय समय पर अपडेट ले रहे है। सफाई की इस परीक्षा में हमारा प्रदर्शन श्रेष्ठ रहेगा।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने ब्रज तीर्थ क्षेत्र में किए देव-दर्शन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने मंगलवार को ब्रज तीर्थ क्षेत्र में देव-दर्शन किए। उन्होंने बरसाना में श्रीलाड़लीजी सरकार श्रीराधारानी, दानघाटी गोवर्धन में गिरिराज धरण, श्रीधाम वृंदावन में श्रीबांकेबिहारीलाल और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन किए। विधायक शर्मा ने ब्रज के विरक्त संत पद्मश्री अलंकृत पूज्य रमेश बाबाजी के उत्तराधिकारी परम गौसेवी संत बृजशरण बाबाजी एवं अध्यात्म जगत के अलौकिक तेजस्वी संत बाबा विनोद बिहारी दास महाराज से आशीर्वाद लिया।










## युवा और महिला वर्ग को सरकार देगी सौगातें : भजनलाल शर्मा

### राजस्थान दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों में विभिन्न वर्ग होंगे लाभान्वित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान दिवस (30 मार्च, 2025 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) को लेकर राज्य सरकार बड़े स्तर पर प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लिए कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सुशासन के जरिए विकसित राजस्थान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए युवा, किसान, महिला और गरीब वर्ग को विभिन्न सौगातें देगी।

शर्मा ने कहा कि राजस्थान के युवाओं के सरकारी नौकरियों में रोजगार के सपने को साकार करते हुए रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला मुख्यालयों पर रोजगार मेला भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्किल नीति व युवा नीति भी लाई जाएगी, जिससे युवाओं के सपने साकार हो सकेंगे। सभी जिला मुख्यालयों पर 'रन फॉर फिट राजस्थान' का आयोजन होगा।

### महिला सशक्तिकरण को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता से अहम निर्णय ले रही है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में महिला वर्ग को भी विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत डीबीटी की जाएगी तथा महिला समूह को सी.आई.एफ राशि का हस्तांतरण भी किया जाएगा। साथ ही विवेकानंद स्कॉलरशिप योजना के तहत राशि हस्तांतरण एवं कालीबाई भील योजना के अंतर्गत स्कूटी वितरण किया जाएगा।

## मालवीय नगर ब्लॉक में कांग्रेस संगठन को करेंगे मजबूत




**जयपुर (मसं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के मालवीय नगर ब्लॉक में कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मालवीय नगर विधानसभा प्रभारी हेमंत यादव, जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री सीताराम नेहरू, समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष मालवीय नगर विधानसभा प्रत्याशी डॉ. अर्चना शर्मा, मालवीय नगर जयपुर शहर कांग्रेस प्रभारी मंसूर आलम, सी-स्कीम ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता फौजदार शामिल हुए। मालवीय नगर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चंद्र गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रभारी हेमंत यादव ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया और कहा सभी एक साथ मिलकर काम करें।

## कर्मचारी महासंघ का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जयपुर (मसं)।** अपनी 17 सूत्री मांगों के समर्थन में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। इस प्रदर्शन में महासंघ से संबद्ध विभिन्न घटक संगठनों के प्रदेश एवं जिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अपराह्न 3 बजे महासंघ जिलाध्यक्ष केके यादव सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।



यहां कर्मचारियों की ओर से नारेबाजी के साथ विरोध जूलुस निकाला गया। प्रदर्शन में शामिल हुए संरक्षक सियाराम शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र राना, मुख्य महामंत्री नवीन शर्मा, महामंत्री विपिन शर्मा एवं प्रमुख सलाहकार शशि भूषण शर्मा ने कहा कि राज्य के सभी विभागों में कार्यरत 6 लाख से अधिक नियमित एवं लगभग तीन लाख अनियमित कर्मचरियों की समस्याओं का समय रहते समाधान के लिए राज्य सरकार को सजग होना होगा। 10 साल से कमेटियों के मकड़ जाल में नियमित कार्मिकों की वेतन विसंगति समस्या पूर्व सरकार की ओर से गठित खेमराज कमेटी की नकारात्मक रिपोर्ट से समाधान की जगह उलझ गई है, जबकि देश में आठवां वेतन आयोग आने को है। गत 10 साल से एसीपी सात, चौदह, इक्कीस, अट्ठाइस वर्ष की मांग पूरी नहीं हो पाई।

### मनमानी फीस वसूली से परेशान अभिभावक, नहीं दिखता कानून का असर

# एक्ट के बाद भी स्कूलों में हो रही है लूट!



जयसिंह गौड़

**जयपुर।** स्कूल यूनिफॉर्म, किताबों और अन्य खर्चों के नाम पर निजी स्कूलों की मनमानी लूट से अभिभावकों को राहत देने के लिए सरकार ने कानून लागू भले ही कर दिया, लेकिन इसकी पालना कहीं होती नजर नहीं आ रही है। हर साल की तरह इस बार भी निजी स्कूलों में मनमानी फीस, स्कूल द्वारा निर्धारित दुकान से ही यूनिफॉर्म और किताबें खरीदने की बाध्यता एवं अन्य मनमाने नियम लागू किए जा रहे हैं। सरकार शिकायत पर कार्रवाई करने की बात तो कहती है, लेकिन बच्चों को होने वाली परेशानी को देखते हुए अभिभावक शिकायत करने भी नहीं जा पाते। ऐसे में स्कूलों की मनमानी बदस्तूर जारी है।

## कैसे-कैसे चार्जेज लगते हैं

### पांच किमी के लिए 26 हजार परिवहन शुल्क

मोटी फीस के साथ ही इन स्कूलों में अन्य चार्जेज भी जोड़ दिए जाते हैं। वैशाली नगर स्थित एक प्रतिष्ठित स्कूल में ट्रांसपोर्ट के नाम पर ही सालाना 26 हजार रुपए न्यूनतम अभिभावकों से वसूले जा रहे हैं। यह सिर्फ 5 किमी तक के लिए हैं। अभिभावकों के लिए इसे दो किस्तों में दिया जा सकता है। यह ट्रांसपोर्ट फीस भी सबसे कम वाले स्लैब में है, बाकि स्लैब इससे ऊपर हैं।

### पहली कक्षा के बच्चों की किताबें साढ़े छह हजार की

प्रताप नगर क्षेत्र के एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पहली क्लास के स्टूडेंट के स्टडी मैटेरियल ही 6,600 रुपए का है, जबकि नर्सरी में यह 5,500 रुपए का है। हायर क्लास के लिए तो पाठक खुद ही समझ सकते हैं कि यह बढ़कर कितनी हो सकती है।

### पहली कक्षा के बच्चों की यूनिफार्म साढ़े पांच हजार की

इसी प्रकार झोटवाड़ा क्षेत्र के एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पहली कक्षा के विद्यार्थी की यूनिफार्म फीस ही 5,500 रुपए है। यह सिर्फ गर्मी के लिए है। सर्दी के मौसम के लिए फिर से 5,500 की फीस के साथ आपको इसी स्कूल से विंटर ड्रेस खरीदनी है।

### स्कूल फीस एक्ट

अभिभावकों की ओर से लगातार विरोध और परेशानी के चलते भाजपा की वसुंधरा राजे सरकार के समय वर्ष 2016-17 में स्कूल फीस एक्ट लाया गया। इसमें अभिभावकों को राहत देने के लिए कई प्रावधान किए गए। इसमें स्कूल फीस के निर्धारण के साथ अभिभावकों की सहभागिता को भी शामिल किया गया। इस एक्ट के विरोध में कई स्कूल खड़े हो गए थे।

### सुप्रीम कोर्ट का निर्णय

एक्ट के विरोध में सभी प्राइवेट स्कूल वाले सुप्रीम कोर्ट गए। कोर्ट का निर्णय 3 मई 2021 को अभिभावकों के पक्ष में आया और कई प्रावधान किए गए, जिसमें अभिभावकों को स्कूल में फीस रेगुलेशन कमेटी में शामिल करना और प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत तक फीस बढ़ाने की छूट दी गई। स्कूलों को फीस का 70 प्रतिशत लेने को कहा गया है। जबकि पूरी फीस 6 किस्तों में लेने का नियम बनाया गया।

### स्कूल स्तरीय फीस कमेटी क्या है?

राजस्थान स्कूल (फीस का नियमन) अधिनियम, 2016, प्रत्येक स्कूल में स्कूल स्तरीय फीस कमेटी बनाने का प्रावधान करता है। यह कमेटी स्कूल प्रबंधन के साथ माता-पिता और शिक्षकों के प्रतिनिधियों से मिलकर बनाई जाती है।

### फीस रेगुलेशन कमेटी में क्या है

एक्ट के तहत हर स्कूल को फीस रेगुलेशन कमेटी का गठन करना है। इस कमेटी में स्कूल संचालकों के अलावा दो पैरेंट्स का होना जरूरी है। पैरेंट्स का चयन स्कूल संचालक अपने स्तर पर नहीं, बल्कि लॉटरी के आधार पर करेंगे। हर नए सत्र में पैरेंट्स की भागीदारी पारदर्शी तरीके से होगी। बड़ी संख्या में निजी स्कूलों ने ऐसी कोई कमेटी बनाई ही नहीं है। बनाई है तो महज कागजों तक सीमित है।



"दुर्भाग्य है कि कुछ तथाकथित बड़े स्कूल सीबीएसई के नाम पर पेरेंटस से भारी लूट कर रहे हैं, जबकि आपके एरिया में ही कम फीस में उनसे बेहतर अच्छे स्कूल बराबर की शिक्षा दे रहे हैं। पहली कक्षा का स्टडी सेट ही 6000 रुपए होना तो लूट ही है। ऐसे स्कूलों से अपने बच्चों को निकालकर अच्छे बजट वाले पास के स्कूल में पढ़ाएं, जिससे कमीशनखोरी भी खत्म हो।

*- अनिल शर्मा, स्कूल शिक्षा परिवार*

## अभिभावकों का कहना है...



**बच्चे** को स्कूल में भेजा था कि खेलकूद के साथ पढ़ाई करेगा तो शिक्षा के साथ स्वास्थ्य की भी रक्षा होगी, लेकिन स्कूल प्रशासन तो फीस, ड्रेस, स्टडी मैटेरियल और अन्य खर्चों के अलावा कोई बात नहीं करता है। ये खर्चे बहुत ज्यादा हैं।

*- नितिन सिंह, नर्सरी कक्षा के छात्र के अभिभावक*



**इतने** छोटे बच्चों की ट्रांसपोर्ट फीस ही कम से कम 26000 रुपए है तो अन्य खर्चों के बारे में सोचा जा सकता है। हमारी समस्या यह होती है कि इन स्कूलों की बस में सुरक्षा का विश्वास होता है।

**- मूलचंद, पहली कक्षा के छात्र के अभिभावक**



मोटी फीस के बाद ड्रेस और स्टडी मैटेरियल इस प्रकार का रखा है, जो उसी स्कूल से मिल सकता है। वह भी मोटे खर्चे के बाद। इस पर भी सर्दी का अलग खर्च और गर्मी का अलग खर्च

*- कृतिका, अभिभावक*



इन सबके बाद एनुअल फंक्शन के साथ अन्य खर्च सहा नहीं जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है, जब बच्चा एक नोट बुक या डायरी फाड़ दे या गुम हो जाए तो स्कूल प्रशासन का जवाब होता है पूरा सेट खरीदना होगा। ये तो खुली लूट है।

*- प्रताप सिंह, अभिभावक*

### सरकार का कथन



फीस रेग्यूलेटिंग एक्ट के तहत सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि शिकायत आने पर वे कार्यवाही जरूर करें।

**- कृष्ण कुणाल, शिक्षा शासन सचिव**



हमारी लड़ाई अभिभावकों के लिए सदा रहेगी, क्योंकि एक्ट के बाद भी स्कूलों की ओर से फीस के साथ अन्य मदों में मनमानी वसूली चल रही है। शिक्षा विभाग ने एक्ट आने के बाद दस स्कूलों पर कार्यवाही का दिखावा भर किया था, लेकिन ठोस रूप में कुछ नहीं हुआ।

**- अभिषेक जैन बिटट्टू, संयुक्त अभिभावक संघ**

## खाटूश्यामजी मेले के लिए चलाईं 250 स्पेशल बसें, ढाई लाख से ज्यादा लोगों ने किया सफर

### राजस्थान रोडवेज ने दी आमजन को सुरक्षित यात्रा की सुविधा




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने खाटूश्यामजी मेले के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं कीं। निगम की ओर से 7 से 11 मार्च तक लगभग 250 मेला स्पेशल बसें संचालित कर प्रदेश की जनता को यात्रा की सुविधा प्रदान की गई। इन विशेष बसों के माध्यम से निगम ने 3.92 लाख किलोमीटर का संचालन किया, जिससे कुल 220.57 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया गया। इस अवधि में लगभग 2.80 लाख यात्रियों को सुरक्षित यात्रा की सुविधा दी गई।

### पिछले साल 1.92 लाख यात्रियों ने की यात्रा

रोडवेज अधिकारियों के अनुसार गतवर्ष की तुलना में निगम ने इस बार अधिक वाहनों का संचालन किया और यात्रा के दौरान यात्रियों की संख्या भी बढ़ी। पिछले वर्ष निगम ने 3.40 लाख किलोमीटर का संचालन कर 185.10 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया था और लगभग 1.92 लाख यात्रियों ने यात्रा की थी। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि रोडवेज की मेला स्पेशल बसों ने यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की सुविधा प्रदान कर बड़ी राहत प्रदान की, जिससे मेले का अनुभव और भी बेहतर हो गया।

## पूर्व मंत्री शांति धारीवाल व महेश जोशी सहित छह को दुबारा नोटिस जारी

### हाईकोर्ट द्वारा भेजे गए नोटिस नहीं हुए तामील

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने राजस्थान विधानसभा में तत्कालीन स्पीकर द्वारा कांग्रेस के तत्कालीन 81 एमएलए की ओर से 25 सितंबर 2022 को दिए इस्तीफों पर निर्णय नहीं करने और 113 दिन देरी से इन्हें अस्वीकार करने के मामले में पूर्व मंत्री शांति धारीवाल सहित छह को नोटिस की तामील नहीं होने पर उन्हें पुनः नोटिस जारी करने को कहा है। अदालत ने जिन अन्य को नोटिस के लिए कहा है उनमें महेश जोशी, रफीक खान, महेंद्र चौधरी, रामलाल जाट व संयम लोढ़ा शामिल हैं। जस्टिस इंद्रजीत सिंह व प्रमिल कुमार माथुर की खंडपीठ ने यह आदेश भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ की जनहित याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान राठौड़ की ओर से अदालत को बताया गया कि मामले में शांति धारीवाल सहित जिन नेताओं को पक्षकार बनाया था, उन्हें नोटिस की तामील नहीं हो पाई है। इसलिए इन्हें नए सिरे से नोटिस जारी किए जाएं। इस पर खंडपीठ ने धारीवाल सहित 6 को नोटिस जारी किए। पिछली सुनवाई पर याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया था कि तत्कालीन 75 एमएलए का कहना है कि उन्होंने स्वेच्छा से इस्तीफों पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं तो स्पीकर को इस्तीफा सौंपने वाले छह एमएलए शांति धारीवाल, महेश जोशी, संयम लोढ़ा, रफीक खान, महेंद्र चौधरी व रामलाल जाट से यह पूछना चाहिए कि उनके पास बाकी 75 एमएलए के इस्तीफे कहां से आए। यदि इस्तीफा स्वेच्छा से दिया है तो स्पीकर को उसे मंजूर करना चाहिए था। मामले से जुड़े अधिवक्ता हेमंत नाहटा ने बताया कि राठौड़ ने संशोधित याचिका में हाईकोर्ट से तत्कालीन 81 एमएलए द्वारा 25 सितंबर 2022 से वेतन-भत्तों के तौर लिए करीब 18 करोड़ रुपए के लिए भी उचित आदेश देने का आग्रह किया है। वहीं यह भी आग्रह किया है कि स्पीकर के समक्ष पेंडिंग इस्तीफों को तय करने की अवधि के लिए हाईकोर्ट दिशा-निर्देश तय करे, ताकि भविष्य में विधानसभा स्पीकर तय अवधि में इस्तीफों पर निर्णय कर सकें।

### खेत से 11 हजार केवी की तीन लाइनें डालने पर कलेक्टर सहित अन्य से मांगा जवाब

हाईकोर्ट ने किसान के खेत से 11 हजार केवी की तीन हाई वोल्टेज बिजली की लाइनें डालने पर झुंझुनूं कलेक्टर और अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश तोगड़ा कलां निवासी रायसिंह की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता हिमांशु ठोलिया ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता के खेत से 11 हजार केवी की दो हाई वोल्टेज बिजली की लाइनें डाली गई थीं। वहीं अब पड़ोसी किसान को कनेक्शन देने के लिए एक और 11 हजार केवी की लाइन उसके खेत से डाली जा रही है। इन तीन हाई वोल्टेज लाइनों के चलते याचिकाकर्ता और उसके परिवार के लोगों पर सदैव जान-माल का खतरा बना हुआ है। याचिका में कहा गया कि बिजली कनेक्शन लेने वाले अन्य किसान ने याचिकाकर्ता के खेत के अलावा अन्य जगह से कनेक्शन देने का प्रार्थना पत्र दे रखा है। ऐसे में याचिकाकर्ता के खेत से 11 हजार केवी लाइन को हटाया जाए।

## विद्युत कंपनियों में निजीकरण के खिलाफ कर्मचारी एकजुट, 16 को करेंगे विरोध-प्रदर्शन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति (कर्मचारी, अधिकारी एवं अभियंता मंच) की बैठक मंगलवार को पुराना पावर हाउस परिसर स्थित संगठन कार्यालय में हुई। इसमें सभी ने एकजुट होकर 16 अप्रेल को प्रदेशस्तरीय विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। बैठक में कर्मचारियों ने बिजली कंपनियों में विभिन्न मॉडल के नाम पर किए जा रहे निजीकरण को लेकर संघर्ष समिति पदाधिकारियों के साथ हुई वार्ता पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होने पर विरोध जताया और आंदोलन की रणनीति बनाई। समिति से जुड़े यतेन्द्र कुमार ने बताया कि 2 अप्रेल को सभी उपखंडों पर कार्य बहिष्कार करते हुए उपखंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, सहायक अभियंता के माध्यम से एसीएस ऊर्जा को ज्ञापन दिया जाएगा। इसके बाद 7 अप्रेल को सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और अधीक्षण अभियंता के माध्यम से एसीएस ऊर्जा को निजीकरण के विरोध में ज्ञापन देंगे। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि 16 अप्रेल को जयपुर मुख्यालय पर प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। यदि फिर भी कर्मचारियों की सुनवाई नहीं होती है तो आंदोलन करेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : जेईसीआरसी फाउंडेशन ने दिया महिला सशक्तिकरण और समानता का संदेश

# प्रतिस्पर्धी के बजाय एक-दूसरे की सहयोगी बन आगे बढ़े महिलाएं : गौतम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेईसीआरसी फाउंडेशन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। यह ना केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने का अवसर बना, बल्कि उनकी असाधारण कहानियों को भी उजागर किया, जिन्होंने समाज में बदलाव की अलख जगाई। इस मौके पर डीसीपी तेजस्विनी गौतम और सॉन्डरकनेक्ट की फाउंडर एवं माइक्रोसॉफ्ट फॉर स्टार्टअप्स रीजन की पूर्व एमडी लाथिका पाई ने संबोधित किया। जेईसीआरसी कॉलेज के प्रो. वीके चंडना (प्रिंसिपल) ने महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व और उनके समाज में योगदान पर जोर दिया। उन्होंने स्वतंत्रता से पहले और बाद में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

डीसीपी तेजस्विनी गौतम ने महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और समानता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पितृसत्ता का विपरीत मातृसत्ता नहीं, बल्कि समानता है और प्रोफेशनल फील्ड में भेदभाव को बदला जा सकता है। उन्होंने महिलाओं से एक-दूसरे की सहयोगी बनने का आह्वान किया और रूढ़िवादी धारणाओं को तोड़ते हुए अपनी पहचान खुद बनाने के लिए प्रेरित किया। लाथिका पाई ने महिलाओं के कॅरियर और स्टार्टअप्स में नई संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि व्यावसायिक कौशल, संकट प्रबंधन, स्पष्ट उद्देश्य और असफलताओं से सीखने की क्षमता किसी उद्यमी को अलग बनाती है। सॉन्डरकनेक्ट के माध्यम से उन्होंने 165 महिला उद्यमियों का मार्गदर्शन किया। उनका कहना था कि एक सफल स्टार्टअप सिर्फ एक आइडिया पर नहीं, बल्कि सही कौशल, मेहनत और सकारात्मक सोच पर आधारित होता है।



### महिलाओं को किया सम्मानित

समारोह में 60 महिलाओं को उनके अद्वितीय योगदान और उपलब्धियों के लिए जेईसीआरसी ट्रेलब्लेजर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन अर्पित अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को सशक्तिकरण की नहीं, बल्कि अपने हक और पहचान को पूरी तरह जानने की जरूरत है। जेईसीआरसी फाउंडेशन का यह प्रयास महिलाओं के योगदान को न सिर्फ सराहने का मंच बना, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने और अपनी ताकत को पहचानने की प्रेरणा भी दी।

# चूंधी नदी में खनन माफियाओं का जोर

## धार्मिक महत्व की नदी को भी खोद डाला

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** जिले में खनन माफियां राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण के चलते बेखौफ नजर आ रहे हैं। खनन माफिया न तो आवासीय कॉलोनियों को ब्रख्श रहे, ना ही नदियों को। नदियों में से अवैध रूप से पत्थर निकालने का बड़ा मामला सामने आया है। इसके बावजूद जिला प्रशासन और खनिज महकमा चुप्पी साधे है, जिससे खनन माफियों के हौसले बुलंद हैं।

जानकारी के अनुसार जैसलमेर में आराध्य चूंधी गणेश एक मात्र ऐसा चमत्कारी मंदिर है, जो नदी के बीच में स्थापित है। बरसात के दिनों में नदी के जल से इनका अभिषेक होता है। इस पवित्र काक नदी का पानी क्षेत्र के खडीनों में जाता है, जहां किसान चने और गेंहू की फसल लेता है। जल संरक्षण की अद्भुत खडी पद्धति पूरे भारत में सिर्फ जैसलमेर में है। चूंधी की काक नदी का तल पथरीला है। फिलहाल नदी सूखी है। यह पत्थर उच्च श्रेणी का माना जाता है। खनन माफियों की नजर अब काक नदी के पत्थरों पर पड़ी है, जिसके चलते इन दिनों काक नदी में पत्थरों का जमकर अवैध खनन हो रहा है, जिसकी सूचना खनिज विभाग के अभियंता को कई मर्तबा दी गई, मगर विभाग कार्यवाही करने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा है। सूत्रों के अनुसार खनन माफियाओं को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है, इसलिए उन्हें किसी का खौफ नहीं है।

गौरतलब है कि नदी में अवैध खनन के चलते मानसून के समय होने वाली बरसातों में इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा और पूरा बहाव क्षेत्र खत्म हो जाएगा। खनन माफियों द्वारा काक नदी के तल से पत्थर निकालने का क्रम जारी है। समय रहते इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो नदी का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व की इस वेदकालीन नदी का जिले में बड़ा धार्मिक महत्व भी है।



### 1400 साल पुराना है नदी के बीच मंदिर

जैसलमेर शहर से 12 किमी दूर चूंधी गांव में भगवान गणेश का मंदिर है। मान्यता है कि यहां हर मन्नत पूरी होती है। बताया जाता है कि मंदिर 1400 साल पुराना है। काक नदी के बरसाती वेग से गणेश भगवान की मूर्ति प्रकट हुई थी। दशकों से यहां पूजा अर्चना की जा रही है। बारिश के दिनों में काक नदी का पानी इस मंदिर में मूर्ति का जलाभिषेक करते हुए निकलता है। इसके बाद भी प्रतिमा का स्वरूप नहीं बदला है। मंदिर बहुत प्रसिद्ध है और हर बुधवार को यहां भक्तों की भीड़ लगती है।

वतन वापसी से पहले प्रवासी पक्षी की गई जान, देगराय ओरण इलाके में हुआ हादसा

# देगराय ओरण में करंट से हिमालयन ग्रिफॉन गिद्ध की मौत

महानगर संवाददाता



**जैसलमेर।** जिले के देगराय ओरण इलाके में मंगलवार को एक प्रवासी पक्षी गिद्ध की हाइटेंशन लाइन से टकराकर मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पर्यावरण प्रेमी सुमेरसिंह सावंता मौके पर पहुंचे और वन विभाग को सूचना दी। सुमेर सिंह ने बताया कि देगराय ओरण इलाके के छोड़िया गांव की सरहद पर एक प्रवासी हिमालयन ग्रिफॉन गिद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। गिद्ध हाइटेंशन लाइनों की चपेट में आया और मौके पर ही करंट लगने से दम तोड़ दिया। सुमेर सिंह ने बताया कि देगराय ओरण इलाके में इन दिनों प्रवासी पक्षियों के वतन वापसी का समय चल रहा है, लेकिन इससे पहले ही गिद्ध की दर्दनाक मौत से सभी पक्षी प्रेमी दुखी है।

उन्होंने बताया कि इस इलाके से गुजर रही हाइटेंशन लाइनों को भूमिगत कराने की मांग लगातार उठ रही है, मगर प्रशासन इसकी तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। सरकार की बेरुखी और प्रवासी पक्षियों की लगातार हो रही दर्दनाक मौतों से पक्षी इस इलाके को छोड़ देंगे, तो पर्यावरण संतुलन ही बिगड़ जाएगा। सुमेर सिंह ने सरकार को इस तरफ ध्यान देने की मांग की है।

गौरतलब है कि दुर्लभ प्रजाति के गिद्ध सर्दी के मौसम में हिमालय से जैसलमेर पहुंचते हैं। ये गिद्ध अक्टूबर के अंतिम हफ्ते व नवंबर के पहले सप्ताह तक यहां पहुंचते हैं और फरवरी तक यहीं रहते हैं। इस बार भी हिमालयन ग्रिफॉन के साथ अन्य प्रजातियों के गिद्धों ने जिले में डेरा डाला है। झुंड के रूप में अलग-अलग प्रजाति के 200 से अधिक गिद्ध यहां पहुंचे हैं। इनमें से कुछ संकटग्रस्त प्रजाति के भी गिद्ध हैं, जो पर्यावरण को शुद्ध रखने में काफी मददगार होते हैं। मृत जानवरों का सेवन कर प्रदूषण फैलने से रोकते हैं और पर्यावरण शुद्ध रहता है। ये महीना उनके वतन वापसी का समय है, मगर इस समय गिद्ध कि मौत से सभी दुखी है।

# टीबी मुक्त अभियान के तहत निकाली जन जागरूकता रैली



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए जिले सहित प्रदेश भर में अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल ने स्वास्थ्य भवन से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली स्वास्थ्य भवन से जिला अस्पताल, भैरू दरवाजा व मुख्य बाजार से आमजन को नारे और पोस्टर्स के माध्यम से जागरूक करते हुए निकली। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुधीन्द्र कुमार शर्मा, प्रिंसीपल सैयद बालिग अहमद, बीएससी नर्सिंग व एएनएम ट्रेंनिग सेंटर के छात्र छात्राएं व कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहे।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जिला और ब्लॉक स्तर पर आमुखीकरण व स्टेकहोल्डर्स कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। टीबी रोगियों को तंबाकू छोड़ने के लिए काउंसलिंग की जा रही है। स्कूलों में भाषण प्रतियोगिताएं, ग्राम पंचायत स्तर पर नारा लेखन और रैलियां व गांव-गांव और घर-घर नारा लेखन किया जा रहा है। निक्षय मित्रों के जरिए पोषण किट दिए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। जिले के अधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स के जरिए भी जागरूकता फैलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि टीबी पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है। मरीज चिकित्सक के बताए अनुसार दवा ले और परहेज करे तो यह जल्दी ठीक हो सकती है। टीबी छह माह में ठीक हो सकती है। इसके लिए सावधानी और जागरूकता जरूरी है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद करें। प्राइवेट सेक्टर, जनप्रतिनिधि, एनजीओ, संस्थाएं और राजनीतिक दल इस अभियान में सहयोग कर सकते हैं। निक्षय मित्रों को गोद लिए गए टीबी रोगियों को छह माह तक हर महीने पोषण किट देनी होती है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवतियों की हुई जांच

**सवाई माधोपुर।** जिले में मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच व निजी सोनोग्राफी केंद्रों पर निशुल्क सोनोग्राफी की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि मां वाउचर योजना के तहत प्रत्येक गर्भवती को निशुल्क सोनोग्राफी जांच उपलब्ध करवाई जा रही है। गर्भवती महिला अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी पंजीकृत सोनोग्राफी केन्द्र पर जांच करवा सकती है। गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच कर वजन, ऊंचाई, पेट की जांच, खून की जांच, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, शुगर, एचआईवी, सिफलिस, हृदय स्पंदन, यूरिन, सोनोग्राफी आदि जांच कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध करवाई गई। चिकित्सकों द्वारा विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवतियों की जांच के साथ ही गर्भावस्था के दौरान किसी भी गर्भवती में जटिलता पाए जाने पर उच्च संस्थानों पर भी रेफर किया गया। साथ ही चिकित्सकों ने गर्भावस्था में आने वाली जटिलताओं के बारे में जागरूक किया। सभी को भोजन की अच्छी आदतों को अपनाने, पोषक तत्वों युक्त भोजन करने, हरी सब्जियों, फलों, आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने की संबंधी जानकारी दी गई।



# शीतला माता मेले में 4 साल बाद लगेंगे झूले-चकरी



- विधायक बैरवा के प्रयास रंग लाए
- महानगर टाइम्स की खबर का हुआ असर

महानगर संवाददाता

**चाकसू।** शीतलाष्टमी पर चाकसू में लगने वाले शीतला माता के ऐतिहासिक मेले में इस बार मनोरंजन के साधन झूले-चकरी, मौत का कुआं का यहां आने वाले लोग लुत्फ उठा सकेंगे।

गौरतलब है कि इस संदर्भ में महानगर टाइम्स में खबर प्रकाशित की गई थी, जिस पर विधायक रामवतार बैरवा ने एक्शन लेते हुए तत्काल अधिकारियों की मीटिंग आयोजित कर मेले में लगने वाले मनोरंजन के साधन व अन्य दुकानदारों को तत्काल प्रभाव से परमिशन जारी करने को कहा। विधायक बैरवा के प्रयास से शीतला माता के मेले में करीब 4 साल बाद श्रद्धालुओं व बच्चों एवं युवाओं के मनोरंजन के साधन भी देखने को मिलेंगे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ने बताया कि 20 मार्च को रांधा पुआ व 21 मार्च को शीतलाष्टमी का मेला लगेगा। मेले को लेकर मन्दिर कमेटी ने लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।



### इनका कहना है ...

विधायक बैरवा ने कहा कि अधिकारियों को साफ निर्देश दिया गया है कि मेले में लगनी वाली किसी भी दुकान व मनोरंजक के साधनों को तत्काल परमिशन दें।

# गांव चांदावास को नवीन ग्राम पंचायत बनाने की मांग



## पंचायतों के चल रहे पुनर्गठन को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड की ग्राम पंचायत हेंमल्या वाला के गांव चांदावास के दर्जनों ग्रामीणों ने उपखंड मुख्यालय पहुंच उपखंड अधिकारी बद्रीलाल मीणा को ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि इन दिनों पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर गांवों के लोग लामबंद बंद हो रहे हैं। अपने-अपने गांव को नवीन ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाने को लेकर सरकार को ज्ञापन सौंप कर मांग कर रहे हैं। गांव चांदावास के दर्जनों ग्रामीणों ने भी मंगलवार को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर ग्राम चांदावास को नवीन ग्राम पंचायत बनाए जाने की मांग की। इस दौरान रामलाल मीणा, रामसहाय मीणा, कजोड़मल मीणा, हरसहाय मीना, मोहनलाल मीणा, कन्हैयालाल मीणा, राम सिंह, राजू लाल, रमेश मीणा, जगदीश मीणा, हंसराज सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# राज सखी मेला 19 से 25 तक

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के निर्मित उत्पादों का होगा प्रदर्शन

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिला प्रशासन एवं राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद सवाई माधोपुर की ओर से प्रदेश की विविधता, लोक कलाओं और संस्कृति का रंग रंगीला उत्सव राज सखी मेला-2025 का आयोजन 19 से 25 मार्च तक इन्द्रा मैदान में किया जाएगा। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा 19 मार्च को सायं 5 बजे किया जाएगा। जिला परियोजना प्रबंधक राजीविका डॉ. सरोज बैरवा ने बताया कि राज सखी मेले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित ब्लैक पोटरी, मिट्टी के बर्तन, हैंडीक्राफ्ट, पेंटिंग, कपड़े, डेकोरेशन, लाख की चूड़ियां, फैन्सी स्टोर, मूर्तियां सहित अनूठे उत्पादों की 60 से अधिक स्टॉल्स लगाकर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। राज सखी मेला-2025 का आयोजन प्रतिदिन प्रातः10 से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा।

## आज रहेगी तीन घंटे विद्युत कटौती

**चाकसू (मसं)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. कार्यालय सहायक अभियंता चाकसू रामावतार बैरवा ने बताया कि जयपुर डिस्कॉम चाकसू के अधीन आने वाले 220 के.वी. सब स्टेशन राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड कोर्ट के सामने चाकसू पर आवश्यक मरम्मत/रख-रखाव कार्य होने के कारण 33/11 केवी सबस्टेशन शिवदासपुरा, कादेड़ा, आकोड़िया से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडरों के क्षेत्राधीन आने वाले गांवों/क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक बन्द रहेगी।

## पहचान पोर्टल पर 20 व 21 मार्च को सेवाएं रहेंगी बंद

**सीकर (मसं)।** आर्थिक एवं सांख्यिकी उप निदेशक डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि पहचान पोर्टल को भामाशाह स्टेट डाटा सेंटर पर 20 मार्च से 21 मार्च 2025 को माइग्रेट किया जाएगा, जिसके कारण जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित समस्त सेवाएं इन दो दिवस के लिए पूर्णतया बंद रहेगी एवं जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा सकेंगे।

# मंदिर पर नगर परिषद की कार्रवाई का विरोध

## लोग बोले- सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश, अधिग्रहण के बोर्ड लगाए

महानगर संवाददाता

**सीकर।** सीकर के खारिया का मोहल्ला स्थित हनुमानजी मंदिर में नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा अवैध बोर्ड लगाने के विरोध में ग्रामीणों ने नगर परिषद में विरोध-प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मंदिर व जमीन रिकॉर्ड में हनुमानजी के मंदिर के नाम से दर्ज हैं और इसके सभी डाक्यूमेंट्स भी हैं। इसके बावजूद नगर परिषद इसे अपने अधिकार में लेना चाहती है।

बजरंग दल सीकर के जिला मंत्री शिवप्रकाश ने बताया कि शहर के वार्ड नंबर-40 में खारिया का मोहल्ला स्थित हनुमानजी का प्राचीन मंदिर है। स्थानीय लोगों के पास इस मंदिर के प्रमाण है और डॉक्यूमेंट भी हैं। नगर परिषद ने सौहार्द्र बिगाड़ने के लिए मंगलवार सुबह मंदिर पर अपने अधिकार के बोर्ड लगवा दिए, जो गलत है। मंदिर की यह जमीन नगर परिषद के अंडर में नहीं आती, लेकिन नगर परिषद कुछ प्रभावशाली लोगों के प्रभाव में आकर जमीन को अपने कब्जे में करना चाहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा की गई यह कार्रवाई निंदनीय है। हालांकि, नगर परिषद ने इस पर कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन दिया है और बोर्ड हटाने को कहा है।



# राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बने गोपाल शर्मा

महानगर संवाददाता

**सीकर।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष केसरीचंद शर्मा की अनुशंसा पर युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रामानुज शर्मा ने पार्षद गोपाल शर्मा को राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। गोपाल शर्मा ने बताया कि उनका लक्ष्य जिले के, समाज हित में सदैव तैयार रहना है। धर्माचार्य सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा, ललित मिश्रा सांगलिया, शिवभगवान नागा, रवि प्रसाद शर्मा, अंकुर बहड़, दीपक मिश्रा, रवि प्रधान, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष रविकांत तिवाड़ी, सुरेश पारीक सहित सर्व समाज के लोगों एवं संगठनों ने गोपाल शर्मा को बधाई दी।



# एमएसपी पर खरीद शुरू करने की मांग, सौंपा ज्ञापन





महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** किसान महापंचायत ने श्रीमाधोपुर के उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर सरसों की खरीद समर्थन मूल्य पर खरीद चालू करवाने की मांग की।

महापंचायत के प्रदेश महामंत्री सुंदर भावरिया के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में लिखा है कि राजस्थान सबसे बड़ा सरसों उत्पादक प्रदेश है। लगभग 48 प्रतिशत सरसों का उत्पादन राजस्थान में होता है। 15 फरवरी को नई पैदावार बाजार में बिकने के लिए आने लगती है, जिसको लेकर कई बार किसान सरकार से समर्थन मूल्य पर खरीद चालू करने की मांग कर चुका है, लेकिन आज तक समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू नहीं नहीं की गई।

मंडियों में सरसों न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम कीमत पर बिक रही है। किसानों को प्रति क्विंटल 600 रुपए से अधिक का नुकसान हो रहा है। महापंचायत ने कृषि उपज मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य से ही नीलामी बोली शुरू करने, तौल केंद्रों पर छंटाई, छनाई व तेल अंश की मात्रा नापने के उपकरण निशुल्क उपलब्ध करवाने, किसानों से गिरदावरी की नकल मांगना बंद करने, ग्राम सेवा सहकारी समितियां में स्थाई खरीद केंद्र बनाने, प्राकृतिक आपदा में नष्ट हुई फसलों की क्षतिपूर्ति दिलाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत स्वीकृत राशि का तत्काल भुगतान करवाने, सिंचाई परियोजना के तहत सीकर, चूरू, झुंझुनूं जिलों में सिंचाई के लिए यमुना जल समझौते को धरातल पर लाने, सरसों तथा चना की खरीद तुरंत शुरू करने, एक दिन में एक किसान से 25 क्विंटल खरीद को बढ़ाकर 40 क्विंटल करने की मांग की है। समर्थन मूल्य पर खरीद चालू नहीं होने की स्थिति में किसान को अपनी उपज ओने-पोने दामों में बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है। साथ ही चेतावनी दी है कि शीघ्र ही समर्थन मूल्य पर सरसों खरीद चालू नहीं की गई तो किसान सरसों सत्याग्रह आंदोलन करने पर मजबूर होगा।

इस मौके पर प्रदेश मंत्री ज्ञानचंद मीणा, तहसील अध्यक्ष सीताराम यादव, बीरबल मीणा, सुभाष चंद्र समोता, ग्यारसी लाल महरिया, सुखराम समोता, मालीराम यादव, करण सिंह काजला, अशोक काजला, श्रवण लाल मीणा मौजूद रहे।

पुष्कर में दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर शुरू

# कार्यकर्ताओं को सिखाए चुनाव प्रबंधन एवं कुशल नेतृत्व के गुर

महानगर संवाददाता

**पुष्कर।** कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सर्वोदय संकल्प शिविर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बेहतर चुनाव प्रबंधन एवं कुशल नेतृत्व प्रबंधन के गुण सिखाए गए एवं उन्हें चूल्हे से नाता जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीबी यादव ने बताया कि शिविर का आयोजन पुष्कर स्थित गुर्जर धर्मशाला में किया गया है, जिसमें राजस्थान भर से 200 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। शिविर पूरी तरह गांधीवादी दर्शन एवं सादगी से परिपूर्ण रहा, जिसमें शीर्ष नेता कार्यकर्ता एवं स्थानीय सरकारों के जनप्रतिनिधि नीचे एक जाजम पर बैठकर प्रशिक्षण लिया।

शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय संगठन महासचिव कुणाल बनर्जी ने किया। शिविर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ, पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौर एवं अजमेर देहात अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड़ संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीबी यादव, हरियाणा से संगठन के महासचिव डॉ. सुनील पंवार, युवा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सीताराम लांबा ने विचारों का संघर्ष, राष्ट्र निर्माण, कांग्रेस विचारधारा एवं संविधान पर सत्र लिए। इंडियन स्कूल ऑफ डेमोक्रेसी के विशेषज्ञ द्वारा चुनावी प्रबंधन, बूथ प्रबंधन, राजनीति में नरेटिव निर्माण, जनता से कनेक्ट होने की आधुनिक तकनीक पर बारीकी से प्रकाश डाला गया।




शिविर में पीपीटी प्रेजेंटेशन एवं वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न सत्रों में बताया गया कि एक सशक्त पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से ही हम स्वराज के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस दिशा में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जन जन तक प्रचार प्रसार करना होगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आम जनता से चूल्हे का रिश्ता स्थापित करना होगा। यह तभी संभव है जब कार्यकर्ता अपने पूर्वाग्रह छोड़ेगा तथा अपने दिल में पीड़ित वर्ग की पीड़ा को अनुभव करने की ताकत हासिल करेगा।

संगठन के उपाध्यक्ष विकास बुड़ानिया, प्रभारी केशव त्रिपाठी, लालाराम नायक, अविनाश बोरोनिया ने शिविर का संयोजन किया। आरजीपीआर संगठन के जिला देहात जिला अध्यक्ष हरचंद खटाना एवं शहर जिला अध्यक्ष राजकुमार गर्ग, पुष्कर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय जोशी, अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवकुमार बंसल, महेश चौहान मामराज सेन, शक्ति सिंह रलावता ने प्रतिभागियों का स्वागत किया।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गिडानिया व झुंझुनूं की संयुक्त बैठक आज


महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गिडानिया और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी झुंझुनूं की संयुक्त बैठक बुधवार प्रातः 11 बजे कार्यालय माननगर, झुंझुनूं में आयोजित की जाएगी। बैठक में झुंझुनूं विधानसभा प्रभारी एवं पीसीसी सदस्य इस्लाम खान, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी व पंचायत समिति सदस्य अमित ओला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश सुंडा और कार्यकारी अध्यक्ष खलील बुडाना मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गिडानिया के अध्यक्ष सुमेर सिंह और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी झुंझुनूं के अध्यक्ष अजमत अली ने बताया कि बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी चुनावी रणनीति और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी।

**ग्रह-गोचर : ज्योतिष शास्त्र के नजरिए से इस साल का होगा बड़ा घटनाक्रम**

# शनि का मीन राशि में गोचर 29 को, ढाई साल इसी राशि में रहेंगे

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** शनि 29 मार्च से कुंभ राशि की अपनी यात्रा को छोड़कर मीन राशि में प्रवेश करेंगे। यहां पर ये आने वाले करीब ढाई वर्ष तक रहेंगे। ज्योतिष शास्त्र के नजरिए से यह बड़ा घटनाक्रम है, इसलिए इसे इस साल के सबसे बड़े राशि परिवर्तन के रूप में देखा जा रहा है। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेंद्र मिश्रा के अनुसार वैदिक ज्योतिष शास्त्र में शनि को क्रूर ग्रह माना जाता है। शनि अगर किसी जातक की कुंडली में अच्छे नहीं हैं तो जातक के जीवन में तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शनि सभी ग्रहों में सबसे मंद गति से चलने वाले ग्रह हैं। सभी ग्रहों में शनि ही ऐसे ग्रह हैं, जिनके पास साढ़ेसाती और ढैय्या है, लेकिन शनि हमेशा बुरे फल ही नहीं देते, बल्कि शनि अगर कुंडली में शुभ हैं तो जातक को रंक से राजा भी बना देते हैं। शनि कर्मफलदाता और न्यायाधीश हैं। ये व्यक्तियों को उनके कर्मों के आधार पर शुभ-अशुभ फल प्रदान करते हैं। शनिदेव को दंडित करने का अधिकार प्राप्त है, इसलिए इन्हें दंडाधिकारी का दर्जा प्राप्त है। शनिदेव मकर और कुंभ राशि के स्वामी हैं और यह तुला राशि में उच्च के और मेष राशि में नीच के होते हैं।

### शनि की चाल

वैदिक ज्योतिष में शनि को सबसे धीमी चाल से चलने वाला ग्रह माना गया है। शनि किसी एक राशि से दूसरे राशि में प्रवेश करने के लिए करीब ढाई साल का समय लेते हैं। शनि अभी अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में हैं और 29 मार्च को गुरु के स्वामित्व वाली राशि मीन में गोचर करने वाले हैं। शनि कुंभ राशि में ढाई वर्ष रहने के बाद मीन राशि में प्रवेश करेंगे।

### साल 2025 में शनि की साढ़ेसाती

शनि जब भी राशि गोचर करते हैं तो इसके साथ ही कुछ राशि पर शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या लग जाती है और कुछ पर खत्म हो जाती है। शनि की साढ़ेसाती साढ़े सात साल और ढैय्या ढाई वर्ष की होती है। शनि जब 29 मार्च को मीन राशि में प्रवेश करेंगे तो मकर राशि वालों पर चल रही साढ़ेसाती खत्म हो जाएगी वहीं, मेष राशि वालों पर साढ़ेसाती का पहला चरण शुरू हो जाएगा। इसके अलावा मीन राशि वालों पर साढ़ेसाती का दूसरा चरण और कुंभ राशि वालों पर साढ़ेसाती का अंतिम चरण शुरू हो जाएगा। अगर शनि की ढैय्या की बात करें तो धनु राशि पर ढैय्या शुरू हो जाएगी और वृश्चिक राशि पर खत्म हो जाएगी।

## दस दिवसीय स्वास्थ्य संवर्द्धन शिविर शुरू

**जयपुर (महानगर संवाददाता)।** गायत्री परिवार के स्वास्थ्य आंदोलन के अंतर्गत मंगलवार को चेतना केंद्र दुर्गापुरा पर यज्ञ, योग, आहार का स्वास्थ्य पर प्रभाव का अध्ययन करने के लिए 10 दिवसीय स्वास्थ्य संवर्द्धन शिविर का शुभारंभ हुआ। गायत्री परिवार राजस्थान जोन प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 25 परिजन भाग ले रहे हैं। यज्ञ, योग और सात्विक आहार का स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करने के लिए शिविर के प्रथम दिवस सभी परिजनों ने स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर के अंतिम दिन भी जांच कराई जाएगी। शिविर प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया कि बुधवार से शिविर में सुबह सूर्योदय के समय विशिष्ट वनौषधियों और देसी गाय के घी से यज्ञ किया जाएगा। उसके बाद यज्ञ की विशिष्ट धूम्र के वातावरण में प्राणायाम और आसनों का अभ्यास कराया जाएगा। सभी परिजनों को ग्रीन जूस, फल और निर्धारित सात्विक आहार कराया जाएगा।



## सनातनियों का अपमान नहीं सहेगा राजस्थान




**जयपुर (महानगर संवाददाता)।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा सनातनियों पर दिए गए कथित बयान के विरोध में परकोटा सनातन विचार, गुलाबी नगर के बैनर तले रामगढ़ मोड़ चौराहा पर डोटासरा का पुतला दहन किया गया। उपस्थित लोगों ने सनातनियों का अपमान नहीं सहेगा राजस्थान के नारे लगाए। पुतला दहन के बाद ब्रह्मपुरी थानाधिकारी को डोटासरा के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए ज्ञापन दिया गया।

## प्रोफेसर बनवारी लाल गौड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



**जयपुर (मसं)।** आयुष मंत्रालय के अधीन संचालित राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, नई दिल्ली की ओर से विज्ञान भवन में आयोजित वार्षिक दीक्षा एवं शिष्योपनयन संस्कार समारोह में प्रोफेसर वैद्य बनवारी लाल गौड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। गौड़ को यह अवॉर्ड भारत सरकार के आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने प्रदान किया। इस अवसर पर आयुष सचिव राजेश कोटेचा, भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग के अध्यक्ष जयंत देव पुजारी तथा राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ की शासी निकाय के अध्यक्ष वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा मौजूद रहे।

श्रीमन् गौरांग महाप्रभु जयंती महोत्सव

# भगवान अकारण करुणाकर, कामी-पापी पर भी करते हैं कृपा : वेणुगोपाल

महानगर संवाददाता





**जयपुर।** श्री माध्व गौड़ेश्वर मंडल की ओर से फाल्गुन पूर्णिमा से मनाए जा रहे श्रीमन् गौरांग महाप्रभुजी के 539वें जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में तालकटोरा कॉलोनी में हो रही श्रीमद्भगवद् कथा में व्यासपीठ से चैतन्य संप्रदायाचार्य वेणुगोपाल गोस्वामी महाराज ने गजेंद्र मोक्ष, राम जन्म और कृष्ण जन्म की कथा का श्रवण कराया।

गजेंद्र मोक्ष के प्रसंग में उन्होंने कहा कि व्यक्ति जब सुख में होता है तो मदमस्त हाथी की तरह मदांध रहता है। उसे इसका भी भान नहीं होता कि इंद्रियां रूपी मगरमच्छ उसे संसार सागर में खींचे ले जा रहे हैं। वह प्रभु का नाम सुमिरण तक नहीं करता, मगर भक्त वत्सल और अकारण करुणा करने वाले भगवान कामी-पापी का भी उद्धार करते हैं। भगवान राम और कृष्ण जन्म की कथा के बाद नंदोत्सव मनाया गया। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...कान्हा जन्म सुन आई यशोदा मैया दे दो बधाई... जैसे बधाईगान पर खिलौने, टॉफी, बिस्किट की उछाल हुई।

### इन मंदिरों में भी होंगे आयोजन

इनके अलावा चौड़ा रास्ता स्थित मंदिर श्री मदनगोपालजी, सिरह ड्योढ़ी बाजार स्थित मंदिर श्री कल्किजी, चांदपोल बाजार स्थित रामचंद्रजी मंदिर, त्रिपोलिया बाजार स्थित श्री विनोदीलालजी, कल्याणजी का रास्ता स्थित मंदिर श्री कल्याणजी में भी कार्यक्रम होंगे। जयंती महोत्सव का आखिरी आयोजन दो जून को होगा। चैतन्य संप्रदाय पुरुषोत्तम गोस्वामी महाराज का जन्म महोत्सव त्रिपोलिया बाजार स्थित मंदिर राधा विनोदीलालजी में मनाया जाएगा। शाम 7 बजे से बधाईगान होगा।

### अभिनव भागवत अगले माह

जयंती महोत्सव के अंतर्गत तीन से नौ अप्रेल तक त्रिपोलिया बाजार स्थित विनोदलालजी मंदिर में अभिनव भागवत होगी। व्यासपीठ से आचार्य अभिनव गोस्वामी के सान्निध्य में आचार्य श्री वत्स गोस्वामी दोपहर दो से शाम पांच बजे तक कथा श्रवण कराएंगे।

### खो वालों का चौक में गूंजी बधाइयां



**जयंती** महोत्सव के पांचवें दिन मंगलवार को गोपालजी का रास्ता स्थित खो वालों का चौक पर हरिनाम कीर्तन हुआ। आराध्य देव गोविंददेवजी और श्रीमन् गौरांग महाप्रभुजी के चित्रपट के समक्ष श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से संकीर्तन किया। इसके बाद पारंपरिक भजनों की स्वर लहरियां बिखेरीं। कार्यक्रम संयोजक राधामोहन नानूवाला ने बताया कि बुधवार को गौरांग महाप्रभु का छठी उत्सव श्री राधा गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सी स्कीम स्थित शिव ज्ञान लग्जोरा अपार्टमेंट में शाम छह बजे से मनाया जाएगा। चेतन प्रकाश खोवाल, राम किशोर खोवाल ने मंगलवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इसी कड़ी में 21 मार्च को गौरांग महाप्रभु मंदिर में विष्णु प्रिया जी पद्धति के अनुसार चावल पर नाम जप होगा। 22 मार्च को शाम 7 बजे गोविंददेवजी मंदिर में अधिवास कीर्तन होगा। 23 मार्च को शाम 4 बजे गोविंददेवजी मंदिर से गाजे-बाजे के साथ नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली जाएगी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाचते-गाते, कीर्तन करते हुए विभिन्न मार्गों से होते हुए चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदर मंदिर पहुंचेंगे। 24 मार्च को चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदरजी मंदिर में श्रीमन् माधव गौड़ेश्वर संप्रदाय आचार्य वासुदेव गोस्वामी महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 25 मार्च को पुरानी बस्ती स्थित मंदिर श्रीगोपीनाथजी में शाम 6 बजे उत्सव होगा। 26 मार्च को आमेर रोड बलदेवजी के मंदिर में, 27 मार्च को मंगोडी वालों की बगीची के पास संतोष सागर कॉलोनी में, 28 मार्च को गलता गेट स्थित देश भूषण नगर में जयंती महोत्सव के अंतर्गत संकीर्तन-भजन संध्या और उछाल होगी।

## माथुर सभा का होली मिलन समारोह आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** माथुर सभा जयपुर की ओर से माथुर समाज के सदस्यों के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन एमआई रोड स्थित एक होटल में किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में सर्व समाज के सदस्य एकत्र हुए और उल्लासपूर्वक होली का आनंद लिया। सभा के महासचिव डॉ. आदित्य नाग ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. दीपा माथुर और अवधेश माथुर ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम को संगीतमय बनाने के लिए होली गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा माहौल नृत्य और गीत-संगीत से गूंज उठा। सभा की अध्यक्ष डॉ. दीपा माथुर ने अपने स्वागत भाषण में सभी का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष के.एन. माथुर, जनरल अनुज माथुर और पूर्व महासचिव प्रदीप माथुर एवं संयुक्त सचिव अवधेश माथुर मौजूद रहे। इसके बाद अंताक्षरी प्रतियोगिता में महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सभा के कोषाध्यक्ष हेमेंद्र माथुर ने बताया कि माथुर सभा की समाजसेवा प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए जरूरतमंद कायस्थ परिवारों, विधवाओं और विद्यार्थियों के लिए अनुदान राशि प्रदान की गई। इस सहायता से संगठन की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और धनराशि समाजहित में खर्च होगी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण होली थीम पर आधारित हाउजी रहा, जिसका संचालन सांस्कृतिक सचिव मधु माथुर ने किया। विदेशी पर्यटकों ने भी होली गीतों पर नृत्य कर भारतीय संस्कृति का आनंद लिया। मंच संचालन प्रीतिका ने किया।

## माली सैनी महासभा का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा आमेर इकाई का जाजोलाई की तलाई स्थित वीर तेजाजी मंदिर प्रांगण में होली स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन प्रभुदयाल सैनी खादी वाले की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा के प्रदेश संगठन महामंत्री भवानी शंकर माली ने कहा कि आमेर का माली सैनी समाज हर क्षेत्र में अग्रणी है। यह सब शिक्षा से ही संभव हुआ है। ऐसे आयोजन से समाज में प्रेम भाईचारा, सौहार्द को बढ़ावा मिलता है, जो आज के समय में बहुत ही जरूरी है।

कार्यक्रम संयोजक एवं इकाई अध्यक्ष रामपाल सैनी ने बताया कि समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले 85 लोगों का सम्मान किया गया तथा इकाई की कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सुनील सैनी, बहादुर सैनी, सीताराम सैनी, आनीलाल सैनी, सूरज सैनी, रामकिशोर सैनी, दौलत सैनी, कैलाश सैनी, प्रकाश सैनी, लक्ष्मीनारायण सैनी, ओमप्रकाश सैनी (गुरु शिखर), सचिव ईश्वर गहलोत, महिला जिला अध्यक्ष कमल सैनी, शहर अध्यक्ष काजल सैनी, नंदलाल सेठ, बिरधीचंद सिंगोदिया, गुड्डू सैनी सहित गणमान्य लोगों ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपनी-अपनी बात रखी।

## भव्य कलश यात्रा में भोलेनाथ की झांकी रही मुख्य आकर्षण



### सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में शिव महापुराण शुरू

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** स्व. मोहनलाल शर्मा की प्रेरणा से सुरजपोल सिद्धि विनायक गणेशजी मंदिर में शिव महापुराण का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। मंदिर व्यवस्थापक शिवरतन शर्मा ने बताया कि कलश यात्रा गलता गेट स्थित कनक बिहारी मंदिर से रवाना होकर कथास्थल गणेश मंदिर पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एक ही गणवेश में भजन-कीर्तन करती चल रही थीं। जगह-जगह कलश यात्रा का सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। पुरुष यात्रा में भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते और स्तुति करते हुए चल रहे थे। यात्रा में शामिल रथ पर सवार भगवान भोलेनाथ की झांकी भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही। व्यास पीठ पर कथावाचक महाकाल की लाडली शची केसरी महाराज ने शिव महिमा की कथा श्रवण करवाई। कथा से पूर्व आयोजन समिति की ओर से व्यास पीठ की पूजा-अर्चना महाआरती की गई। शिव महापुराण कथा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। 24 मार्च को कथा का विश्राम होगा।

# फागोत्सव में जमकर खेली फूलों की होली



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र स्थित ललितेश्वर महादेव मंदिर में डीएल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजन में आयोजित फागोत्सव में श्रद्धालुओं ने जमकर फूलों की होली खेल कर धमाल मचाया। ट्रस्ट के अध्यक्ष बीएम शर्मा ने बताया कि फागोत्सव में होली खेलो रसिया...., रंग मत डाले रे सांवरिया..., मेरा श्याम रंगीला... के साथ फूलों की होली ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृष्ण-राधा का मटकी नृत्य देख कर भक्त भी उठकर नाचने लगे तथा पूरा वातावरण भक्ति और आनंद के रंगों में डूब गया। नृत्यांगना रजनी ने फागोत्सव में करीब ढाई घंटे तक भजनों पर नृत्य प्रस्तुत कर भक्तजनों की वाहवाही लूटी। फागोत्सव में बासबदनपुरा महिला मंडल और लक्ष्मण कॉलोनी श्याम नगर महिला मंडल ने मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। झोटवाड़ा स्थित राधाकृष्ण मंदिर से मीना बाई महराज ने भी फागोत्सव में भक्तजनों को आशीर्वाद दिया। वहीं ट्रस्ट की सचिव सरोज शर्मा ने महाराज को शॉल, श्रीफल भेंट किया।

### चैत्र माह में भी जारी है फागोत्सव की धूम

**जयपुर।** चैत्र के महीने में भी फागोत्सव की धूम जारी है। इसी कड़ी में श्री श्याम प्राचीन मंदिर और श्री गौ सेवा परिवार जयपुर का फागोत्सव मंगलवार को शास्त्रीनगर स्थित खंडेलवाल सभा भवन में धूमधाम से मनाया गया।

भजन गायक मामराज अग्रवाल, आदित्य छीपा, विभा पारीक, कुंज बिहारी जाजू एवं अन्य ने श्याम प्रभु के दरबार में भजनों की फाल्गुनी प्रस्तुतियां दीं। खाटू नरेश का मनमोहक दरबार सजाकर फूलों से शृंगार किया गया। पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा के बीच चंग-धमाल पर होली की प्रस्तुतियां दी गईं। श्रद्धालुओं ने जमकर फूलों की होली खेली।

श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति जयपुर का श्री श्याम फाग उत्सव 23 मार्च को किशनपोल बाजार टीकड़मल का रास्ता स्थित सुमंगल सामुदायिक केंद्र में शाम 5 बजे से मनाया जाएगा।

अमृत प्रसादम नारी शक्ति फाउंडेशन की ओर से आयोजित फागोत्सव में चंग-धमाल और फाल्गुनी प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शंकर झालानी, शंकर लाल नाटाणी, राजू मेहरवाल सहित अनेक गायक बाबा श्याम को रिझाएंगे। इससे पूर्व 22 मार्च को सीताबाड़ी टोंक रोड स्थित माथुर वैश्य नगर के श्रीराम मंदिर में शाम 7:15 बजे से श्री श्याम फाग महोत्सव भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। श्याम बाबा का अलौकिक शृंगार कर अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। पुष्प और इत्र वर्षा के बीच भजन प्रस्तुत किए जाएंगे।

**सेमिनार** आगरा रोड स्थित राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय जोबनेर के जयपुर केंद्र में हुआ कार्यक्रम

# भूमिहीन किसानों की समस्याओं को दूर करने की आवश्यकता : बेरवाल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर (मध्यप्रदेश) के चांसलर केएल बेरवाल ने कहा कि देश में भूमिहीन किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है, जिसे सुधारने के लिए ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। वे मंगलवार को आगरा रोड स्थित राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, जोबनेर के जयपुर केंद्र पर आयोजित सेमिनार को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

बेरवाल ने कहा कि भूमिहीन किसानों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए सरकार और समाज को मिलकर कदम उठाने चाहिए। कुलपति प्रो. त्रिभुवन शर्मा ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। भूमिहीन किसानों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा।



### आजादी से ही उपेक्षित भूमिहीन किसान : डॉ. चंदेल

आईसीएसएसआर के सीनियर फैलो एवं चिंतक डॉ. धर्मवीर चंदेल ने कहा कि आजादी के बाद से ही भूमिहीन किसानों की समस्या पर कभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। यदि स्वतंत्रता के बाद की सरकारों ने इस मुद्दे को प्राथमिकता दी होती तो आज भूमिहीन किसानों की स्थिति कहीं बेहतर होती। भूमिहीन किसानों के कल्याण के लिए सरकार को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, कृषि से जुड़े व्यवसायों को बढ़ावा देने और सहकारी खेती जैसी योजनाओं को लागू करने पर बल देना चाहिए। इसके अलावा, सामाजिक सुरक्षा और भूमि आवंटन जैसी योजनाओं का उचित क्रियान्वयन भी आवश्यक है। डॉ. चंदेल ने कहा कि भूमिहीन किसानों की समस्याओं का समाधान केवल सरकारी प्रयासों से ही संभव नहीं है। इसके लिए सामाजिक संगठनों, गैर-सरकारी संस्थाओं और आम जनता को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। जब तक इन किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होता, देश का समग्र विकास अधूरा ही रहेगा।

# अपने ही जाल में खुद फंसा शिकारी!

## बलूच विद्रोही और आतंकवाद बना पाकिस्तान का नासूर

**पाकिस्तान** इन दिनों अपनी ही आग में झुलस रहा है। कई मोर्चों पर बुरी तरह घिरे पाकिस्तान को बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोहियों से कड़ी चुनौती मिल रही है, तो इधर पाक सेना के तैयार किए आतंकवादियों को निशाना बनाया जाने लगा है। लश्कर-ए-तोएबा के शीर्ष कमांडर जिया-उर-रहमान की पाकिस्तान में हत्या इस बात का संकेत है कि आतंकवाद खुद पाकिस्तान के लिए नासूर बन चुका है। छिपी बात नहीं है कि पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई आतंकवादी संगठनों को इस इरादे से संरक्षण देते रहे हैं कि उनके जरिए भारत में अशांति फैलाई जा सके। मगर वही आतंकी अब उसके लिए मुश्किलें खड़ी करने लगे हैं। पाकिस्तान में सेना को सबसे प्रतिष्ठित और प्रभावी संस्था माना जाता रहा है। लेकिन पिछले कुछ समय से ऐसी घटनाएं और सच्चाइयां सामने आई हैं, जिनसे सेना बदनाम हो गई है। एक समय पाकिस्तान में पढ़ाया जाता था कि 1965 और 1971 का युद्ध उसने जीता था। अब उसकी सच्चाई सामने है तथा लोग सवाल कर रहे हैं कि आपने झूठ क्यों फैलाया! कारगिल के बारे में आम पाकिस्तानी बोलते हैं कि हमारी सेना इतनी बेगैरत है कि अपने ही जवानों के शवों को विरोधी सेना के रहमो-करम पर छोड़ दिया था। इमरान खान की पार्टी के लोगों ने सेना के मुख्य केंद्र तक में तोड़फोड़ की थी, पर लोग उसके विरुद्ध खड़े नहीं हुए। आम पाकिस्तानी ने रेल अपहरण का विरोध किया, उसकी निंदा की, वहां के टीवी चैनलों ने भी आतंकवादी घटना बताते हुए विरोध किया। पर सेना के लिए सम्मानजनक भाषा नहीं सुनी गई। बलूचिस्तान में पाक सेना बुरी तरह विफल है। जिस ट्रेन में सेना के 241 जवान थे, उसका अपहरण करके सैनिकों को मार दिया जाए, इससे शर्मनाक भला और क्या हो सकता है! गंभीर सवाल यह भी है कि बलूचों को कैसे पता चला कि उसमें सेना जा रही है! अपहरण की तैयारी भी कई दिनों में हुई होगी, क्योंकि एक-दो दिन में यह संभव नहीं। तमाम सबूतों से जाहिर है कि लश्कर जैसे आतंकी संगठनों के नेताओं को वहां की सरकार कड़े पहरे और सुरक्षा घेरे में रखती है। जिन संगठनों और आतंकियों को विश्व भर में प्रतिबंधित किया जा चुका है, उन्हें भी वह पालती है। छिपी बात नहीं है कि हाफिज सईद ने भारत में अनेक आतंकी हमलों की साजिश रची थी, पर पाकिस्तानी हुकूमत इसे मानने को तैयार नहीं। उसने हाफिज को कड़ा सुरक्षा घेरा मुहैया करा रखा है। ताजा घटना में मारा गया जिया-उर-रहमान हाफिज का खास कमांडर था और उसे भी पाकिस्तानी सेना ने कड़ी सुरक्षा दे रखी थी। खबर है कि जिया-उर-रहमान के मारे जाने के बाद पाकिस्तान सरकार के माथे पर बल पड़ गए हैं। वहां की सेना ने हाफिज सईद की सुरक्षा बढ़ा दी है। रहमान जम्मू-कश्मीर में अनेक आतंकी गतिविधियों का साजिशकर्ता था। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने उसे वांछितों की सूची में डाल रखा था। मगर पाकिस्तानी सेना की कड़ी सुरक्षा में सेंध लगा कर अगर रहमान को मार डाला गया, तो जाहिर है, वहां ऐसे संगठन तैयार हो चुके हैं, जो सरकारी सुरक्षा वाले आतंकी संगठनों को चुनौती देने लगे हैं। भारत लगातार कहता और सबूत पेश करता रहा है कि पाकिस्तान दहशतगर्दी का कारखाना बन चुका है। मगर उस पर कभी गंभीरता से अंकुश लगाने की अंतरराष्ट्रीय कोशिश नहीं हुई। पहले अमेरिका उसके दहशतगर्दों का बचाव करता था, अब चीन करने लगा है। जब भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की बात उठती है, तो चीन अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल कर उसे बचा लेता है। इसलिए कि पाकिस्तान से उसके स्वार्थ जुड़े हैं। मगर पाकिस्तान खुद यह समझना नहीं चाहता कि आतंकवाद को संरक्षण देने का खमियाजा सबसे अधिक उसे ही उठाना पड़ रहा है। इसी महीने आई विश्व आतंकवाद से संबंधित रपट में खुलासा हुआ कि दुनिया में सबसे अधिक आतंकवाद से प्रभावित देश पाकिस्तान है। इसे पाकिस्तान के लिए त्रासदी ही कहा जाएगा कि वहां शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सेवाएं बुरी तरह चरमरा चुकी हैं। वहां की आम अवाम आटे-दाल के लिए संघर्ष कर रही है। मगर पाकिस्तानी हुकूमत का ध्यान मुल्क की माली हालत बेहतर करने के बजाय चीन की इमदाद पर अधिक है। इसका तीखा विरोध उसे बलूचिस्तान प्रांत में झेलना पड़ रहा है। पाकिस्तान के बाकी हिस्सों में भी गहरा असंतोष है। ऐसे में आतंकवादियों को पोसने पर पाकिस्तानी सेना का खर्च लोगों की आंखों में चुभ रहा है। इस कयास से इनकार नहीं किया जा सकता कि ऐसे ही किसी विद्रोही गुट ने वहां पल रहे आतंकवादी संगठनों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। अगर पाकिस्तान इसी तरह आग से खेलता रहा, तो वह और झुलसेगा। अब इसमें कोई संदेह नहीं है कि बलूचिस्तान के ज्यादातर क्षेत्रों से पाक सरकार का नियंत्रण समाप्त हो चुका है। सेना जिस तरह वहां जुल्म करती रही है, उसके विरुद्ध आम जनता में भी गुस्सा है। विदेश में निर्वासित हुए या रह रहे बलोचों तथा हथियार और अहिंसक तरीके से लड़ रहे बलूच समूहों ने सेना की जुर्म के जो विवरण बार-बार दिए हैं, वे मानवता को शर्मसार करने वाले हैं। ध्यान रहे, बलूचिस्तान का अपना अलग अस्तित्व रहा है। आजादी के बाद उसकी अपनी व्यवस्था थी। इस्लामाबाद में उसके दूतावास थे, जिसमें बलूच झंडा लगा था। बलूचों ने अपने को अलग देश साबित करने के लिए मोहम्मद अली जिन्ना को ही वकील रखा था। बाद में जिन्ना ने ही बलूचिस्तान को हड़प लिया। तभी से बलूच अपनी आजादी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अपनी खनिज संपदा, प्राकृतिक संसाधनों व मनोरम दृश्यों के लिए विख्यात बलूचिस्तान पाक सेना व सत्ता के शोषण और दमन का शिकार रहा है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा का निर्माण आरंभ होने तथा ग्वादर बंदरगाह चीन को सौंपने के बाद विद्रोह ज्यादा प्रचंड हुआ है। बलूच इसे आर्थिक गुलामी का ढांचा बताते हैं। वे मानते हैं कि हमारी खनिज संपदा चीनी अपने देश ले जाएंगे और हमें कुछ नहीं मिलेगा। सेना और पुलिस-प्रशासन के लोगों को वहां कब्जा करने वाले विदेशियों के रूप में देखा जा रहा है। रेल अपहरण कांड बताता है कि संघर्ष दरअसल उस सीमा तक पहुंच गया है, जहां से पाकिस्तान के लिए वहां कब्जा बनाए रखना तथा बलूचों के लिए भी पाकिस्तान का हिस्सा बनने की मानसिकता में लौटना मुश्किल है।



**लश्कर-ए-तोएबा के शीर्ष कमांडर जिया-उर-रहमान की पाकिस्तान में हत्या इस बात का संकेत है कि आतंकवाद खुद पाकिस्तान के लिए नासूर बन चुका है। छिपी बात नहीं है कि पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई आतंकवादी संगठनों को इस इरादे से संरक्षण देते रहे हैं कि उनके जरिए भारत में अशांति फैलाई जा सके। मगर वही आतंकी अब उसके लिए मुश्किलें खड़ी करने लगे हैं। पाकिस्तान दहशतगर्दी का कारखाना बन चुका है। मगर उस पर कभी गंभीरता से अंकुश लगाने की अंतरराष्ट्रीय कोशिश नहीं हुई। पहले अमेरिका उसके दहशतगर्दों का बचाव करता था, अब चीन करने लगा है।**

# एक जीवन दर्शन है भारत

**दत्तात्रेय होसबाले, सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ**



**महाकुंभ** से निकले ऐसे कई विमर्श अलग-अलग दिशा में लोगों का मार्गदर्शन करेंगे। अब इंडिया नहीं, भारत कहना है। भारत के संबंध में बहुत भ्रामक बातें फैलाई गई। कहा गया कि भारत केवल एक कृषि प्रधान देश है, यहां किसी भी प्रकार का उद्योग नहीं है, जबकि यह सत्य नहीं है। 1,600 ईस्वी में भारत की विश्व व्यापार में लगभग 23 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी। प्रश्न उठता है कि यह हिस्सेदारी केवल कृषि की थी, ऐसा नहीं है। अगर हम वैश्विक दृष्टि से देखें तो प्राचीन समय से ही हम किसी भी क्षेत्र में कम नहीं थे। हमने अपने स्वाभिमान को खोया। हमारी शिक्षा पद्धति नष्ट हुई। जो बाहरी आक्रांता आए, उन्होंने हमारे देश का दमन किया।

आज भारत स्वतंत्र है, उसका मस्तिष्क स्वतंत्र है। पहले के दशकों में पढ़ाया जाता था कि भारत का गणित और विज्ञान के क्षेत्र में कोई योगदान नहीं है। भारत के इतिहास को तोड़ा और मरोड़ा गया है, जबकि भारत का इतिहास समृद्धि से भरा पड़ा है। आज यह महत्वपूर्ण है कि विश्व के बहुत से लोग भारत के बारे में एक सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। द इंडिया द सॉ नामक पुस्तक के चार खंडों में विस्तार से इसका उल्लेख किया गया है। इस पुस्तक में भारत को लेकर विश्व के लोगों ने क्या कहा है, उसे विस्तार से जानने, समझने और पढ़ने का अवसर मिलता है।

भारत का मूल परिचय संस्कृति है। आचरण के महान आदर्श हैं। व्यक्ति की दिशा ठीक होनी चाहिए। दिशा ठीक होने से लक्ष्य आसान हो जाता है। दिशा ठीक नहीं होने से व्यक्ति भ्रमित होता है वह जीवन में अपना लक्ष्य भी निश्चित नहीं कर पाता।

हमारे पूर्वजों ने यह निश्चय कर लिया था कि किसी भी स्थिति में अपनी संस्कृति की रक्षा करनी है और अपने विचार को बचा कर रखना है। यही कारण है कि काल के प्रवाह में भी इस देश की संस्कृति कभी नष्ट नहीं हुई। हमारे देश के मनीषियों ने इसे अलग-अलग रूप में प्रस्तुत किया है।

भारत को दुनिया में कौन-सी भूमिका निभानी चाहिए? इस पर हमारे ऋषियों ने कहा है-'आत्मनो मोक्षार्थं जगद्धिताय च' यानी स्वयं के मोक्ष और जगत के हित के लिए जीना चाहिए, कार्य करना चाहिए। भारत का लक्ष्य 'सर्वे भवंतु सुखिन:, सर्वे संतु निरामया' का है। हमारे देश के लोगों का भाव 'उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्' का है। भारत पूरी मानवता के बारे में विचार करता है। गुरु रामदास जी बचपन में भी पूरे विश्व के बारे में चिंता करते थे। भारत उठेगा, विश्व का दीप स्तंभ बनने के लिए, भारत को अपने पैरों पर खड़ा होना पड़ेगा और मजबूत होना पड़ेगा। हमारा दायित्व बनता है कि हम पूरे भारत में शांति स्थापित करें। पूरी दुनिया में विमर्श की लड़ाई है। भारत में भी तरह-तरह के विमर्श चलाए जाते हैं। हमें सत्य लिखना है, सत्य बोलना है और सत्य ही दिखाना है। यह बौद्धिक संघर्ष की बात है। जब बौद्धिक संघर्ष की बात आती है तो हमारा ध्येय सत्य की स्थापना, खोज और जीना होना चाहिए।



**भारत की राष्ट्रीयता के संबंध में कई विचार आए। क्या जो टूट गया वही भारत है? क्या भारत एक जमीन का टुकड़ा है? या संविधान से चलने वाला केवल एक भारत है? ऐसा नहीं है। भारत एक जीवन दर्शन है। विश्व को संदेश देने वाला विश्वगुरु है। महाकुंभ विमर्श ने एक महासमर खोल दिया है।**

### 'विमर्श भारत का' पुस्तक का विमोचन

गत 10 मार्च को नोएडा में सुरुचि प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'विमर्श भारत का' का विमोचन हुआ। इसकी अध्यक्षता करते हुए न्यूज 24 की मुख्य संपादक अनुराधा प्रसाद ने कहा कि युवा पीढ़ी हमारे देश को आगे लेकर जाएगी। उसे समाज के साथ सरोकार रखना पड़ेगा। मंच पर प्रेरणा शोध संस्थान न्यास की अध्यक्ष प्रीति दादू, प्रेरणा विमर्श के अध्यक्ष अनिल त्यागी और सुरुचि प्रकाशन के अध्यक्ष राजीव तुली और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सह क्षेत्र संघचालक प्रो. नरेंद्र तनेजा उपस्थित रहे।

समारोह में इंडिया टीवी की वरिष्ठ पत्रकार मीनाक्षी जोशी को प्रेरणा सम्मान-2024 प्रदान किया गया। यह पुस्तक प्रेरणा संस्थान द्वारा पिछले चार वर्ष में आयोजित किए गए कार्यक्रमों के नवनीत का संकलन है।

# राजस्थान में बाजरा और जल संसाधन

**लेखराज शर्मा,** वरिष्ठ पत्रकार



**राजस्थान** भारत का सबसे बड़ा राज्य, अपने अद्वितीय भूगोल और जलवायु के कारण विशेष पहचान रखता है। यहां का अधिकतर हिस्सा शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में आता है, जहां जल संसाधनों की कमी एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में बाजरा (मिलेट) यहां की कृषि प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बाजरा एक प्राचीन अनाज है, जो राजस्थान की जलवायु के अनुकूल है। इसकी खेती यहां सदियों से की जाती रही है। बाजरा की विशेषता यह है कि यह कम पानी में भी अच्छी पैदावार देता है। इसके लिए विशेष रूप से सूखा-प्रतिरोधी किस्मों का विकास किया गया है। बाजरा न केवल पोषण से भरपूर होता है, बल्कि यह किसानों के लिए एक स्थाई और लाभकारी फसल भी है। राजस्थान में बाजरा की खेती करने वाले किसान अक्सर पारंपरिक जल संरक्षण तकनीकों का उपयोग करते हैं। इनमें प्रमुख हैं : -

**कुंड (टांका) प्रणाली :** यह एक पारंपरिक जल संचयन तकनीक है, जिसमें वर्षा जल को संग्रहित कर खेती के लिए उपयोग किया जाता है।

**फसलों की चक्रीय खेती :** बाजरा को अन्य फसलों के साथ मिलाकर खेती करने से मिट्टी की नमी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**कृषि विज्ञान :** नए कृषि विज्ञान और तकनीकों का उपयोग करके किसान कम पानी में अधिक पैदावार प्राप्त कर सकते हैं।

### जल संसाधनों की स्थिति

**राजस्थान** में जल संसाधनों की स्थिति बहुत ही गंभीर है। राज्य का अधिकांश क्षेत्र थार मरुस्थल में आता है, जहां वर्षा का औसत बहुत कम है। भूमिगत जल का स्तर भी तेजी से घट रहा है। ऐसे में बाजरा जैसी फसलों की खेती यहां की कृषि प्रणाली को टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### जल संसाधनों का प्रबंधन

राजस्थान सरकार और विभिन्न गैर-सरकारी संगठन जल संसाधनों के प्रबंधन के लिए कई उपाय कर रहे हैं।

**वाटरशेड प्रबंधन परियोजनाएं :** इन परियोजनाओं के तहत जल संचयन और पुनर्भरण के लिए विभिन्न उपाय किए जाते हैं।



**ड्रिप सिंचाई प्रणाली :** यह प्रणाली पानी की बचत करती है और फसलों को आवश्यकतानुसार पानी प्रदान करती है।

**जन-जागरूकता अभियान :** किसानों और आम जनता को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है।

**निष्कर्ष :** राजस्थान में बाजरा और जल संसाधन एक-दूसरे के पूरक हैं। बाजरा की खेती जल संसाधनों की कम उपलब्धता के बावजूद अच्छी पैदावार देती है। इसके साथ ही जल संसाधनों के उचित प्रबंधन से बाजरा की खेती को और अधिक लाभदायक बनाया जा सकता है।

### बाजरा में लगते हैं ये रोग

फसल उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए उन्नत शष्य क्रियाओं के साथ-साथ फसल को कीटों व रोगों से बचाना भी बहुत जरूरी है। बाजरा की फसल में तुलासिता, हरितबाली रोग, अरगट रोग तथा दीमक व सफेद लटकीट आदि का प्रकोप होता है। बाजरा की फसल को कीटों व रोगों से बचाने के लिए विभागीय सिफारिशों के अनुसार रोग प्रतिरोधक किस्मों का उपयोग करें। साथ ही बीजोपचार करें।

### बीजोपचार करते अपनाएं ये सावधानी

किसान बीजों को एफआईआर क्रम में अर्थात फफूंद नाशी, कीटनाशी से बीजों को उपचारित करने के बाद ही जीवाणु कल्चर से बीजों को उपचारित करें और बीजोपचार करते समय हाथों में दस्ताने, मुंह पर मास्क और पूरे कपड़े पहनें।

### तुलासिता रोग से बचाव का तरीका

तुलासिता रोग एक फफूंद जनित रोग है, जिसे राजस्थान में हरित बाली या जोगिया रोग आदि नामों से भी जाना जाता है। इस रोग से बचाव के लिए रोग प्रतिरोधी किस्मों जैसे-एचएचबी 67 इम्प्रूवड, राज 171, आरएचबी 177, आरएचबी 173, आरएचबी 121, आरएचबी 223, आरएचबी 233, आरएचबी 234, आरएचबी 228 आदि का उपयोग करें। साथ ही बीजों को बुआई से पूर्व 6 ग्राम एप्रोन एसडी 35 प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करके बुआई करें।

### अरगट रोग से बचाव के लिए करें ये काम

अरगट रोग से बचाव के लिए बीजों को नमक के 20 फीसदी घोल (एक किलो नमक 5 लीटर पानी) में लगभग 5 मिनट तक डुबोकर हिलाएं। तैरते हुए हल्के बीजों एवं कचरे को निकालकर जला दें और बाकी बचे हुए बीजों को साफ पानी से धोकर, अच्छी प्रकार से छाया में सुखाकर 3 ग्राम थाइरम प्रतिकिलो बीज की दर से उपचारित करके बुआई करें।

### दीमक से बचाव का उपाय

बाजरे की फसल को दीमक, सफेद लट, तना मक्खी व तनाछेदक से बचाने के लिए बुआई से पहले बीजों को इमिडाक्लोप्रिड 600 एफएस की 8.75 मि.ली अथवा क्लोथायोनिडिन 50 डब्ल्यू.डी.जी. 7.5 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से जरूरत के अनुसार पानी में घोल बनाकर बीजों पर समान रूप से छिड़काव कर उपचारित कर छाया में सुखाने के बाद 2 घंटे के अंदर ही बुआई करें।

### बीज एजोटोबेक्टर जीवाणु कल्चर से उपचारित करें

बुआई से पहले बीजों को एजोटोबेक्टर जीवाणु कल्चर से उपचारित करने से फसल की पैदावार में बढ़ोत्तरी होती है। बीजों को एजोटोबेक्टर जीवाणु कल्चर से उपचारित करने के लिए 500 मिली लीटर पानी में 250 ग्राम गुड़ को गर्म करके घोल बनाएं और घोल के ठंडा होने पर इसमें 600 ग्राम जीवाणु कल्चर मिलाएं। इस मिश्रण से एक हेक्टेयर क्षेत्र में बोए जाने वाले बीज को इस प्रकार मिलाएं कि सभी बीजों पर इसकी एक समान परत चढ़ जाए। इसके बाद इन बीजों को छाया में सुखाकर शीघ्र बोने के काम में लाएं।

## राशिफल


**आज दिनांक 19 मार्च, 2025, बुधवार, विक्रम संवत् 2082, चैत्र माह, कृष्ण पक्ष पंचमी, विशाखा नक्षत्र, कौलव करण, हर्षण योग, राहुकाल: दोपहर 12:34 से 2:04 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:35 बजे, सूर्यास्त सायं 6:33 बजे, चंद्रोदय रात 11.02 बजे, चंद्रास्त सुबह 9:51 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:10 बजे से 12:58 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:58 से 5:46 बजे तक, चंद्रमा तुला राशि में संचार करेगा।**




आज का दिन तेजी से बीतने वाला है, आप जिन बातों को लेकर अभी रुके हुए थे उन्हें पूरा करने के लिए आपको समय मिलेगा। आज आपके लिए घर में काम करने के लिए थोड़ा क्रोध से कम लेना पड़ सकता है। भाई बहनों के साथ कुछ तकरार भी होने की संभावना बनती है। स्वास्थ्य के मामले में सावधानी बरतने की जरूरत है।




आपको कोई नया अवसर मिल सकता है, जिसका फायदा आप आने वाले दिनों में उठा सकते हैं। छात्रों को अपने गुरु जनों के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। सामाजिक संपर्क मजबूत होंगे और आप कामकाज के लिए जोश में होंगे।




आज का दिन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है। बच्चों की जिद आपको कुछ परेशानी देगी लेकिन यह तनाव अस्थाई होगा। इस समय आप अपने काम को लेकर मेहनत ज्यादा कर सकते हैं। आपके आत्मविश्वास के साथ आप इस पर कुछ नई चीजों को करेंगे जो घर में बदलाव को दिखा सकता है।




आज का दिन सुखद रह सकता है। घर में अपने माता-पिता के साथ समय बिताएंगे और कुछ काम में आप आगे रहेंगे। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो आपको कुछ नई बातों से रुबरु करा सकता है। बड़े कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने से सराहना मिलेगी।




दिन मिलाजुला रह सकता है। कुछ काम में आपको घर के लोगों की ओर से शुरू में सहयोग न मिल पाए लेकिन जल्द ही आप उनका साथ पाएंगे। काम में रुकावटें भी आ सकती हैं। यह समय परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने का है, जो आपके मन को शांति और खुशी देगा।




आज का समय कुछ अनुकूल रहेगा। घरेलू कामों में व्यस्त रह सकते हैं। जीवन में कुछ बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। कुछ पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने में आप व्यस्त रहेंगे, लेकिन यह आपको संतुष्टि देगा। आपके करियर में इस दिन सकारात्मक बदलाव आएंगे।




आज का दिन किसी ओर की उपस्थिति से अधिक प्रभावित रह सकता है। एक ओर आप अपने काम में संतुलन बनाए रखेंगे, वहीं दूसरी ओर किसी पुरानी समस्या के कारण थोड़ा तनाव महसूस कर सकते हैं। परिवार के साथ कुछ कारणों से बाहर जाने का मौका मिल सकता है।




आज का दिन मन कई सारी बातों पर उलझा रह सकता है। दोस्तों के साथ लंबी बातें मानसिक रूप से व्यस्त रखेगी। घर में कुछ खाने पीने पर नए बदलाव का मन बन सकता है। आपको कुछ साहसिक निर्णय लेने की आवश्यकता है, जिससे समय बेहतर हो सकता है।




समय कुछ उत्साहपूर्ण दिन रहेगा। आप काम को लेकर और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बनाए रखने में लगे रहने वाले हैं। घर में किसी बाहरी रिश्तेदार के आने से नई नई बातें सुनने को मिल सकती हैं। अपने काम में थोड़ा ध्यान दें क्योंकि कुछ चीजें रखकर भूल सकते हैं।




अपने काम में ध्यान लगाकर काम करने का समय होगा, इस समय आप कुछ तेजी के चक्कर में गलतियां भी कर सकते हैं। भाइयों के साथ बेकार की बातों में विवाद न हो इसके लिए खुद को उन बातों से दूर ही रखना सही होगा।




आज का दिन रोमांचक रहेगा। आप नए अवसरों के साथ-साथ कुछ बदलावों का सामना करेंगे। आपके पास कई नए विचार होंगे, जिनसे आप अपने जीवन को और बेहतर बना सकते हैं। परिवार और मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं, जो आपको खुशी देगा।




स्थिति आशाजनक रह सकती है। इस समय परिवार में आपके काम को समझा जाएगा। परिणाम आज आपके सामने आ सकता है। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, और आप किसी नई दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित होंगे। यह समय खुद पर विश्वास रखने का है। स्वास्थ्य के मामले में आप अच्छा महसूस करेंगे।

## मकड़ी, चींटी और जाला

**एक** मकड़ी थी। उसने आराम से रहने के लिए एक शानदार जाला बनाने का विचार किया और सोचा कि इस जाले में खूब कीड़े, मक्खियां फंसेंगी और मैं उसे आहार बनाऊंगी और मजे से रहूंगी। उसने कमरे के एक कोने को पसंद किया और वहां जाला बुनना शुरू किया। कुछ देर बाद आधा जाला बुन कर तैयार हो गया। यह देखकर वह मकड़ी काफी खुश हुई कि तभी अचानक उसकी नजर एक बिल्ली पर पड़ी जो उसे देखकर हंस रही थी। मकड़ी को गुस्सा आ गया और वह बिल्ली से बोली, ' हंस क्यों रही हो?'

'हंसू नहीं तो क्या करूं', बिल्ली ने जवाब दिया। ' यहां मक्खियां नहीं हैं ये जगह तो बिल्कुल साफ सुथरी है, यहां कौन आएगा तेरे जाले में।' ये बात मकड़ी के गले उतर गई। उसने अच्छी सलाह के लिए बिल्ली को धन्यवाद दिया और जाला अधूरा छोड़कर दूसरी जगह तलाश करने लगी। उसने इधर उधर देखा। उसे एक खिड़की नजर आई और फिर उसमें जाला बुनना शुरू किया कुछ देर तक वह जाला बुनती रही , तभी एक चिड़िया आई और मकड़ी का मजाक उड़ाते हुए बोली , ' अरे मकड़ी , तू भी कितनी बेवकूफ है।' 'क्यों?', मकड़ी ने पूछा। चिड़िया उसे समझाने लगी, ' अरे यहां तो खिड़की से तेज हवा आती है। यहां तो तू अपने जाले के साथ ही उड़ जाएगी।'

मकड़ी को चिड़िया की बात ठीक लगी और वह वहां भी जाला अधूरा बना छोड़कर सोचने लगी अब कहां जाला बनाया जाए। समय काफी बीत चुका था और अब उसे भूख भी लगने लगी थी। अब उसे एक आलमारी का खुला दरवाजा दिखा और उसने उसी में अपना जाला बुनना शुरू किया। कुछ जाला बुना ही था तभी उसे एक का काक्रोच नजर आया जो जाले को अचरज भरी नजरों से देख रहा था।

मकड़ी ने पूछा - 'इस तरह क्यों देख रहे हो?' काक्रोच बोला-,' अरे यहां कहां जाला बुनने चली आई ये तो बेकार की आलमारी है। अभी ये यहां पड़ी है कुछ दिनों बाद इसे बेच दिया जाएगा और तुम्हारी सारी मेहनत बेकार चली जाएगी। यह सुन कर मकड़ी ने वहां से हट जाना ही बेहतर समझा। बार-बार प्रयास करने से वह काफी थक चुकी थी और उसके अंदर जाला बुनने की ताकत ही नहीं बची थी। भूख की वजह से वह परेशान थी। उसे पछतावा हो रहा था कि अगर पहले ही जाला बुन लेती तो अच्छा रहता। पर अब वह कुछ नहीं कर सकती थी उसी हालत में पड़ी रही।

जब मकड़ी को लगा कि अब कुछ नहीं हो सकता है तो उसने पास से गुजर रही चींटी से मदद करने का आग्रह किया। चींटी बोली, ' मैं बहुत देर से तुम्हे देख रही थी, तुम बार- बार अपना काम शुरू करती और दूसरों के कहने पर उसे अधूरा छोड़ देती। और जो लोग ऐसा करते हैं, उनकी यही हालत होती है।' और ऐसा कहते हुए वह अपने रास्ते चली गई और मकड़ी पछताती हुई निढाल पड़ी रही।

## सुडोकु 2053

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 5 | 6 | | | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | | 3 | | 9 | | | 7 |
| 8 | | | | | | | | |
| 1 | 3 | | | | | | | |
| | | | 7 | | | 4 | 3 | |
| 2 | | 4 | | 8 | | | 5 | |
| | | 7 | | 2 | 5 | 8 | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2051 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 5 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 1 | 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 8 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 |

# आईपीएल 2025 में सबसे महंगे कप्तान ऋषभ पंत

## सबसे सस्ते कप्तान हैं रहाणे


ऋषभ पंत
(लखनऊ सुपर जायंट्स)
27 करोड़


अजिंक्य रहाणे
(कोलकाता नाइट राइडर्स)
1.5 करोड़


ऋतुराज गायकवाड
(चेन्नई सुपर किंग्स)
18 करोड़


अक्षर पटेल
(दिल्ली कैपिटल्स)
16.5 करोड़


शुभमन गिल
(गुजरात टाइटंस)
16.5 करोड़



पैट कमिंस
(सनराइजर्स हैदराबाद)
18 करोड़


श्रेयस अय्यर
(पंजाब किंग्स)
26.75 करोड़


संजू सैमसन
(राजस्थान रॉयल्स)
18 करोड़

### कप्तानी करते नजर नहीं आएंगे रोहित, कोहली, धोनी


हार्दिक पंड्या
16.35 करोड़


रजत पाटीदार
11 करोड़

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025) के 18वें सीजन के आगाज में अब महज गिनती के ही दिन बचे हैं। इसको लेकर तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। आगामी सीजन का पहला मैच 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। केकेआर और आरसीबी आमने-सामने होंगे। आईपीएल की सभी 10 टीमों ने अपने कप्तान का भी ऐलान कर दिया है। इस सीजन आईपीएल की पांच फ्रेचाइजियों को नए कप्तान मिले। दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल को अपना कप्तान बनाया है। केकेआर ने अजिंक्य रहाणे को टीम की कमान सौंपी है। इसके अलावा आरसीबी ने रजत पाटीदार को टीम का लीडर बनाया है। पंजाब ने श्रेयस अय्यर और लखनऊ ने ऋषभ पंत को कप्तानी की जिम्मेदारी हैं।

### ऋषभ पंत को लखनऊ ने 27 करोड़ में खरीदा

आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत सबसे महंगे खिलाड़ी बने। मेगा ऑक्शन में लखनऊ ने उन्हें 27 करोड़ रुपये में खरीदा। पंजाब को भी नए कप्तान की जरूरत थी, जिसकी वजह से उन्होंने श्रेयस अय्यर को 26.75 करोड़ में खरीदा। अजिंक्य रहाणे इस सीजन में सबसे सस्ते कप्तान होंगे, क्योंकि उन्हें केकेआर ने 1.5 करोड़ में खरीदा है।

### धोनी जैसे बड़े नाम नहीं संभालेंगे कप्तानी

कप्तानों की इस लिस्ट में पैट कमिंस तीसरे नंबर पर हैं। पैट कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने साल 2025 के लिए 18 करोड़ में रिटेन किया है। कमिंस की अगुआई में टीम ने पिछले सीजन फाइनल तक का सफर तय किया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और एमएस धोनी अब कप्तानी करते हुए नहीं दिखाई देंगे।

# राजस्थान में होगा ग्रीन आईपीएल, हर रन के बदले लगेगा एक पौधा

## आईपीएल 2025: राजस्थान सरकार का अनोखा नवाचार, खिलाड़ी करेंगे ऑर्गन डोनेशन का प्रचार

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के जयपुर में होने वाले मुकाबले इस बार सिर्फ रोमांच ही नहीं, बल्कि पर्यावरण और समाजसेवा का संदेश भी देंगे। राजस्थान सरकार ने इस बार 'ग्रीन आईपीएल' थीम पर तीन बड़े नवाचार किए हैं, जिनमें ग्रीन आईपीएल, हर रन के बराबर पेड़ लगाना और ऑर्गन डोनेशन को बढ़ावा देना शामिल है। खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की सजगता और खिलाड़ियों के प्रति स्नेह के चलते इस बार का आईपीएल अनोखा और विशेष रूप बनाने की कवायद की जा रही है। खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन ने मंगलवार को कहा कि स्टेडियम में होने वाले पांच आईपीएल मैचों में जितने रन बनेंगे, उतने ही पेड़ लगाए जाएंगे। अनुमान के अनुसार, प्रत्येक मैच में औसतन 400 रन बन सकते हैं, जिससे कुल 1500 से 2000 बड़े पौधे लगाए जाने का लक्ष्य है।



### ऑर्गन डोनर्स के परिवारों को मिलेगा सम्मान

आईपीएल मैचों के दौरान ऑर्गन डोनेशन करने वाले लोगों के परिवारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा और उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं को भी मैच दिखाने की योजना है, जिससे खेल और समाज के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिल सके। राजस्थान सरकार ऑर्गन और आई डोनेशन को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों से शॉर्ट वीडियो बनवाएगी।

### राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों ने लगाए पौधे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत यहां आने वाले सभी खिलाड़ी एक-एक पौधा लगा रहे हैं। फिलहाल राजस्थान रॉयल्स के राहुल द्रविड़, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरैल ने अपने नाम का पौधा लगाया है। अब अन्य टीमों के खिलाड़ी भी इस अभियान में शामिल होंगे। मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी जयपुर में आकर पौधारोपण करेंगे।

### सभी खिलाड़ी लगाएंगे एक-एक पौधा



मंत्री कर्नल राठौड़ का फोकस है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आईपीएल से जोड़ा जाए, ऐसे में जयपुर में खेलने आने वाले सभी खिलाड़ी स्टेडियम में एक-एक पौधा लगाएंगे।

# अब खेल अधिकारी कहलाएंगे डीवाईएसपीओ

## खेल अधिकारियों के बदले पदनाम, स्पोर्ट्स एक्ट की पालना पर जोर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की बैठक मंगलवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन ने की। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय करते हुए खेल अधिकारियों का पदनाम बदलकर डिस्ट्रिक्ट यूथ एंड स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑफिसर (डीवाईएसपीओ) कर दिया गया। पहले यह अधिकारी मुख्यालय और जिलों में 'खेल अधिकारी' के रूप में कार्यरत थे। बैठक में राजस्थान खेल अधिनियम-2005 की सख्ती से पालना करने पर जोर दिया और राज्य खेल संघों की गतिविधियों पर चर्चा की गई।

**खेल प्रोत्साहन अवॉर्ड और खिलाड़ियों का सम्मान:** डॉ. नीरज के. पवन ने बताया कि खेलों को बढ़ावा देने वाली गैर सरकारी संस्थाओं को राजस्थान खेल प्रोत्साहन अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक हुए राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले राजस्थान के खिलाड़ियों को भी जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। बैठक में उप शासन सचिव अनिता मीणा, क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, वित्तीय सलाहकार महावीर मीणा, वरिष्ठ लेखाधिकारी नीलम राठौड़ समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आरसीए एडहॉक कमेटी की बैठक: बिहाणी बोले-

# 'आईपीएल आयोजन को लेकर नहीं है टकराव'

### पार्टी का सिपाही कंट्रोवर्सी नहीं करेगा, कोई मतभेद होंगे तो बंद कमरे में निपटा लिए जाएंगे

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी को आई पीएल की मेजबानी नहीं मिलने पर कमेटी के चेयरमैन जयदीप बिहाणी ने मंगलवार को साफ किया कि राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद (आरएसकेसी) और आरसीए के बीच किसी तरह का टकराव नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल की जिम्मेदारी सीधे क्रीड़ा परिषद को सौंपी है, इसलिए इसे लेकर कोई विवाद नहीं होना चाहिए।

बिहाणी ने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों ही जगह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। ऐसे में पार्टी का कोई भी सदस्य सार्वजनिक रूप से किसी प्रकार की कंट्रोवर्सी करने की कोशिश नहीं करेगा। अगर कोई मतभेद होगा, तो उसे बंद कमरे में आपसी बातचीत से हल कर लिया जाएगा।

### फिलहाल तीन महीने एडहॉक का राज

बिहाणी ने बताया कि फिलहाल तीन महीने तक एडहॉक कमेटी का कार्यकाल बचा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नए जिले बनने के कारण आरसीए की नई जिला कमेटियां बनानी होंगी। इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद ही चुनाव की दिशा तय की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी जिले को चुनाव प्रक्रिया से वंचित रखना उचित नहीं होगा।

### 200 करोड़ के घोटाले की जांच पुलिस के अधीन

बैठक में पूर्व आरसीए कार्यकारिणी के खिलाफ 200 करोड़ रुपए के घोटाले की जांच को लेकर भी चर्चा हुई। बिहाणी ने बताया कि इस मामले की 363 पन्नों की ऑडिट रिपोर्ट राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद को सौंप दी गई है। इसमें सभी वित्तीय अनियमितताओं का जिक्र है और एफआईआर भी दर्ज करवाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अब यह मामला पुलिस के अधीन है और उसकी जांच करना पुलिस का काम है। बिहाणी ने कहा कि उन्होंने खुद भी इस मामले की निगरानी की है और जरूरत पड़ने पर आगे भी करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस घोटाले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एडहॉक कमेटी का 'अभिमान' अवॉर्ड समारोह 25 को



### सीएम को भी दिया जाएगा निमंत्रण, खेल मंत्री और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ भी होंगे शामिल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आरसीए की एडहॉक कमेटी 25 मार्च को जयपुर के होटल मैरियट में 'अभिमान' (अवार्डिंग द क्रिकेटर्स ऑफ राजस्थान) अवॉर्ड समारोह का आयोजन करने जा रही है। इस कार्यक्रम में राजस्थान के पूर्व लीजेंड खिलाड़ियों के नाम से आरसीए अवॉर्ड देगा। साथ ही राज्य के बेहतरीन क्रिकेटरों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को हुई कमेटी की बैठक में पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इसके बाद कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। एडहॉक कमेटी के चेयरमैन जयदीप बिहाणी ने बताया कि इस कार्यक्रम में अलग-अलग आयु वर्ग के क्रिकेटर्स को अवॉर्ड दिए जाएंगे।

### आरसीए के लीजेंड खिलाड़ियों के नाम पर दिए जाएंगे अवॉर्ड

आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा ने बताया कि बीसीसीआई घरेलू सत्र 2024-25 में राजस्थान के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को यह अवॉर्ड दिए जाएंगे।

1. सीनियर (पुरुष- महिला) - हनुमंत सिंह अवॉर्ड
2. अंडर-23 (पुरुष- महिला) - सलीम दुर्रानी अवॉर्ड
3. अंडर-19 (पुरुष- महिला) - किशन रूंगटा अवॉर्ड
4. अंडर-16 पुरुष और अंडर-15 महिला - लक्ष्मण सिंह अवॉर्ड
5. सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर - पार्थसारथी शर्मा अवॉर्ड

**पूर्व खेल प्रशासकों को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड:** राजस्थान क्रिकेट के विकास में योगदान देने वाले दिवंगत दिग्गजों के नाम से अवॉर्ड रखे गए है। इसमें दिवंगत अशोक ओहरी, राजेंद्र सिंह राठौड़, राकेश अग्रवाल और कमल मोरारका को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया जाएगा।

## राजस्थान रॉयल्स के बैटिंग कोच बोले:

# मजबूत है 'रायल्स' टीम, बटलर की खलेगी कमी



### पहला मुकाबला 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद से

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन में राजस्थान रॉयल्स अपना पहला मुकाबला 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी। इस मुकाबले से पहले मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स के बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ और स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने टीम की मजबूती पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि टीम में बेहतरीन बल्लेबाज और गेंदबाज मौजूद हैं, जो इस सीजन में शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**बटलर को वापस लेने की थी कोशिश:** विक्रम राठौड़ ने बताया कि टीम ने इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर को रिटेन नहीं किया था, लेकिन उन्हें नीलामी में वापस लेने की कोशिश की गई थी। हालांकि, बजट की कमी के कारण यह संभव नहीं हो पाया। बटलर का पिछला प्रदर्शन शानदार रहा था, और उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलती।

### बल्लेबाजी और गेंदबाजी में दमदार खिलाड़ी

राठौड़ ने कहा कि टीम में यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, नीतिश राणा और रियान पराग जैसे बल्लेबाज शामिल हैं। वहीं, गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर, महेष तीक्षणा, वानिंदु हसरंगा, तुषार देशपांडे और संदीप शर्मा अहम भूमिका निभाएंगे।

### युवा खिलाड़ियों पर है भरोसा


स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने बताया कि राजस्थान रॉयल्स हमेशा युवा खिलाड़ियों को मौका देती रही है। इस बार भी टीम में कई युवा खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल और अशोक शर्मा का जिक्र करते हुए कहा कि ये खिलाड़ी भविष्य में भारतीय टीम के लिए भी बड़े योगदान दे सकते हैं। इसके अलावा, 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम के साथ जोड़ा गया है, जिनमें काफी प्रतिभा है।

### सोच-समझकर बनाई गई टीम

राठौड़ ने क्रिकेट एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा के उस बयान पर कहा कि टीम मैनेजमेंट ने हर पहलू पर विचार करने के बाद खिलाड़ियों का चयन किया है, और मौजूदा टीम पर उन्हें पूरा भरोसा है।

# निशुल्क बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज एवं गुरुकृपा स्पोर्ट्स एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में 'निशुल्क बैडमिंटन प्रतियोगिता' 18 से 20 मार्च को गुरुकृपा स्पोर्ट्स एकेडमी, केसर पैलेस के पीछे, न्यू अग्रसेन कॉलोनी, श्रीमाधोपुर के इंडोर कोर्ट पर शाम 4 से रात 9 बजे तक होगी। प्रतियोगिता में कुल 115 एंट्रीज आई है, जिनमें से ग्रुप-ब (14 वर्ष से ऊपर) सिंगल्स में 63, डबल्स में 38=101, जबकि ग्रुप-अ (14 वर्ष तक) में सिंगल्स में 11, डबल्स में 3=14 है। प्रतियोगिता एकल व युगल दोनों तरह से होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को 'पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट' दिए जाएंगे।

दोनों वर्गों में विजेताओं व उप-विजेताओं को मोमेंटो व सर्टिफिकेट 25 मार्च को समारोह में दिए जाएंगे। प्रतियोगिता का सुबह 8 बजे गुरुकृपा स्पोर्ट्स एकेडमी में विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमैन गिरिराज कयाल, प्रोजेक्ट को-चेयरमैन पुरुषोत्तम कुमार शर्मा, सह-प्रांतपाल दिलीप सिंह शेखावत, पूर्व सह-प्रांतपाल डॉ. माधव सिंह, संजीव फ्रैंकलिन, राजेन्द्र प्रसाद कसेरा, सचिव शांति लाल सोनी सहित कई खिलाड़ी मौजूद रहे।

## पीएम मोदी ने विशेष ओलंपिक पदक विजेता एथलीटों से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय एथलीटों से संसद भवन में मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'मुझे अपने एथलीटों पर बहुत गर्व है, जिन्होंने इटली के ट्यूरिन में आयोजित विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में 33 पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है।' उन्होंने संसद में भारतीय एथलीट दल से मुलाकात की और उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें बधाई दी।

## लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में मुक्केबाजी भी होगी शामिल




विशेष संवाददाता

**कोस्टा नवारिनो (यूनान)।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के खेल कार्यक्रम में मुक्केबाजी को शामिल करने को मंजूरी दे दी है। निवर्तमान आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने कोस्टा नवारिनो के रोमानोस रिसॉर्ट में आईओसी कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में इसकी पुष्टि की। बाक ने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद कहा, 'फरवरी में विश्व मुक्केबाजी को अस्थायी मान्यता मिलने के बाद हम यह फैसला लेने की स्थिति में थे। सत्र में इसे मंजूरी के लिए रखा जाएगा और मुझे यकीन है कि इसे मंजूरी मिल जाएगी। इसके बाद दुनिया भर के मुक्केबाज लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेल सकेंगे, अगर उनके राष्ट्रीय महासंघ को विश्व मुक्केबाजी से मान्यता मिली हुई है।' उल्लेखनीय है कि मुक्केबाजी 1904 से ओलंपिक खेल रहा है, लेकिन शासन, संचालन और वित्तीय प्रबंधन से संबंधित मुद्दों के कारण आईओसी ने वर्ष 2019 में अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ की मान्यता को निलंबित कर दिया था।

## आईपीएल की ओपनिंग सेरेमनी में समां बांधेंगे बॉलीवुड कलाकार



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का आगाज कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 22 मार्च को शानदार समारोह के साथ होने वाला है। कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच सीजन का पहला मैच खेला जाएगा। बॉलीवुड स्टार्स श्रद्धा कपूर और वरुण धवन मेगा इवेंट में अपने पावर-पैक प्रदर्शन से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसके अलावा मशहूर सिंगर अरिजीत सिंह का भी परफॉर्मेंस होने वाला है। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। पिछले सीजन में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, सोनू निगम और एआर रहमान जैसे कलाकारों ने अपनी परफॉर्मेंस से समां बांधा था।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने बताया कि आईपीएल ओपनिंग सेरेमनी के लिए 25 मिनट का समय तय किया गया है। यह मैच से पहले एक छोटा, लेकिन मनोरंजक कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि अभी कलाकारों के बारे में जानकारी नहीं मिली है, लेकिन यह एक शानदार कार्यक्रम होगा।

### दो नए कप्तान की टक्कर

आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु नए कप्तान के साथ उतर रही है। फ्रेंचाइजी ने रजत पाटीदार को कप्तानी की जिम्मेदारी दी है। दूसरी तरफ कोलकाता नाइट राइडर्स डिफेंडिंग चैंपियन है। इसके बाद भी टीम ने अपने कप्तान को रिटेन नहीं किया। भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे के पास टीम की कमान होगी।

# लगातार दूसरा टी20 मैच हारा पाकिस्तान

### न्यूजीलैंड ने 5 विकेट से दर्ज की जीत सीरीज में 2-0 की बढ़त

विशेष संवाददाता

**डुनेडिन।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। टीम ने दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया। डुनेडिन में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कीवियों ने पाकिस्तान की टीम को 15 ओवर में 9 विकेट पर 135 रन पर रोक दिया। फिर 13.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर जीत के लिए जरूरी रन बना लिए। बारिश के कारण इस मुकाबले को 15-15 ओवर का कर दिया गया था। न्यूजीलैंड के टिम साईफर्ट प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। स्थानीय समय के अनुसार मुकाबला दोपहर 2.15 बजे शुरू होना था, लेकिन टॉस से पहले बारिश आ गई। ऐसे में मुकाबला 3.30 बजे के बाद शुरू हो सका।

**न्यूजीलैंड के ओपनर्स की तेज शुरुआत :** 135 रन का टारगेट चेज करने उतरे न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने तेजी से रन बनाए। टिम साईफर्ट और फिन एलेन की जोड़ी ने 28 बॉल पर 66 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। यहां से अगले 31 रन बनाने में टीम ने 4 विकेट गंवा दिए। साईफर्ट ने 45 और एलेन ने 38 रन बनाए। मार्क चैपमैन ने एक और डेरिल मिचेल ने 14 रनों का योगदान दिया। आखिर में मिचेल हेय ने नाबाद 21 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचा दिया। हारिस रऊफ को 2 विकेट मिले।

**पाकिस्तान ने नियमित अंतराल पर गंवाए विकेट :** टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले ओवर में ही ओपनर हसन नवाज का विकेट गंवा दिया। उन्हें जैकब डफी ने मार्क चैपमैन के हाथों कैच कराया। टीम ने 52 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए थे। कप्तान आगा सलमान (46 रन) के अलावा, कोई अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। शादाब खान ने 26 और शाहीन अफरीदी ने नाबाद 22 रन बनाए। न्यूजीलैंड से जैकब डफी, बेन सायरस, जिमी नीशाम और ईश सोढ़ी ने 2-2 विकेट लिए।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें। facebook YouTube twitter


रूस-यूक्रेन के बीच की लड़ाई में हस्तक्षेप, जी-20 में भारत की अध्यक्षता व अनुच्छेद 370 जैसे जटिल मुद्दों पर भारत को दिलाई बड़ी सफलताएं

# कूटनीतिक मामलों में मोदी बजा रहे दुनियाभर में भारत का डंका

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने प्रभाव से कूटनीतिक मामलों में पूरी दुनिया में भारत का महत्व बढ़ाने में कामयाब हो रहे हैं। रूस-यूक्रेन के बीच की लड़ाई हो या जी-20 में भारत की अध्यक्षता या अनुच्छेद 370 जैसे जटिल मुद्दे पर भारत को दुनियाभर से मिला समर्थन हो, मोदी की कूटनीति ने भारत को बड़ी सफलताएं दिलाई हैं। उनके नेतृत्व में भारत एक मजबूत वैश्विक कूटनीतिक शक्ति के रूप में उभरा है।

पोलैंड के उप-विदेश मंत्री व्लादिस्लाव टेओफिल बार्टोस्जेव्स्की ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को वर्तमान में जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष में सामरिक परमाणु हथियारों का उपयोग नहीं करने के लिए राजी करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वपूर्ण कूटनीतिक हस्तक्षेप को स्वीकार किया। यह वैश्विक शांति प्रयासों में एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में भारत की भूमिका को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की वारसॉ यात्रा बहुत शानदार रही। उन्होंने पुतिन को सामरिक परमाणु हथियारों का उपयोग नहीं करने के लिए राजी किया। हम स्थाई शांति चाहते हैं। हम यूक्रेन में स्थिर और दीर्घकालिक शांति चाहते हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने स्वयं भारत के कूटनीतिक प्रयासों को मान्यता दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सहित प्रमुख वैश्विक नेता इस शत्रुता को समाप्त करने में अपना समय और प्रयास दोनों दे रहे हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के समाधान में भारत का प्रभाव भी महत्वपूर्ण है।

### वैश्विक तनाव के बीच भारत-रूस संबंधों की रही मजबूती

रूस के साथ भारत के संबंध लगातार परिपुष्ट हो रहे हैं। वर्तमान में जारी युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा ने भारत के तटस्थ रुख और शांति के मामले में प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने भारत को संघर्ष को हल करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक शिखर सम्मेलन आयोजित करने का सुझाव भी दिया, जो भारत के बढ़ते वैश्विक कूटनीतिक कद को दर्शाता है।



### अनुच्छेद 370 : भारत के निर्णय को वैश्विक समर्थन

भारत द्वारा अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के मामले में पाकिस्तान की तमाम कोशिशों के बावजूद सऊदी अरब ने भारत के इस कदम का ना सिर्फ समर्थन किया, बल्कि भारत व सऊदी अरब ने 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए। यूएई ने भी भारत का समर्थन करते हुए इसे आंतरिक मामला बताया और क्षेत्रीय स्थिरता की आशा व्यक्त की। रूस, इजराइल, बहरीन व ईरान ने भी समर्थन किया, जिससे भारत की कूटनीतिक क्षमता में वृद्धि हुई।

### कतर से भारतीय नौसेना कर्मियों की रिहाई

कतर में मृत्यु दंड का सामना कर रहे आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को भारत सरकार द्वारा उच्च-स्तरीय राजनयिक हस्तक्षेप के बाद रिहा कर दिया गया। यह भी पीएम मोदी की एक कूटनीतिक सफलता है।

### 26/11 के आतंकी आरोपी तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण

प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का भारत में प्रत्यर्पण करने का वादा किया। ट्रंप ने कहा कि हम एक बहुत ही खतरनाक व्यक्ति को भारत को सौंप रहे हैं, जो 26/11 के मुंबई आतंकी हमले का आरोपी है।

### भारत के आतंकवाद-विरोधी हमलों को अंतरराष्ट्रीय समर्थन

भारत के आतंकवाद के खिलाफ किए गए सर्जिकल हमलों को व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला। जापान, जर्मनी, यूएई, रूस जैसे देशों ने भारत की आतंकवाद विरोधी पहलों के लिए अपने निरंतर समर्थन को व्यक्त किया, जो प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीतिक सफलता है।

### जी-20 नई दिल्ली घोषणा

भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान, रूस-यूक्रेन संघर्ष ने अंतिम विज्ञप्ति में आम सहमति का समर्थन नहीं करने की धमकी दी। हालांकि रणनीतिक वार्ता के माध्यम से, जिसमें 300 द्विपक्षीय बैठकें, 200 घंटे की चर्चाएं और 15 मसौदे शामिल हैं, भारत ने सदस्य देशों को आम सहमति के स्तर तक सफलतापूर्वक पहुंचा दिया। इससे वैश्विक मंच पर भारत की कूटनीतिक क्षमता मजबूत हुई।

### अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता और चिकित्सा कूटनीति

भारत ने वैश्विक स्थिरता के मामले में अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए ऑपरेशन गंगा, ऑपरेशन देवी शक्ति, ऑपरेशन कावेरी, ऑपरेशन समुद्र सेत, ऑपरेशन अजय जैसे सफल अभियानों के जरिए दुनिया के विभिन्न देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षित घर वापसी कराई। वैक्सीन मैत्री के जरिए भारत ने 100 से अधिक देशों को कोविड-19 टीके की आपूर्ति की। इसी तरह ऑपरेशन दोस्त में विनाशकारी भूकंप के बाद तुर्की और सीरिया को आपदा राहत प्रदान की। वहीं ऑपरेशन सद्भाव के तहत संकट में पड़ोसी देशों को चिकित्सा और मानवीय सहायता प्रदान की।

## विश्व हिन्दू परिषद और बंजरग दल के दायित्वों व कार्यों के बारे में दी जानकारी



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम, विभाग मंत्री सतीश चन्द्र मिश्रा, धर्माचार्य जिला सह संपर्क प्रमुख रामानन्द पाठक मंगलवार को नवलगढ़ प्रवास पर रहे। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष राममोहन सेकसरिया की अध्यक्षता में संपूर्ण प्रखण्ड की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम ने विश्व हिन्दू परिषद व बंजरग दल के दायित्वों व कार्यों के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात प्रखण्ड अध्यक्ष राम मोहन सेकसरिया ने जिला अध्यक्ष विनोद सिंघानिया की सहमति से बजरंग दल की प्रखण्ड समिति व बड़वासी खण्ड समिति की नियुक्ति की घोषणा की। मोनू सैनी को बजरंग दल का प्रखण्ड संयोजक, प्रखण्ड सह संयोजक अनिल सैनी, प्रखण्ड गौरक्षा प्रमुख भैरोंसिंह राठौड़, प्रखण्ड विद्यार्थी प्रमुख जितेन्द्र सैनी, प्रखण्ड मिलन प्रमुख मोनू वाल्मीकि व प्रखण्ड बलोपासना प्रमुख ओमप्रकाश सैनी को नियुक्त किया गया। इसी प्रकार बजरंग दल बड़वासी खण्ड संयोजक दीपक सोनी, खण्ड सह संयोजक शिवओम सोनी, खण्ड गौरक्षा प्रमुख नरेन्द्र निर्वाण, खण्ड सुरक्षा प्रमुख आजाद गौड़, खण्ड विद्यार्थी प्रमुख योगेश बोयल, खण्ड मिलन प्रमुख आकाश शर्मा व खण्ड बलोपासना प्रमुख किसन सैन को नियुक्त किया गया।

नव नियुक्त दोनों समितियों के सभी सदस्यों को दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। जिला संरक्षक रामकुमार सिंह राठौड़ ने आगामी रामनवमी महोत्सव की जानकारी दी। बैठक का संचालन प्रखण्ड मंत्री अजय रूंथला ने किया। इस अवसर पर प्रखण्ड उपाध्यक्ष लक्ष्मण स्वामी, सामाजिक समरसता प्रमुख डॉ. जगदीश प्रसाद कड़वासरा, सह प्रमुख सुरेश कुमावत, सत्संग प्रमुख प्रवीण बासोतिया, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख मेजर डीपी शर्मा, प्रो. सीएस राजावत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## श्रीराम शोभायात्रा की सफलता का लिया संकल्प

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** हर वर्ष सनातन धर्म प्रेमी और सर्व हिन्दू समाज सवाई माधोपुर की ओर से राम नवमी पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा को लेकर रेलवे स्टेशन स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ पदाधिकारी मोहन लाल कौशिक ने की। बैठक में पधारे सर्व हिन्दू समाज ने अपने-अपने विचार रख श्रीराम शोभायात्रा की सफलता का संकल्प लिया और आगामी बैठक बुधवार शाम 7 बजे पुनः श्रीराम जानकी मंदिर पर ही रखे जाने का निर्णय किया। बैठक में हिंदू धर्म से जुड़े विभिन्न संगठनों और समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारियों को आमंत्रित करने का निर्णय किया गया। गौरतलब है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 6 अप्रेल रविवार को श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर विशाल श्रीराम शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मोहन लाल कौशिक, लालचंद गौतम, राजेश गोयल चक्की वाले, शिव सेना हिन्दुस्तान के प्रदेश प्रभारी जीतू सिंधी, विजेंद्र सिंह, दानेंद्र शर्मा, रामपाल बालोत, मूल सिंह नाथावत, श्रीराम शर्मा, मुकेश योगी, बबलू सुवालका, रामावतार गौतम आदि उपस्थित रहे।

## स्काउट-गाइड जिला रैली में पूर्ण तैयारी के साथ लें भाग

**रामगढ़ पचवारा (मसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग का शुभारम्भ राहुवास पीईईओ शंभूदयाल मीना, प्रिंसिपल श्रीराम जांगिड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्काउट सचिव श्रीकांत शर्मा ने आह्वान किया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय दौसा के तत्वावधान में स्काउट गाइड जिला स्तरीय प्रतियोगिता रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रामगढ़ पचवारा ब्लॉक से अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय भाग ले। इस दौरान नोडल प्रिंसिपल रामवतार मीना ने कहा कि रामगढ़ पचवारा ब्लॉक में स्काउट गाइड गतिविधियों को बढ़ाना देना चाहिए। उन्होंने सचिव को आश्वस्त किया कि रामगढ़ पचवारा ब्लॉक से पूर्ण तैयारी के साथ सहभागिता होगी। प्रिंसिपल श्रीराम जांगिड़ ने कहा कि ऐसे अवसर बहुत कम उपलब्ध होते हैं। जिला रैली में विद्यालय को प्रतिनिधित्व करवाना चाहिए। क्लाइमेट लीडर महेंद्र साहू और यूथ समिति अध्यक्ष हर्ष शर्मा ने जिला रैली में होने वाली विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला।



## पार्श्वनाथ भगवान का मनाया केवलज्ञान कल्याणक महोत्सव



**फागी (मसं)।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के जिनालयों में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान का केवलज्ञान कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि कस्बे के बीचला मंदिर पार्श्वनाथ जिनालय में प्रातः श्री जी का अभिषेक, सामूहिक रूप से महाशांतिधारा करने के बाद अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना कर जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान का केवल ज्ञान का जयकारों के साथ सामूहिक रूप से अर्घ्य चढ़ाकर सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर कपूर चंद नला, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, संतोष बजाज, कैलाश कडीला, राजेंद्र मोदी, सुरेंद्र चौधरी, विमल कलवाड़ा सहित कई श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्ति पर डॉ. राजेश यादव का सम्मान 31 को



**नवलगढ (मसं)।** कस्बे के डॉ. राजेश यादव उपनिदेशक बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय 31 मार्च को राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो रहे हैं। सेवानिवृति पर संजीवनी व अन्य सामाजिक संस्थाओं की ओर से अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक संजीवनी के अध्यक्ष डॉ. दयाशंकर जांगिड़ व कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. अनिल कुमार शर्मा, मुरली मनोहर चोबदार, मेजर डीपी शर्मा, कैलाश चोटिया, मोहनलाल सैनी, रामकुमार सिंह, गंगाधर सिंह, कृष्ण कुमार दायमा, भंवरलाल जांगिड़, हरिश हिंदुस्तानी व पंकज शाह हैं। कार्यक्रम यादव फार्म हाउस बेरी रोड में सायं 6 बजे होगा।

## जिला स्तरीय जन सुनवाई कल

**सीकर (मसं)।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान किए जाने के लिए जिला स्तर पर जनसुनवाई एवं समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए 20 मार्च को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट परिसर सीकर में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।

# नागपुर में हिंसा के बाद 11 इलाकों में कर्फ्यू

दंगे के आरोप में 50 गिरफ्तार, औरंगजेब की कब्र के सभी रास्तों पर बढ़ाई सुरक्षा

महानगर संवाददाता

**नागपुर।** नागपुर में औरंगजेब का पुतला जलाने पर हुई हिंसा के बाद मंगलवार को 11 इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सोमवार शाम हुई हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हो गए, इनमें 3 डीसीपी शामिल हैं। 5 आम लोग भी घायल हो गए, इनमें से एक आईसीयू में भर्ती है। दंगाइयों ने 12 बाइक, कई कारें, 1 जेसीबी जला दी थी। पुलिस ने दंगे के आरोप में 50 लोगों को अरेस्ट किया है। वहीं, संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कब्र की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। हर आने-जाने वालों की जांच की जा रही है। इधर शिवसेना (यूटीबी) चीफ उद्धव ठाकरे ने कहा कि भाजपा छत्रपति संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र हटा सकती है, क्योंकि पार्टी केंद्र व राज्य दोनों में सत्ता में है। मैं मुख्यमंत्री नहीं हूं, न ही मैं गृह मंत्री हूं, मुख्यमंत्री से पूछिए कि नागपुर हिंसा के पीछे कौन है, क्योंकि आरएसएस मुख्यालय वहीं है।

### 'महाराष्ट्र को मणिपुर बनाने की कोशिश कर रही भाजपा'

वहीं, आदित्य ठाकरे ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र को मणिपुर बनाने की कोशिश कर रही है। दुख की बात है कि जब भाजपा शासन नहीं कर पाती तो हिंसा और दंगों का सहारा लेती है। अगर आप मणिपुर को देखें तो वे महाराष्ट्र को बिल्कुल वैसा ही बनाना चाहते हैं। वे 300 साल से भी पहले जीने वाले किसी व्यक्ति का इतिहास खोदने की कोशिश कर रहे हैं।

### मुंबई के मुस्लिम बहुल इलाकों में भी बढ़ाई सुरक्षा

हिंसा के बाद शहर के गणेशपेठ, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर में कर्फ्यू लगाया गया है। इसके अलावा मुंबई में भी पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि नागपुर हिंसा को लेकर 5 एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, 31 पुलिसकर्मी और 7 नागरिक घायल हुए हैं। फडणवीस ने कुल्हाड़ी के हमले से घायल डीएसपी निकेतन कदम से वीडियो कॉल पर बात भी की।



### औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र जलाने से मचा था बवाल

नागपुर में विश्व हिंदू परिषद ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान गोबर के कंडों से भरा एक हरे रंग का कपड़ा जलाया गया। विहिप के मुताबिक ये औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद देर शाम नागपुर के महल इलाके में हिंसा भड़क गई। पथराव और तोड़फोड़ शुरू हो गई। उपद्रवियों ने घरों पर पथराव किया और सड़क पर खड़े दर्जनों वाहनों में तोड़फोड़ व आगजनी की। पुलिस पर भी हमला किया गया। डीएसपी निकेतन कदम कुल्हाड़ी के हमले से घायल हो गए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। रात 10.30 बजे से 11.30 बजे के बीच ओल्ड भंडारा रोड के पास हंसपुरी इलाके में एक और झड़प हुई।

### डबल इंजन की सरकार विफल हो गई तो दे इस्तीफा : ठाकरे

शिवसेना (यूटीबी) चीफ ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र डबल इंजन की सरकार है। अगर डबल इंजन की सरकार विफल हो गई है तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। अगर आप चाहें तो आप औरंगजेब की कब्र हटा सकते हैं, लेकिन उस दौरान चंद्रबाबू नायडू व नीतीश कुमार को बुलाएं। उन्होंने कहा कि औरंगजेब वास्तव में गुजरात में पैदा हुए। उनका जन्म 1618 में गुजरात के दाहोद में हुआ था और उनकी मृत्यु 1707 में महाराष्ट्र के भिंगर के पास हुई थी। उनकी मौत को 300 साल हो चुके हैं।

### चेहरा ढंककर आए थे उपद्रवी

चश्मदीदों ने बताया कि उपद्रवियों ने अपने चेहरे ढंक रखे थे। उनके हाथ में तलवार, डंडे और बोतलें थीं। अचानक से सभी ने हंगामा शुरू कर दिया। घरों पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। दुकानों में तोड़-फोड़ की। इसके बाद गाड़ियों के शीशे तोड़ने लगे और उनमें आग लगा दी।

### सीएम खुद नागपुर से विधायक

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने देर रात कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के साथ बैठक की। इसके बाद बावनकुले नागपुर के लिए रवाना हो गए। सीएम ने उन्हें घटना पर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। फडणवीस भी नागपुर के दक्षिण-पश्चिम सीट से विधायक हैं।

## सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल रखें अधिकारी : रामविलास

रामगढ़ पचवारा में लालसोट विधायक ने तीन सड़कों का किया शिलान्यास

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित नगर पालिका सभागार भवन में मंगलवार को लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने 80 लाख की लागत से बननी वाले सड़क के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। लालसोट विधायक ने उपखंड की ग्राम पंचायत बिडोली में लिंक रोड स्टेट हाईवे 24 से कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा सड़क नवीनीकरण कार्य का कन्या महाविद्यालय के गेट पर अनावरण पट्टिका का सरपंच शांति देवी की अध्यक्षता में शिलान्यास किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य ममता देवी मीणा, पंचायत समिति सदस्य रामपति मीणा, नगर पालिका चेयरमैन घनश्याम खटीक, सरपंच प्रतिनिधि सीताराम मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीफूल मीणा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



इसके बाद विधायक मीणा ने नगर पालिका रामगढ़ पचवारा पहुंच सभागार भवन में नगर पालिका चेयरमैन घनश्याम खटीक की अध्यक्षता में नगर पालिका क्षेत्र रामगढ़ पचवारा में मुख्य सड़कों के मरम्मत कार्य के लिए मोहनलाल कटारा के मकान से रमेश महावर के मकान तक एवं चक्की वाले से इनोवेशन स्कूल तक अनावरण पट्टिका का शिलान्यास किया। विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद रामजीलाल मीणा व पिंकी देवी रहीं।

सभागार भवन में लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सड़क निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता से कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं जनसुनवाई भी की। इस दौरान कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी योगेश कुमार मीणा, भाजपा नेता शंभूलाल कुई वाला, ललित गुप्ता, गोपाल सिंह, ठेकेदार रामराज मीणा, सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल मीणा सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजकुमार मीणा ने बताया कि लिंक रोड स्टेट हाईवे 24 से कन्या महाविद्यालय 40 लाख की लागत से बनाया जाएगा। नगर पालिका रामगढ़ पचवारा पर मोहनलाल कटरा के मकान से रमेश महावर के मकान तक 25 लाख की लागत से सड़क मरम्मत कार्य किया जाएगा। चक्की वाले से इनोवेशन स्कूल तक 15 लाख की लागत से सड़क मरम्मत कार्य किया जाएगा।

## 'पूर्ण पेंशन की बहाली पर रिटायर कर्मचारियों की शिकायतों की जांच के लिए बनाएं विशेषज्ञ कमेटी'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने रिटायर सरकारी कर्मचारियों की ओर से पूर्ण पेंशन की बहाली को लेकर पेश शिकायतों की जांच के लिए राज्य सरकार को विशेषज्ञ कमेटी गठित करने का सुझाव दिया है। कोर्ट ने कहा कि मामले में वित्तीय हितों को देखते हुए राज्य सरकार कमेटी का गठन कर सकती है, जो इस संबंध में पेंशन भोगियों की शिकायत की जांच करे। अदालत ने कहा है कि कमेटी अपनी सिफारिश छह माह में राज्य सरकार के समक्ष पेश करे और राज्य सरकार उस पर अपने स्तर पर निर्णय करे। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान व अन्य की ओर से दायर याचिका पर दिए। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को छूट दी है कि यदि उनकी शिकायत का निवारण नहीं होता है तो वे नए सिरे से याचिका पेश कर सकते हैं। याचिका में अधिवक्ता एचवी नंदवाना ने कोर्ट को बताया कि किसी कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर राज्य सरकार उससे पेंशन के कम्यूटेशन का विकल्प मांगती है। यदि वह इस विकल्प पर अपनी सहमति देता है तो संबंधित रिटायर कर्मचारी को करीब आठ साल की पेंशन का अग्रिम भुगतान किया जाता है। वहीं इसके बदले 14 साल तक उसकी पेंशन से राशि काटी जाती है, जबकि अग्रिम दी गई राशि और उसके ब्याज का पुनर्भरण करीब दस साल में ही पूरा हो जाता है।

## सवा दो करोड़ से ज्यादा पशुओं को लगाए जाएंगे टीके, अभियान शुरू

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पशुपालन विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को राज्य के गौ तथा भैंस वंशीय पशुओं के लिए एफएमडी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। यह सघन अभियान 18 मार्च से 17 मई तक चलेगा।

शासन सचिव पशुपालन डॉ. समित शर्मा ने राज्य में इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिलों के संयुक्त निदेशकों को माइक्रो लेवल पर टीकाकरण की विस्तृत योजना बनाकर इसकी क्रियान्विति करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए ब्लॉक लेवल पर भी नोडल अधिकारी नियुक्ति किए हैं। डॉ. शर्मा ने जिला संयुक्त निदेशक और अधीनस्थ ब्लॉक नोडल अधिकारियों को दैनिक टीकाकरण कार्यक्रम बनाकर इसका प्रचार-प्रसार करने को कहा है, जिससे अधिक से अधिक पशुपालक इस सघन अभियान से जुड़ सकें और ज्यादा ये ज्यादा संख्या में पशुओं का टीकाकरण हो सके।

### अभियान के तहत होगी पशुओं की टैगिंग

अभियान के तहत पशुओं की टैगिंग, रजिस्ट्रेशन, गौ एवं भैंस वंशीय पशुओं में टीकाकरण तथा टीकाकरण का डेटा आदि का इंद्राज भारत पशुधन एप पर अनिवार्य रूप से किए जाने का निर्देश देते हुए उन्होंने बताया कि टीकाकरण के लिए पशुओं के ईयर टैग लगाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि पशुओं में हर्ड इम्यूनिटी के लिए आवश्यक है कि एक निश्चित संपूर्ण क्षेत्र में निश्चित अवधि में टीकाकरण का कार्य पूरा हो जाए। डॉ. शर्मा ने सभी जिलों के पशु चिकित्सा अधिकारियों से अपील की है कि इस अभियान में पशुओं में शत-प्रतिशत टीकाकरण का कार्य कर आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें, ताकि राजस्थान को एफएमडी मुक्त राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ा जा सके।

### खुरपका और मुंहपका रोगों से होगा बचाव

इस विषय में विभाग के निदेशक डॉ. आनंद सेजरा ने बताया कि गाय और भैंस वंशीय पशुओं में खुरपका और मुंहपका रोगों से बचाव के लिए यह निशुल्क टीकाकरण किया जाता है। दो महीने के इस अभियान में में दो करोड़ 32 लाख पशुओं को टीके लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निराश्रित गौवंश का टीकाकरण ग्राम पंचायत के सहयोग से किया जाएगा।

# टैरिफ वार के बीच साढ़े तीन साल में सबसे कम हुआ भारत का व्यापार घाटा

## दो साल में देश में सबसे कम हुआ आयात

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में टैरिफ वार के बीच आयात में गिरावट से देश का व्यापार घाटा फरवरी 2025 में कम होकर 14.05 अरब डॉलर रह गया। यह अगस्त 2021 के बाद साढ़े तीन साल का निचला स्तर है। खास बात यह है कि व्यापार घाटा अर्थशास्त्रियों के 21.65 अरब डॉलर के पूर्वानुमान से काफी कम है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक पेट्रोलियम कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अनिश्चितताओं की वजह से भारत से वस्तुओं का निर्यात लगातार चौथे महीने घटकर 36.91 अरब डॉलर रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 41.41 अरब डॉलर रहा था। इस अवधि में आयात भी घटकर करीब दो साल के निचले स्तर 50.96 अरब डॉलर पर आ गया। यह अप्रैल 2023 के बाद सबसे कम आयात है। फरवरी 2024 में कुल 60.92 अरब डॉलर का आयात किया गया था।

नवंबर, 2024 से फरवरी 2025 तक चार महीनों में वस्तुओं के निर्यात में मूल्य के लिहाज से गिरावट देखी गई। जनवरी में 36.43 अरब डॉलर का निर्यात किया गया, जो एक साल पहले के 37.32 अरब डॉलर से कम है। दिसंबर में यह घटकर 38.01 अरब डॉलर और नवंबर में 32.11 अरब डॉलर रह गया। व्यापार घाटे का आंकड़ा अगस्त 2021 के बाद से सबसे निचले स्तर पर आने के बारे में पूछे जाने पर एक अधिकारी ने कहा कि ये त्वरित अनुमान हैं। हम आयात में इस गिरावट के विवरण की जांच कर रहे हैं।

### 11 महीने में 6.24 फीसदी बढ़ा निर्यात

चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से लेकर फरवरी माह तक पहले 11 महीनों में वस्तु और सेवा निर्यात 6.24 फीसदी बढ़कर 750.53 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं 2023-24 की समान अवधि अप्रैल से लेकर फरवरी माह तक पहले 11 महीनों में देश से 706.43 अरब डॉलर का निर्यात किया गया था।

### शीर्ष-5 निर्यात गंतव्य, जापान को सर्वाधिक वृद्धि

मूल्य के लिहाज से जिन पांच देशों को फरवरी में भारत से सबसे ज्यादा वस्तुओं का निर्यात किया गया, उनमें अमेरिका को 9.1 फीसदी, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 5.19 फीसदी और यूनाइटेड स्टेट (यूके) को 12.47 फीसदी, जापान को 21.67 फीसदी और नीदरलैंड को 3.68 फीसदी निर्यात किया गया।

### सोने और कच्चे तेल के आयात में गिरावट

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक सोने का आयात फरवरी में घटकर 2.3 अरब डॉलर रह गया, जो जनवरी में 2.68 अरब डॉलर रहा था। कच्चे तेल का आयात भी 13.4 अरब डॉलर की तुलना में कम होकर 11.8 अरब डॉलर रह गया। गैर पेट्रोलियम और गैर आभूषण (सोना, चांदी और अन्य बहुमूल्य धातु) का आयात एक साल पहले के 33.96 अरब डॉलर की तुलना में बढ़कर 35.02 अरब डॉलर पहुंच गया।

---

बाजार में मंगल ही मंगल

# सेंसेक्स 1131 अंक चढ़ा, निफ्टी 325 अंक बढ़कर 22 हजार पार




महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में मंगलवार को मंगल ही मंगल रहा। सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी 326 अंक चढ़कर 22,834 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 1131 अंक चढ़कर 75,301 पर क्लोज हुआ।

सेंसेक्स-निफ्टी शानदार तेजी के साथ मंगलवार को बंद होने में कामयाब रहे। निफ्टी करीब एक महीने के ऊपरी लेवल पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1131.31 अंक यानी 1.53 फीसदी की बढ़त के साथ 75,301.26 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 325.55 अंक यानी 1.45 फीसदी की बढ़त के साथ 22,834.30 के लेवल पर बंद हुआ। डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशंस मुहैया कराने वाली कंपनी वन मोबीक्विक सिस्टम्स लिमिटेड के शेयर 17 मार्च को कैश हो गए थे, लेकिन मंगलवार को कंपनी के शेयर कारोबार के अंत में बीएसई पर 19.99 फीसदी की तेजी के साथ 298 रुपए के लेवल पर बंद हुए। सरकारी कंपनी एनएमडीसी शेयरहोल्डर्स को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2.30 रुपए प्रति शेयर का पहला अंतरिम डिविडेंड देने वाली है। इसे कंपनी के बोर्ड ने 17 मार्च की मीटिंग में मंजूरी दी। डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 21 मार्च 2025 रखी गई है।

सरकारी इंजीनियरिंग और कंस्ट्रक्शन कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयर 18 मार्च को कारोबार के अंत में 5.53 फीसदी तेजी के साथ 145.90 के लेवल पर बंद हुआ। कंपनी को मिले नए ऑर्डर के चलते स्टॉक में तेजी आई है। एक्सचेंज फाइलिंग में नवरत्न कंपनी इरकॉन ने कहा कि उसने बद्री राय एंड कंपनी के साथ एक ज्वाइंट वेंचर में मेघालय सरकार से 1,096.17 करोड़ रुपए का ईपीसी कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया है। वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के शेयर 4.95 फीसदी की दमदार तेजी के साथ 532.50 रुपए के लेवल पर कारोबार करके बंद हुए हैं।

---

# बेंगलुरु में पिछले साल 50 हजार से ज्यादा आईटी कर्मचारियों की छंटनी

## नौकरियों पर संकट से रियल एस्टेट मार्केट पर सबसे ज्यादा असर

महानगर संवाददाता



**बेंगलुरु।** जिसे भारत का टेक हब कहा जाता है और अब तक आईटी प्रोफेशनल्स के लिए सबसे पसंदीदा स्थान रहा है, यहां हजारों कर्मचारी पेइंग गेस्ट आवासों और बजट रेंटल अपार्टमेंट्स में रहते हैं, लेकिन अब यहां बड़े पैमाने पर छंटनियों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व ऑटोमेशन के बढ़ते प्रभाव के चलते सबसे गंभीर नौकरी संकट का सामना करना पड़ रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह संकट न केवल टेक कर्मचारियों को प्रभावित कर रहा है, बल्कि बेंगलुरु के हाउसिंग मार्केट, रियल एस्टेट निवेश और स्थानीय व्यवसायों को भी भारी नुकसान पहुंचा सकता है।

### लगातार घट रही पीजी और किराये के मकानों की मांग

रिपोर्ट के मुताबिक बेंगलुरु में गत वर्ष 2024 में 50 हजार से अधिक आईटी कर्मचारियों की नौकरी चली गई, जिससे रेंटल और रियल एस्टेट बाजार मंदी की ओर बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार आने वाले हफ्तों और महीनों में आईटी सेक्टर में और छंटनी हो सकती है। खासतौर पर कम वेतन वाले कर्मचारियों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। ऐसे कर्मचारी आमतौर पर सस्ते पीजी और बजट के रेंटल अपार्टमेंट्स में रहते हैं और कंपनियों द्वारा खर्च कम करने के लिए इन्हें सबसे पहले नौकरी से निकाला जाता है। एआई व ऑटोमेशन की वजह से कई एंट्री-लेवल प्रोग्रामर्स और सॉफ्टवेयर टेस्टर्स की नौकरियां जा रही हैं। अब कंपनियां कोडिंग, डीबगिंग और सॉफ्टवेयर ऑप्टिमाइजेशन के लिए एआई सिस्टम्स का उपयोग कर रही हैं, जिससे लागत कम हो रही है और काम की गति व सटीकता बढ़ रही है।

### मकान खाली हो रहे हैं और संपत्तियों की कीमतें गिर रहीं

आईटी कर्मचारियों की छंटनी का सीधा असर पीजी और किराए के मकानों की मांग पर पड़ा है। कई पीजी मालिकों और किराए पर संपत्ति देने वाले निवेशकों को अब ऑक्यूपेंसी घटने और रेंटल इनकम कम होने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बाहरी रिंग रोड क्षेत्र, जहां टेक पार्क और कॉर्पोरेट ऑफिस बड़ी संख्या में हैं, वो सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। कई निवेशकों ने करोड़ों रुपए लगाकर प्रॉपर्टी खरीदी थी, यह सोचकर कि यहां आईटी प्रोफेशनल्स की लगातार मांग बनी रहेगी, लेकिन नौकरियों में कटौती और कर्मचारियों के शहर छोड़ने से मकान खाली हो रहे हैं और संपत्तियों की कीमतें गिर रही हैं।

---

# सोने ने बनाया एक और रिकॉर्ड, पहली बार 20 लाख करोड़ के पार पहुंचा गोल्ड का मार्केट कैप

## मिडिल क्लास की पहुंच से दूर हुआ सोना



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सोने के दाम आसमान छू रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना 88 हजार 488 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए रेकॉर्ड पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना 3 हजार डॉलर प्रति औंस के पार चला गया है। वहीं सोने ने एक और रेकॉर्ड बना दिया है। सोने का बाजार पूंजीकरण 20 लाख करोड़ डॉलर से भी ज्यादा हो गया है। यह पहली बार है जब इसका मार्केट कैप इतना ज्यादा हुआ है।

एमसीएक्स पर सोने के अप्रैल वायदा अनुबंध 0.52 फीसदी या 465 रुपए बढ़कर 88,488 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें 3,024 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गईं। सोने की कीमत में यह तेजी डॉलर के कमजोर होने, दुनिया में तनाव बढ़ने और निवेशकों के सावधानी बरतने के कारण आई है।

**डॉलर में आई गिरावट:** डॉलर इंडेक्स पांच महीने के निचले स्तर पर आ गया है। इसलिए सोना अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के लिए और भी आकर्षक हो गया है। जब डॉलर कमजोर होता है तो दूसरे देशों के लोगों के लिए सोना खरीदना सस्ता हो जाता है।

**बाजार में डर का माहौल:** दुनिया में तनाव, आर्थिक अनिश्चितता और डॉलर के कमजोर होने की वजह से सोने के दाम बढ़ रहे हैं। मिडिल ईस्ट में युद्ध, अमेरिका व ईरान के बीच तनाव और फेडरल रिजर्व के फैसलों का इंतजार, इन सब वजहों से बाजार में डर का माहौल है। निवेशक सोने को सुरक्षित मान रहे हैं और इसमें निवेश कर रहे हैं।

**अमेरिका के आर्थिक आंकड़े कमजोर:** अमेरिका के आर्थिक आंकड़े कमजोर हैं और फेड की नीतियों का इंतजार है। अमेरिका के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कम होने से विकास को लेकर चिंता बढ़ गई है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने कहा कि अमेरिका से कमजोर व अपेक्षित आर्थिक डेटा और यमन के हूती के खिलाफ अमेरिकी हमलों के बाद तेल समृद्ध मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के चलते भी सोना महंगा हो रहा है।

---

भारत के व्यापारिक संगठनों ने दी चेतावनी

# चीन के बाद अब अमेरिकी सामानों का भी करेंगे विरोध

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा 2 अप्रेल से भारतीय सामान पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद भारत के व्यापारिक संगठनों में भारी चिंता देखी जा रही है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने इस फैसले का कड़ा विरोध जताया है। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि अगर अमेरिका भारतीय सामान पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाता है तो भारत में अमेरिकी सामान के बहिष्कार का अभियान चलाया जाएगा।

सीटीआई के महासचिव विष्णु भार्गव ने बताया कि अमेरिका, कनाडा, चीन और मैक्सिको पर पहले ही टैरिफ लगा चुका है और अब भारत के सामान पर शुल्क बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। इस फैसले से भारत को हर साल करीब 7 अरब डॉलर लगभग 58 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है। इससे भारतीय निर्यातकों और व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ेंगी।

**कई सेक्टर्स होंगे प्रभावित:** भारत अमेरिका को मेटल, पर्ल, स्टोन, लेदर, केमिकल, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिक सामान, मसाले, मशीनरी पार्ट्स, फार्मास्युटिकल उत्पाद और चावल जैसे कई उत्पाद निर्यात करता है। दिल्ली समेत पूरे भारत के एक्सपोर्टर्स को इस टैरिफ से बड़ा झटका लग सकता है। व्यापारी असमंजस में हैं, क्योंकि कई ऑर्डर पहले ही दिए जा चुके हैं और बड़ी मात्रा में माल अमेरिका के लिए रवाना हो चुका है।

### सीटीआई चलाएगा 'अमेरिकी सामान भारत छोड़ों' अभियान

सीटीआई के महासचिव गुरमीत अरोड़ा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक गर्ग ने साफ किया कि अगर अमेरिका भारतीय उत्पादों पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाता है तो सीटीआई अमेरिकी सामान के खिलाफ व्यापक स्तर पर कैंपेन शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमने चीनी सामान के खिलाफ अभियान चलाया और उसका असर दिखा, उसी तरह अब अमेरिकी उत्पादों का भी विरोध किया जाएगा। भारत में अमेरिकी पेय पदार्थ, वेफर्स, फूड चेन और कई सेवाओं का बड़ा उपभोग होता है। सीटीआई ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया तो देशभर में अमेरिकी उत्पादों का बहिष्कार किया जाएगा।

**व्यापारियों ने की सरकार से अपील:** सीटीआई ने भारत सरकार से भी अपील की है कि वह इस मामले को अमेरिका के साथ कूटनीतिक स्तर पर उठाएं और भारतीय व्यापारियों के हितों की रक्षा करें।

---

# केराकोल ने जयपुर में नई मॉडर्न फैक्ट्री के साथ बढ़ाई अपनी मौजूदगी



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सस्टेनेबल बिल्डिंग सोल्यूशन में दुनिया की अग्रणी कंपनी केराकोल ने जयपुर में अपनी नई फैक्ट्री शुरू करने की घोषणा की है। 25 मिलियन करीब 260 करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट के साथ यह फैक्ट्री भारत में कंपनी की मौजूदगी बढ़ाने और पर्यावरण के अनुकूल नए कंस्ट्रक्शन सोल्यूशन को आगे बढ़ाने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह नई फैक्ट्री महिंद्रा वर्ल्ड सिटी में बनी है, जो महिंद्रा ग्रुप और रिको की साझेदारी का हिस्सा है। यह 51 हजार वर्ग मीटर में फैली हुई है और इसका संभावित कारखाना क्षेत्र 28 हजार वर्ग मीटर है। यह आधुनिक फैक्ट्री केराकोल की उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी, जिससे कंपनी उत्तर भारत में तेजी से अपना कारोबार बढ़ा सकेगी। इस प्लांट की शुरुआती एनुअल प्रोडक्शन कैपेसिटी 1 लाख 50 हजार टन है और इसे इस तरह बनाया गया है कि जरूरत पड़ने पर इसका प्रोडक्शन दोगुना किया जा सके। केराकोल में एशिया पेसिफिक के रीजनल डायरेक्टर अहजम जावेद ने कहा कि हम जयपुर में अपनी नई व आधुनिक फैक्ट्री शुरू करके बहुत उत्साहित हैं। यह भारत में टिकाऊ और नए निर्माण समाधानों की दिशा में हमारा एक महत्वपूर्ण कदम है। जयपुर में इस नई फैक्ट्री के जरिए हम अपने ग्राहकों के और करीब होंगे, जिससे भारतीय बाजार में हमारी पकड़ मजबूत होगी।

---

# एसबीआई ने प्रदान किया एक करोए रुपए के क्लेम का चेक




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय स्टेट बैंक अपने ग्राहको को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में हमेशा अग्रणी रहा है। इसी क्रम में बैंक ने अपने हाउसिंग लोन कस्टमर जितेंद्र चौहान के आकस्मिक निधन होने पर भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में जयपुर मंडल के मुख्य महाप्रबंधक संदीप भटनागर ने जितेंद्र चौहान की पत्नी हेमलता चौहान को एक करोड़ रुपए के क्लेम का चेक प्रदान किया। जितेंद्र चौहान का एसबीआई बैंक में आवास ऋण खाता था, जो एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस द्वारा कवर किया गया था। चौहान के निधन होने पर बैंक द्वारा इंश्योरेंस दावे का त्वरित निपटान किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक रितु गौड़, मदन एलएस, उप महाप्रबंधक कल्याण गजवेल्लि, संजीव कुमार उपाध्याय, प्रणेश प्रशांत, किशोर कुमार सिंह, एजीएम योगेंद्र कुमार, एसबीआई लाइफ के क्षेत्रीय निदेशक प्रताप पंवार और उप क्षेत्रीय प्रबंधक समीर घाली आदि उपस्थिति थे।

---

# महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए बीएलएस की ई-सेवाओं को मिला सम्मान

## ईटी महिला सम्मेलन-2025

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** देश की एक प्रमुख प्रौद्योगिकी संचालित डिजिटल सेवा प्रदाता कम्पनी बीएलएस ई-सेवाओं को इसकी जमीनी स्तर पर की गई पहलों के लिए हाल ही में आयोजित ईटी महिला सम्मेलन-2025 में अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान कंपनी के प्रयासों को मान्यता प्रदान करता है, जो महिलाओं को सशक्त बनाने और विशेष रूप से ग्रामीण व वंचित समुदायों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे हैं।

बीएलएस के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल के मार्गदर्शन में बीएलएस ई-सेवाएं महिला सशक्ति करण को बढ़ावा देने के लिए अपनी विभिन्न पहलों के माध्यम से अग्रणी रही है। कंपनी के प्रयासों का एक आधार स्तंभ महिलाओं को सशक्त बनाना है। राष्ट्रीय औसत 14 फीसदी की तुलना में कंपनी के 20 फीसदी से अधिक आउटलेट्स महिला उद्यमियों द्वारा संचालित किए जाते हैं। आउटलेट्स के माध्यम से संसाधित 130 मिलियन से अधिक लेनदेन से महत्वपूर्ण सामाजिक प्रभाव पैदा होता है, जिसमें डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और बचत की आदतों को बढ़ावा देने से लेकर माइक्रो-बीमा, माइक्रो-पेंशन, राजस्व सेवाएं, फसल बीमा, कृषि ऋण और कृषि उद्यम ऋण शामिल हैं।

उल्लेखनीय रूप से प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खाताधारकों में से 55 फीसदी महिलाएं हैं, जो बीएलएस चैनल के माध्यम से सेवाएं प्राप्त करती हैं। हम वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य सेवाएं (बीमा और आय सुरक्षा), फसल बीमा, ऋण सेवाएं, राजस्व सेवाएं, शिक्षा, साक्षरता व युवा और महिला सशक्ति करण की पहल जैसे कि बीसी सखी कार्यक्रम के माध्यम से वंचित आबादी तक महत्वपूर्ण सेवाएं पहुंचाने पर गहराई से केंद्रित हैं।

बीएलएस ई-सेवाएं के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने कहा कि इन पहलों से समुदायों को ऊपर उठाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण अवसर पैदा होते हैं। हमें इस महत्वपूर्ण कार्य में सम्मानित किया गया है, जो महिलाओं को सशक्त बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों का जश्न मनाते हैं। हमारा मानना है कि महिलाओं को सशक्त बनाना एक अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए आवश्यक है और हम इस लक्ष्य की ओर काम करना जारी रखेंगे।

---

नारॉक की रिपोर्ट | पिछले तीन सालों में रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी की कीमतों में सबसे तेज उछाल, औसतन 128 प्रतिशत की वृद्धि


# नोएडा बना प्रॉपर्टी में निवेश के लिहाज से हॉट डेस्टीनेशन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के नोएडा में बीते तीन सालों में रेसिडेंशियल प्रॉपर्टी की कीमतों में सबसे तेज उछाल देखने को मिला है। नोएडा के सेक्टर 150 में पिछले तीन साल में घरों की कीमतों में औसतन 128 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि किराए के मूल्य में 66 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

रियल एस्टेट कंसलटेंसी कंपनी एनारॉक की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। नारॉक की एक रिपोर्ट के मताबिक गुरुग्राम के सोहना मार्ग पर रेसिडेंशियल प्रॉपर्टी की कीमतों में 59 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि इस दौरान किराया 47 प्रतिशत बढ़ा है।

एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि शीर्ष सात शहरों में प्रमुख माइक्रो बाजारों के विश्लेषण से पता चलता है कि बेंगलुरु, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहरों में 2021 के अंत और 2024 के अंत के बीच घरों की औसत कीमत किराए की तुलना में अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि वहीं, पुणे, कोलकाता और चेन्नई के इलाकों में विपरीत प्रवृत्ति देखी गई। इन स्थानों पर किराया अधिक बढ़ा है, जबकि घरों के दाम में वृद्धि अपेक्षाकृत कम रही है। सोहना मार्ग पर औसत मूल्य कैलेंडर वर्ष 2021 के अंत में 6,600 रुपए प्रति वर्ग फुट से 59 प्रतिशत बढ़कर 2024 के अंत में 10,500 रुपए प्रति वर्ग फुट हो गया।



किराए का मूल्य 25 हजार रुपए प्रति माह से 47 प्रतिशत बढ़कर 36,700 रुपए हो गया। नोएडा के सेक्टर-150 में घरों का औसत मूल्य 5,700 रुपए प्रति वर्ग फुट से दोगुना से अधिक होकर 13 हजार रुपए हो गया। किराए में 66 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 16 हजार रुपए से बढ़कर 26 हजार 600 रुपए प्रति माह हो गया।

गुरुग्राम स्थित रियल्टी फर्म व्हाइटलैंड कॉर्पोरेशन के निदेशक रणनीति सुदीप भट्ट ने कहा कि गुरुग्राम जैसे रियल एस्टेट बाजारों में प्रॉपर्टी की कीमतों में इजाफा और किराए में बढ़ोतरी के बीच महत्वपूर्ण असमानता अलग-अलग कारण से हो सकती है। इस प्रवृत्ति के पीछे मुख्य कारण निवेशकों का विश्वास और लग्जरी और हाई-एंड प्रॉपर्टी में निवेश पर मिलने वाला भारी रिटर्न है, जो किराए से होने वाले आय से ज्यादा तेज गति से बढ़ रहा है।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान : मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिला सोनोग्राफी के लिए वाउचर

# गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जांच, मिला उपचार

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिह्नित कर उनका इलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी दी गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मां वाउचर दिए गए, साथ ही अन्य जांचें व उपचार किए गए। इस दौरान महिलाओं के रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय में बताया गया और आईएफए कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार का महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने के लिए जागरूक किया गया।

### शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दिए निर्देश

# भगवान ऋषभदेव के जन्म-दीक्षा कल्याणक के विद्यालयों में होंगे आयोजन

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जैन धर्म के प्रवर्तक देवाधिदेव भगवान ऋषभदेव के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक के उपलक्ष्य में संपूर्ण राजस्थान के सभी विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी कर दिए हैं।

शासन उप सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार भगवान ऋषभदेव जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश के राजकीय, निजी विद्यालयों में ऋषभदेव भगवान के जीवन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। ये प्रतियोगिताएं 10 मार्च से 20 मार्च तक की अवधि में होंगी। इनमें जैन धर्म पर आधारित चार्ट बनाना, रंग रोगन करना, पोस्टर बनाना, निबंध लेखन आदि शामिल है। राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद के अध्यक्ष ने शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर को पत्र सौंप कर उक्त संदर्भ में मांग की थी। इस पर शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने यह आयोजन करने के निर्देश जारी किए थे।


मेरी 10वी की मार्कशीट एवं पासपोर्ट में मेरा नाम RAM KHESH MEENA दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा सही नाम RAMKESH MEENA (रामकेश मीना) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावें ।

रामकेश मीना पुत्र कन्हैयालाल मीना
32, M P COLONY स.मा.

दुकान संख्या 3 सेक्टर 2 विद्याधर नगर योजना जयपुर का जेडीए द्वारा जारी आवंटन पत्र कब्ज़ा पत्र व साइट प्लान व जेडीए द्वारा जारी समस्त कागजात कही खो गया है मिलने प र सूचित करे

सोनी देवी अग्रवाल
मोबाइल नम्बर 9414540597

## कार्यालय पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल, जिला जयपुर

क्रमांकः पसकिरे/लेखा/सुरक्षा गार्ड निविदा/2024-25/210 दिनांकः 17.03.2025

### ई-निविदा सूचना 2025-26

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल कार्यालय एवं अधीनस्थ 25 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजीव गाँधी सेवा केन्द्र भवनो की सुरक्षा हेतु जॉब आउटसोर्स बेसीस पर मानव संसाधन की दर अनुबन्ध पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु सक्षम बोलीदाताओं/संवेदकों से ई-निविदा दिनांक 18.03.2025 से 27.03.2025 तक आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन देखी जा सकती है।

UBN No. ZJP2425SLOB02151
NIB No. ZJP2425A1176

विकास अधिकारी
पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल


# एजुकेशन एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत शिक्षा मंत्री से मिला ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधिमंडल



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदल दिलावर से मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रदेश में स्कूली शिक्षा में क्षमतावर्धन तथा कॅरियर काउंसलिंग एवं लीडरशिप क्वालिटी डवलपमेंट प्रोग्राम के तहत यह मंडल राजस्थान के दौरे पर आया है।

ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न विश्वविद्यालय के डिप्टी वाइस चांसलर अशोक कुमार मुथुपांडियन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में स्मिथ रॉस, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, फैकल्टी ऑफ साइंस तथा आलिया खान, जनरल मैनेजर, मेलबर्न ग्लोबल सेंटर, दिल्ली शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यार्थियों के एजुकेशन एक्सचेंज प्रोग्राम को लेकर मंत्री दिलावर से चर्चा की। वर्तमान में मेलबर्न विश्वविद्यालय आंध्र प्रदेश में इस तरह का कार्यक्रम चला रहा है। उसी की तर्ज पर विश्वविद्यालय राजस्थान में भी यहां के विद्यार्थियों के लिए यह कार्यक्रम संचालित करना चाहता है।

# सिरसी रोड के एक प्रतिष्ठान से पकड़ा नकली घी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सीएमएचओ जयपुर प्रथम के नेतृत्व में सोमवार देर रात खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने नकली घी विक्रेता पर कार्रवाई की। सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि पांच्यावाला, सिरसी रोड स्थित अग्रवाल एंड कंपनी पर कंपनी पार्टनर राजेंद्र अग्रवाल नकली सरस घी एवं कृष्णा घी बेचते हुए पाए गए। सीएमएचओ ने दोनों घी असली या नकली होने की तस्दीक करने के लिए भोले बाबा मिल्क फूड के प्रतिनिधि एवं जयपुर डेयरी के प्रतिनिधि को मौके पर बुलाया। जयपुर डेयरी के प्रतिनिधियों ने मौके पर मौजूद 1 लीटर के 9 पैकेट, आधा लीटर के चार पैकेट और 15 किग्रा के 1 टिन को नकली बताया। भोले बाबा मिल्क फूड के प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने 1 लीटर पैकिंग, 500 ग्राम पैकिंग के चार पैकेट एवं 200 लीटर पैकिंग के 16 पैकेट को भी नकली होना बताया। मौके से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सरस घी एवं कृष्णा घी के नमूने लिए।



# नगर पालिका, उपखंड एवं पंचायत समिति स्तर पर खुलेंगे सरस डेयरी बूथ : कुमावत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पशुपालन व कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को पाली शहर के सरस डेयरी पार्लर कलेक्ट्रेट परिसर बूथ पर थीक शेक व सॉफ्टी आइसक्रीम मशीन का उद्घाटन किया। साथ ही इस अवसर पाली डेयरी संघ द्वारा सॉफ्टी व थीक शेक के लोगो का विमोचन किया। इस अवसर पर मंत्री कुमावत ने कहा कि प्रत्येक नगर पालिका, उपखंड एवं पंचायत समिति स्तर पर सरस डेयरी बूथ खोले जाएंगे। पाली डेयरी के उत्पाद शुद्धता और गुणवत्तापूर्ण होने की वजह से बाजार में अन्य डेरियों से ज्यादा पाली डेयरी के घी की मांग है। राजस्थान दूध उत्पादन में देश में दूसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि डेयरी संघ का उत्पादन आमजन को गुणवत्ता युक्त घी, दूध व अन्य उत्पादन के लिए पर्याप्त संसाधन व सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस अवसर पर डेयरी संघ जिलाध्यक्ष प्रतापसिंह बिठिया ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि डेयरी प्रबंधन में शुद्धता व उत्पादक के हितों के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस दौरान विधायक भीमराज भाटी, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पाली कलेक्टर एलएन मंत्री, पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




क्रम संख्या: 102/2025 **आम सूचना** दिनांक 19.03.2025

हर आम व खास को सुचित किया जाता हैं कि मेरे अभिभाष्य श्री बाल किशन मल्होत्रा पुत्र स्व. श्री पुरण चन्द्र मल्होत्रा निवासी दिल्ली बाई पास रोड के पास, चार दरवाजा बाहर, मण्डी खटीकान, जयपुर राज. 302002, अपने स्वोपार्जित खरीदशुदा निर्मित निवास के मकान का निस्तारण अपने चहेतों में अपनी इच्छानुसार करना चाहता है इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा विभाग को कोई आपत्ति हो तो यह मुझ से मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित हो कर 7 दिवस के अन्दर सम्पर्क करें तथा आपत्ति दर्ज करवायें उक्त अवधि के पश्चात मेरा अभिभाष्य अपने उक्त मकान का निस्तारण अपने चहेतों में अपनी इच्छानुसार कर के सम्भला देगा तत् पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी तथा बाद मियाद आपत्ति कर्ता स्वयं जिम्मेदार होगा सूचित रहें।

रमेश कुमार विमल, एडवोकेट
(राजस्थान उच्च न्यायालय) Mo.: 9468769324

## आम-सूचना

मैं प्रकाश टांक पुत्र स्व. श्री शंकर लाल, निवासी-ए-52, लक्ष्मीनारायणपुरी, आउट ऑफ सूरजपोल गेट, रामगंज बाजार, जयपुर अपनी पुत्री वेदही टांक उर्फ कीर्ति ने अपनी मर्जी से गेर समाज में शादी कर ली है, जो की हमारे कहने में नहीं है, को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। आज के बाद मेरा व मेरे परिवारजन का वेदही टांक से कोई रिश्ता नहीं रहेगा।

दिनांक : 18.3.2025

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांकः जविप्रा/उपा. जोन-8/2025/डी-42 दिनांकः 27.2.25

### विज्ञप्ति

मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति की योजन पंचवटी कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 44 क्षेत्रफल 212.97 वर्ग गज का पट्टा दिनांक 27.03.2002 को श्री महेश कुमार पुत्र श्री मदन मोहन के नाम से जारी किया गया था। तत्पश्चात इनके द्वारा उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 17.05.2019 के माध्यम से श्री पुनीत ठालिया पुत्र श्री प्रकाश ठोलिया को बैचान कर दिया गया। श्री पुनीत ठोलिया द्वारा उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 04.04.2024 के माध्यम से श्री धर्म चन्द जैन पुत्र श्री फूलचन्द जैन को बैचान कर दिया गया। इस संबध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था / हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा बाद-मियाद आवेदक के पक्ष में लीजडीड / नाम हस्तान्तरण पत्र जारी कर दिया जावेगा। बाद मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

उपायुक्त जोन-8
जविप्रा, जयपुर

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या बैंक एसबीआई जयपुर में श्री बंशीधर कुलदीप पुत्र श्री हुकम चन्द कुलदीप द्वारा सम्पत्ति खरीद के लिये ऋण के लिये आवेदन किया है जिसमें विक्रेता श्रीमती लाली देवी मीना पत्नी श्री लल्लू राम मीना के प्लॉट नम्बर II/D/49 एवं II/D/48 स्कीम झालाना फेज द्वितीय, जयपुर में स्थित है। जिनके मूल आवंटन पत्र संख्या 635 दिनांक 22.07.1991 एवं आवंटन पत्र संख्या 201 दिनांक 12.01.1985 व कब्जा पत्र नम्बर 781 दिनांक 07.12.1991 कहीं खो गये है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में करवाई जा चुकी है। किसी व्यक्ति को मिले तो सूचित करें। उक्त सम्पत्ति रहन रखकर मेरी अभिभाष्या बैंक एसबीआई में ऋण के लिये आवेदन किया है, यदि किसी भी व्यक्ति विशेष / सस्था को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत करें। बादमियाद आपत्ति स्वीकार नही होगी।

हरीश चन्द्र शर्मा
एडवोकेट
मो. नम्बर- 9414052044

## राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय

जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853

क्रमांकः 743 दिनांकः 17.3.2025

आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या -7/423 मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 189.00 वर्ग मीटर का आंवटन श्री राम कुमार माथुर (आर.के माथुर) पुत्र श्री प्रभु दयाल माथुर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3225 दिनांक 01/10/1984 जारी किया गया है। उनके द्वारा [illegible]

सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल
जयपुर

## आम सूचना

[illegible]

एडवोकेट

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

[illegible]

उपायुक्त जोन-9
जविप्रा, जयपुर

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांकः जविप्रा/उपा. जोन-9/2022/डी-986 दिनांकः 17.03.25

### सार्वजनिक विज्ञप्ति

ग्राम दांतली तहसील सांगानेर के खसरा नम्बर 1284/1045 रकबा 0.15 हैक्टे. खसरा नम्बर 1286/1046 रकबा 0.11 हेक्टे. कुल किता 2 कुल रकबा 0.26 हैक्टे. भूमि की 20ए प्रकरण संख्या LU2012/JDA/2023-24/102584 निर्णय दिनांक 12.01.2024 को श्रीमती भगवती खण्डेलवाल पत्नी श्री गोपाल लाल खण्डेलवाल एवं श्री गोपाल लाल खण्डेलवाल पुत्र श्री मदन प्रताप चौकडायत के पक्ष में पारित किया गया था। आवेदक श्रीमती भगवती खण्डेलवाल एवं श्री गोपाल लाल खण्डेलवाल द्वारा उक्त खसरा नम्बर 1284/1045, 1286/1046 की भूमि पर एकल पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। वर्तमान मे उक्त खसरा नम्बरान के एकल पट्टे का नक्शा अनुमोदन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त भूमि के स्वामित्व के सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे अपनी लिखित आपत्ति इस कार्यालय मे प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण मे योजना के मानचित्र अनुमोदन कर लीजडीड जारी किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

उपायुक्त जोन-9

**IN THE COURT OF THE REGIONAL MICRO & SMALL ENTERPRISES FACILITATION COUNCIL, COIMBATORE REGION**

(as per the Micro, Small and Medium Enterprises Development Act 2006 (Central Act 27 of 2006) of Government India)
O.P. HEARING/MSEFC/CBER/04/2024

M/s Deepam Textile Mills
Petitioner
SF.No.307/1, MK Garden, Manickapuram road Palladam-641 664, 9842236999

VS

M/s Lavanya Fashions
B-156, Kalyanapura, B/H Om Handloom Factory Near Sanganer Railway Station, Jaipur-302029
Respondent
8178876396

SUMMON

WHEREAS the above named petitioner has filed a complaint to this Council against the respondent for the payment due against the materials/services supplied to the respondent and interest thereon, the PETITIONER as well as the RESPONDENT are hereby summoned to appear before this Council in person or duly authorized Representative or by a pleader along with Vakkalat who are able to answer all material questions relating to this suit on 26.12.2024 at 2.30 PM through Video conference in Microsoft Teams. If any document has to be furnished in support of your defence for the hearing, you are directed to send the same to our e-mail (ie msefc.cbe@gmail.com) on or before 25.12.2024. The Petitioner and Respondent are advised to attend this Video Conference from your location itself and need not come to the office of the General Manager, District Industries Centre, Coimbatore. The VC Meeting ID: 453 651 622 708 Passcode: DJ6oa9yz

Take notice that, in default of your appearance on the day mentioned, the suit will be heard and determined in your absence as per MSMED Act 2006. Also it is advised not to record the meeting. Recording of this meeting is an offence.

Given under my hand the seal of the Council this day of 25.11.2024
By order

Secretary/general Manager
District Industries Centre, Coimbatore
For CHAIRPERSON/Micro Small Enterprises Facilitation Council (MSEFC) and Industries Commissioner and Director of Industries & Commerce, Chennai-32

## राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय

जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853

क्रमांकः 727 दिनांकः 12.3.2025

### आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या - 7//H/200 इन्दिरा गांधी नगर जगतपुरा जयपुर, क्षेत्रफल 149.840 वर्ग मीटर का आवंटन राजेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र स्व. श्री चुन्नी लाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5134 दिनांक 28.09.2012 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 6765 दिनांक 16.11.2012 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास कें पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर पंचम से दिनांक 27.06.2013 को को करवाया गया। तत्पश्चात मूल आवंटी श्री राजेंद्र बहादुर सिंह की मृत्यु दिनांक 08.11.2020 को हो जाने के कारण श्रीमती पुष्पा सिंह पत्नी स्व राजेन्द्र बहादुर सिंह के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्ति गत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती पुष्पा सिंह पत्नी स्व राजेन्द्र बहादुर सिंह के नाम से उक्त आवास के नाम प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल
जयपुर

## कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो को
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नम्बर 83/2025

चूंकि श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा निवासी 201, गोविन्द नगर पूर्व आमेर रोड, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री महालक्ष्मी ललिता देवी चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय पता-201, गोविन्द नगर पूर्व आमेर रोड़ जयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारां प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपार्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 4.3.25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 13.5.25
1024/5.325

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

मैने मेरा नाम शिमला कुमारी मीना (SHIMLA KUMARI MEENA) से बदलकर शिमला मीना (SHIMLA MEENA) कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावें ।

शिमला मीना पत्नि रामकेश मीना
निवासी 32, M P COLONY स. मा.

## कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

**मुकदमा नम्बर 71/2025**

चूंकि श्री सुलभ शुक्ला पुत्र श्री शुभेन्दु शुक्ला निवासी एच-2, चितरंजन मार्ग सी-स्कीम जयपुर 302001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत भारतीय जन सेवा प्रतिष्ठान राजस्थान कार्यालय पता भारत माता मन्दिर, देवी कुंज, जमनालाल बजाज मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302001 ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारां प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिनकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 19.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 01.05.2025
755-757/20.2.25

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

## सार्वजनिक विज्ञप्ति जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक : जविप्रा/उपा जोन-11 / उपा - 11/2025 / डी- 5321 दिनांकः- 17.03.2025

[illegible] विभाग की अधिसूचना दिनांक 10-8-2020 के प्रावधान अनुसार U 2 भू उपयोग में फार्म हाउस [illegible] प्रकरण में बी.पी.सी (एल.पी.) की 378वीं बैठक दिनांक 17.12.2024 के नीतिगत निर्णय की अनुपालना में सार्वजनिक लोक सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है। [illegible] तहसील सांगानेर के खसरा नम्बर 97 रकबा 1.09 हैक्ट भूमि में 90ए संशोधन किया जाना है। [illegible] के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण नियमानुसार अगामी कार्यवाही कर दी जावेगी। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 17/3/25 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी (जोन - 11) जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फ्लैट नम्बर सी-105 फर्स्ट फ्लोर, महिमा बेलेविस्टा, ग्राम खो-नागोरियान, जयपुर का पंजीकृत विक्रय-अनुबंध पत्र दिनांक 10.07.2018 जो मरियम अकबर खान के पक्ष में निष्पादित किया गया था, जो कि कहीं गुम हो गया हैं जिसकी पुलिस कम्पलेंट राजस्थान पुलिस में दिनांक 18.03.2025 को एल. आर. सं. 2668391/2025 पर ऑनलाईन कराई गई है। किसी को आपत्ति हो तो 7 दिवस में सम्पर्क करें। बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय
दिनांकः 18.03.2025
जयपुर।
राजीव सिंहल (एडवोकेट)
9351412220

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक जविप्रा/उपायुक्त, जोन-01/2025/डी-217 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक-17-03-25

आवेदक श्री आशीष सेठी एवं श्री अमित सेठी पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार सेठी द्वारा न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति की अनुमोदित योजना सिद्धार्थ नगर- ई के भूखण्ड संख्या-82, क्षेत्रफल 222.22 वर्गगज का मृत्यु प्रमाण पत्र [illegible]

उपायुक्त जोन-1 जविप्रा, जयपुर

## राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय

जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर

[illegible]

सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

## कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत द्वितीय

राजस्थान आवासन मण्डल, आवासन परिसर, मानसरोवर, जयपुर

क्रमांक: DHC-II/1803 दिनांक : 18.03.2025

जाहिर आम सूचना

[illegible]

सम्पदा प्रबंधक
वृत द्वितीय, जयपुर

## आम सूचना

[illegible]

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

दिनांक:18.3.25

[illegible]

उपायुक्त जोन-11 जविप्रा, जयपुर

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

[illegible]

उपायुक्त जोन-11 जविप्रा, जयपुर

## कार्यालय पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल, जिला जयपुर

क्रमांकः पसकिरे/लेखा/नीलामी/2024-25/209 दिनांकः 17.03.2025

### हड्डी ठेका नीलामी सूचना 2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल की अधीनस्थ 25 ग्राम पंचायतों के क्षेत्राधिकार में मृत मवेशियों की हड्डिया उठाने की खुली बोली से दिनांक 27.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक अमानत राशि जमा करवाकर उसी दिन पंचायत समिति कार्यालय परिसर में ठेका/नीलामी की जायेगी। निविदा की विस्तृत जानकारी/शर्तें www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB No. ZJP2425A1175
UBN No. ZJP2425GSOB02150

विकास अधिकारी
पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं 2025-मार्च-02 दिनांक 13.03.2025

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक/इजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "**खुली निविदा**" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं** : 2025-मार्च-02-01 | **अनुमानित लागत रू.** : 6210860.07 |
| **कार्य का विवरण** : भॉडई - इटावा - ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग का प्रावधान (बाह, फतेहाबाद तथा उदी मोड स्टेशन) शेष कार्य | |
| **निविदा सं** : 2025-मार्च-02-02 | **अनुमानित लागत रू.** : 5100000.00 |
| **कार्य का विवरण** : सहा. मंडल इंजीनियर धौलपुर के क्षेत्राधिकार में वर्ष 2024-25 के दौरान आगरा- धौलपुर तथा भॉडई इटावा खंड में विभिन्न समपारों की मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य। (शेष कार्य) | |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से दिनांक 04.04.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **489/25 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

**No. CEN-CAR-CPU-2024-25-10** **Dated : 13.03.2025**

ई-टेन्डरिंग टेन्डर नोटिस

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/योजना/30म0रे0 प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई निविदा (टू-पैकेट सिस्टम) "चुनार-चोपन दोहरीकरण परियोजना के संबंध में सोन नदी पर अघोरी खास से चोपन के बीच किमी 143/2-24 पर महत्वपूर्ण पुल संख्या 399 स्पान (2x30.5 मीटर + 14x76.2 मीटर) का निर्माण आमंत्रित की जाती है-

| | |
|---|---|
| **ई-टेन्डर क्रमांक : CEN-CAR-CPU-2024-25-10** | **अनुमानित लागत (रूपए) : 230.33 करोड़** |
| **कार्य का विवरण** : "चुनार-चोपन दोहरीकरण परियोजना के संबंध में सोन नदी पर अघोरी खास से चोपन के बीच किमी 143/2-24 पर महत्वपूर्ण पुल संख्या 399 स्पान (2x30.5 मीटर + 14x76.2 मीटर) का निर्माण। | |
| **निविदा बन्द होने की तिथि : 21.04.2025** | **कार्य पूर्ण करने की अवधि : 30 माह** |

• ऑन लाइन निविदा **दिनांक 21.04.2025 को 15:00 बजे** तक जमा की जा सकती है। • पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** देखें। **493/25 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

**No. CEN-CAR-CPU-2024-25-11** दिनांक : 13.03.2025

ई-टेंडरिंग टेन्डर नोटिस

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/योजना/उ.म.रे. प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा (टू-पैकेट सिस्टम) '**चुनार-चोपन खंड के दोहरीकरण परियोजना के संबंध में चुनार-सोनभद्र के बीच भारतीय रेल विनिर्देश के अनुसार ट्रैक गिट्टी की आपूर्ति**' आमंत्रित की जाती है:-

| | |
|---|---|
| **ई-टेन्डर क्रमांकः** CEN-CAR-CPU-2024-25-11 | **अनुमानित लागत (₹)ः** ₹ 44.33 करोड़ |
| **कार्य का विवरणः** 'चुनार-चोपन खंड के दोहरीकरण परियोजना के संबंध में चुनार-सोनभद्र के बीच भारतीय रेल विशिष्टयों अनुसार ट्रैक गिट्टी की आपूर्ति'। | |
| **निविदा बन्द होने की तिथिः** 15.04.2025 | **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह |

• ऑन लाइन निविदा दिनांक **15.04.2025** को **15:00** बजे तक जमा की जा सकती है।
• पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें। **492/25 (MG)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना सं.: 14820242025** **दिनांक : 13.03.2025**

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **04.04.2025 को 13:30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

**क्र.सं.: 01** **निविदा नं.**: 289, **कार्यों का विवरणः** वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता / प्रथम / उत्तर मध्य रेलवे / प्रयागराज के कार्य क्षेत्र में 160 के0 एम0 पी0 एच0 तक स्पीड बढाने, सी0आर0ओ0 को रोकने के लिए गेट सहित ट्रैक के किनारे अतिरिक्त लम्बाई "डब्ल्यू" मेटल कैटल बैरियर लगाने का कार्य।, **कार्य समापन की अवधिः** 03 माह

| | |
|---|---|
| **अनुमानित मूल्य (रू.)ः** 8,81,63,916.9 | **बयाने की रकम (रु.)ः** 5,90,800.00 |
| **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधारः** सिविल इंजीनियरिंग का कोई कार्य | |

**निविदा खुलने की तिथिः 04.04.2025**, **नोटः 1.** आनलाइन निविदा खुलने की तिथि को **13:30** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **2.** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर समय **13:30** बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि तक उपलब्ध है। **486/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना **टेन्डर नोटिस नं. 02/2025**

**वरि.मं.सिंग.एवं.दूर.सं.इंजी., उत्तर मध्य रेलवे, आगरा** भारत द्वारा राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली निविदा" केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा (ई-टेडरिंग) आमंत्रित की जाती है:

**कार्य का नामः** आगरा कैंट यार्ड में खेरिया मोड़ आरओबी संख्या 1343/3 के दो स्पैन (1x39.98 मीटर और 1x18.30 मीटर) के नवीनीकरण" का कार्य के संबंध में एस एंड टी कार्य।

| ई-निविदा सं. | कार्य की लागत | निविदा बंद दिनांक |
|---|---|---|
| आगरा-एसटी-2025-05 | ₹67,04,821.40 | 07.04.2025 |

**कार्य का नामः** आगरा मंडल के मथुरा-पलवल खंड के मथुरा, अझई, वृंदावन और रूधी स्टेशनों पर स्थापित मैसर्स एल्डाईन द्वारा आपूर्ति की गई थेल्स मैक एम.एस.डी.ए.सी. का 36 महीनों के लिये व्यापक ए.एम.सी. का कार्य।

| ई-निविदा सं. | कार्य की लागत | निविदा बंद दिनांक |
|---|---|---|
| आगरा-एसटी-2025-06 | ₹2,16,70,487.28 | 07.04.2025 |

निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करे। निविदाकार अपनी निविदा उपरोक्त वर्णित दिनांक को 15.00 बजे तक भारतीय रेलवे की वेबपोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओ पर विचार नहीं किया जायेगा। **487/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter
www.mahanagartimes.com

## संक्षिप्त समाचार

# फर्नीचर गोदाम में आगजनी से लाखों रुपए का माल जलकर राख

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, पांच दमकलों ने कड़ी मशक्कत से पाया काबू

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** शहर के आदर्श नगर थाना इलाके में मंगलवार सुबह फर्नीचर के एक गोदाम में आग लग गई। सूचना पर पहुंची आदर्श नगर थाना पुलिस ने फायर बिग्रेड की पांच गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। आग से गोदाम में लाखों रुपए का नुकसान होना सामने आया है। पुलिस की प्रथमदृष्ट्या जांच में आग शॉर्ट सर्किट से लगना सामने आया है। एसएचओ आदर्श नगर धर्मसिंह चौधरी ने बताया कि आदर्श नगर श्मशान के पास मोहम्मद इलियास का फर्नीचर का गोदाम है। दो दिन से बंद फर्नीचर गोदाम से अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते धुंए के साथ ही आग की लपटे उठने लगी। गोदाम में आग लगने का पता चलने पर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। गोदाम में रखे फर्नीचर के चपेट में आने पर आग की भीषण लपटे उठने लगी। स्थानीय लोगों की सूचना पर आदर्श नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर बिग्रेड को तुरंत आग लगने की सूचना दी। फायरमैन मीनाक्षी वर्मा का कहना है कि फायर बिग्रेड की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। करीब 2.30 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। करीब 4-5 दिन पहले ही ऑनर मोहम्मद इलियास ने इस बिल्डिंग में गोदाम को शिफ्ट किया था। आग से गोदाम में लाखों रुपए का नुकसान हो गया। पुलिस की प्रथमदृष्ट्या जांच में आग शॉर्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है।

## पहले दोस्ती की फिर धोखे से किडनैप कर नाबालिग से किया रेप

**जयपुर (म.सं.)।** सांगानेर सदर थाना इलाके में दोस्ती कर एक नाबालिग लड़की से रेप करने का मामला सामने आया है। बहला-फुसलाकर आरोपी उसका किडनैप कर ले गया और अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रेप किया। इस पर सांगानेर सदर थाने में नाबालिग पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ सांगानेर सदर अनिल कुमार जैमन कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि सांगानेर सदर इलाके में रहने वाले व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी नाबालिग बेटी का किडनैप कर रेप किया गया। आरोप है कि कुछ समय पहले नाबालिग बेटी की मुलाकात आरोपी से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी लड़के ने नाबालिग बेटी से दोस्ती कर ली और मिलने के बहाने धोखे से बुलाकर बहला-फुसलाकर नाबालिग का किडनैप कर ले गया। आरोपी ने अश्लील फोटो खींचकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर नाबालिग से दुष्कर्म किया। आरोपी के चुंगल से छुटकर घर पहुंची नाबालिग पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद सांगानेर सदर थाने में नाबालिग पीड़िता के पिता ने शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने पोक्सो एक्ट व आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दोस्त ने उधारी के चार लाख नहीं चुकाए तो फंदे पर झूला युवक

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** जिले के नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र के नांदला ग्राम पंचायत बुबानिया गांव में मंगलवार सुबह लोन लेकर दोस्त को उधार दिए 4 लाख रुपए नहीं लौटाए तो युवक ने सुसाइड कर लिया। इससे पहले उसने एक वीडियो भी बनाया, जिसमें दोस्त और 2 रिकवरी एजेंट पर सुसाइड के लिए उकसाने और रुपए नहीं लौटाने का आरोप लगाया। इसके बाद पंखे पर मफलर का फंदा लगाकर जान दे दी। एसएचओ अशोक बिस्सु ने बताया कि राहुल उर्फ छगन रैगर ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। रिपोर्ट उसके भाई ने दी है। मामले में जांच कर रहे हैं। राहुल के भाई सुनील कुमार ने रिपोर्ट देकर बताया मंगलवार सुबह करीबन 11 बजे चचेरी बहन निकिता का फोन आया कि भाई राहुल ने मफलर से फंदा लगाकर अपने कमरे में लगे पंखे से आत्महत्या कर ली। इसके बाद मैं घर पहुंचा और देखा तो बाहर लोगों की भीड़ जमा थी। पड़ोसियों ने ही भाई राहुल को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद उसे तुरंत नसीराबाद के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुनील ने बताया कि इस दौरान मैंने राहुल का फोन चेक किया तो उसमें मुझे एक वीडियो दिखाई दिया। जिसे उसने सुसाइड से पहले बनाया था।

## सरकारी स्कूल में बच्चों के सामने भिड़े दो शिक्षक

**बाड़मेर (म.सं.)।** होली पर छुट्टी की बात को लेकर सरकारी स्कूल के दो शिक्षक बच्चों के सामने भिड़ गए। दोनों ने एक-दूसरे का कॉलर पकड़ा और हाथापाई भी की। इसका अब वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों आपस में लड़ते हुए भी दिख रहे हैं। मामला मंगलवार को बाड़मेर के सरकारी राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल हीरजी की ढाणी का है। मामला सामने आने के बाद पीईईओ देदाराम ने दोनों को बुलाया और लिखित में आगे से ऐसा नहीं करने की बात लिखवाई। पीईईओ देदाराम ने बताया कि विवाद टीचर पंकज शर्मा व रामराज मीणा के बीच हुआ था। दोनों ग्रेड थर्ड टीचर है। पंकज शर्मा यहां पांच और रामराज 10 साल से इस स्कूल में पोस्टेड है। रामराज मीणा को संस्थापन प्रभारी का भी चार्ज दे रखा है। होलिका का दहन व धुलंडी की छुट्टी के बाद दोनों ने सोमवार को छुट्टी ले रखी थी।

# ट्रक ने बाइक सवार मां-बेटे को कुचला, 20 मीटर तक घसीटा



**बीकानेर (म.सं.)।** नोखा में ट्रक ने बाइक सवार मां-बेटे को कुचल दिया। ट्रक 20 मीटर तक बाइक को घसीटता ले गया। हादसे में मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर भाग गया। हादसा नोखा थाना इलाके के चरकड़ा गांव के पास मंगलवार शाम 4 बजे हुआ। बाइक बुरी तरह डैमेज हो गई। हादसे का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। इसमें ट्रक बाइक को सामने से टक्कर मारता नजर आ रहा है। थानाधिकारी राधेश्याम ने बताया कि नागौर के देह गांव निवासी मांगीलाल पुत्र धूड़ाराम बाइक से बहन और बेटी के ससुराल नोखा गए थे। मांगीलाल की बहन और बेटी दोनों की एक ही घर में शादी हुई है। मांगीलाल के साथ बाइक पर उनकी मां शांति पत्नी धूड़ाराम भी गई थीं। नोखा से नागौर लौटते वक्त चरकड़ा गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक ड्राइवर बाइक को करीब 20 मीटर तक घसीटता ले गया। मां-बेटे की ट्रक के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर नोखा पुलिस मौके पर पहुंची। जिला हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे। पुलिस घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर ट्रक ड्राइवर की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार मांगीलाल मजदूरी करते थे। उनके पिता धूड़ाराम दृष्टिहीन हैं। मांगीलाल के तीन बेटी और एक बेटा है।

### अलग-अलग जगह कार्रवाई में पांच देसी पिस्टल और दो बंदूक, 375 गोलियां व दो जिंदा कारतूस बरामद

# वारदात की फिराक में हथियार लेकर घूम रहे चार बदमाश दबोचे

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** शहर के करधनी थाना इलाके में वारदात की फिराक में घूम रहे चार बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बदमाशों से 5 देशी पिस्टल, एक बारह बोर बंदूक, 7.65 एमएम की 373 गोलियां और 2 बारह बोर जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सभी बदमाशों को शहर में अलग-अलग जगह हुई कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि डीएसटी व करधनी थाना पुलिस ने हथियार सप्लाई करने वाले संदिग्धों के खिलाफ अभियान चला रखा है। इस दौरान तीन संदिग्धों को डिटेन कर पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने चार एफआईआर दर्ज चार बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। इन बदमाशों के पास से पुलिस टीम को बड़ी संख्या में हथियार व कारतूस मिले हैं। हथियारों के संबंध में बदमाशों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पहली कार्रवाई में करधनी थाने के एसआई चमन लाल ने युवक उत्तम सिंह भदोरिया पुत्र थानेदार सिंह राजपूत निवासी मध्यप्रदेश के भिंड हाल झोटवाड़ा को पकड़ा। आरोपी के थैले से तीन देशी पिस्टल, 50 जिंदा कारतूस, एक 12 बोर बंदूक मय दो जिंदा कारतूस बरामद किए। आरोपी ने हथियार मध्य प्रदेश से लेकर आना बताया। दूसरी कार्रवाई में करधनी थाने के हैड कांस्टेबल शक्ति राज सिंह ने करधनी सेंट्रल पार्क की तरफ घूम रहे युवक उत्सव कुमावत पुत्र तरुण कुमावत निवासी चौमूं रामपुरा डाबरी को पकड़ा। आरोपी की जेब से 13 जिंदा कारतूस मिले, जो वह कारतूस उत्तम सिंह भदोरिया से लेकर आया था। तीसरी कार्रवाई में करधनी थाने के एएसआई धर्मेन्द्र सिंह ने राव इंटरनेशनल स्कूल के आगे आर्मी एरिया में अवैध हथियार व कारतूस के साथ घूम रहे धर्म प्रताप सिंह जादौन पुत्र मोहन सिंह निवासी करौली हाल निवारू रोड को पकड़ा। उसके पास से एक देशी पिस्टल व 300 जिंदा कारतूस मिले, जो उसने उत्तम सिंह भदोरिया से लेना बताया। चौथी कार्रवाई में करधनी थाने के हैड कांस्टेबल कैलाश चंद ने अवैध हथियार के साथ घूम रहे नेत्रपाल सिंह सैन पुत्र खेमसिंह निवासी मथुरा हाल करणी नगर को पकड़ा, जिसके पास से एक पिस्टल व 10 जिन्दा कारतूस मिले, जो उसने उत्तम सिंह भदोरिया से लेना बताया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया।

### गलियों में घूम-घूमकर कछुए बेच रहा था तस्कर, भरतपुर से बैग भरकर लाया था

# कछुओं की तस्करी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग का खुलासा

महानगर संवाददाता





**जयपुर।** शहर के रामगंज थाना क्षेत्र में गलियों में घूम-घूमकर कछुए बेचने वाले एक तस्कर को डीएसटी टीम ने गिरफ्तार कर कछुओं की अवैध रूप से बड़े स्तर पर तस्करी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग का खुलासा किया है। जब आरोपी का बैग खंगाला तो उसमें 45 कछुए देख डीएसटी टीम भी हैरान रह गई। मामला रामगंज थाना क्षेत्र के बाबू का टीबा चौपड़ी तोपखान हजुरी क्षेत्र में मंगलवार सुबह 11 बजे का है। आरोपी सोनू भरतपुर के मथुरा गेट थाने के कली का भट्टा गलता गेट का रहने वाला है। आरोपी ने बताया कि वह तीन राज्यों में भी इन्हें सप्लाई करने वाला था। डीसीपी नॉर्थ राशी डोगरा डूडी ने बताया वन्य जीव तस्करी में आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। मंगलवार सुबह डीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक बैग में कछुए भरकर लाया है और इसे गलियों में घूमकर बेच रहा है। इस पर डीएसटी टीम के हैड कांस्टेबल सुरेंद्र पाल सिंह रामगंज पहुंचे और यहां सोनू के बारे में इनपुट जुटाया। इसके बाद डीएसटी इंचार्ज दिलीप सोनी और रामगंज एसएचओ देवेंद्र प्रताप वर्मा की टीम ने आरोपी की घेराबंदी कर उसे पकड़ा। इसके बाद जब बैग की तलाशी ली गई तो इसमें 45 कछुए पाए गए।

### राजस्थान सहित दिल्ली-हरियाणा में करना था सप्लाई

**पूछताछ** में सामने आया है कि वह भरतपुर इलाके से कछुओं की अवैध रूप से बड़े स्तर पर तस्करी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग का मेंबर है। वह भरतपुर से ही तौफिक नाम के व्यक्ति से कछुओं को खरीदकर लाया था। उसने बताया कि वह जयपुर में इसे 500 रुपए की कीमत में बेच रहा था। कुछ कछुए जयपुर में देने के बाद इन्हें अजमेर व सिरोही जिले के अलावा दिल्ली और हरियाणा आदि जगह पर सप्लाई करना था। उसने बताया कि ज्यादा प्रॉफिट और नशे के लिए उसने इनकी तस्करी शुरू की थी।

# बिना बताए घर से निकले युवक को प्लानिंग के तहत मारकर जलाया

### भतीजा गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचा तो हाईवे पर मिले अधजले शव की हुई पहचान

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में हाईवे किनारे मिले अधजले शव की पुलिस ने पहचान कर ली है। वह बिना बताए घर से एक दिन पहले दोपहर में निकला था। प्लानिंग के तहत उसकी गला घोंटकर हत्या कर पहचान छिपाने के लिए शव को जलाया गया था। मुहाना थाना पुलिस ने मंगलवार दोपहर पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस हत्यारों को अरेस्ट कर जल्द मामले का खुलासा करेंगी। पुलिस ने बताया कि नेवटा पुलिया के पास हाईवे किनारे एक युवक का अधजला शव मिला था। पुलिस ने एफएसएल व डॉग स्क्वायड टीम की मदद से सबूत जुटाकर शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस मृतक की पहचान के साथ ही हत्यारों की तलाश में जुट गई। वहीं सांगानेर निवासी देवीलाल अपनी चाचा के दो दिन से लापता होने की गुमशुदगी दर्ज करवाने मुहाना थाने पहुंचा। पुलिस के नेवटा पुलिया के पास मिली अधजली लाश की फोटो दिखाने पर भतीजा देवीलाल ने उसे अपने चाचा होना बताया। इस पर परिवार के सदस्यों को बुलाकर मोर्चरी में रखे शव की पहचान करवाई गई। मृतक की पहचान धन्नालाल सैनी निवासी डिग्गी रोड सांगानेर के रूप में हुई। वह मुहाना मंडी में सब्जी बेचने का काम किया करता था। मृतक धन्नालाल के भाई प्रभु दयाल ने बताया कि दो दिन पहले धन्नालाल घर से बिना बताए गया था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा, उसका मोबाइल भी बंद आ रहा था। परिजनों ने धुलंडी पर अपने दोस्तों के साथ जाने की सोचकर उसको ढूंढने की कोशिश नहीं की।

### पुलिस ने हत्यारों को किया चिह्नित

**पुलिस** जांच में सामने आया कि धन्नालाल की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को नेवटा पुलिया के पास हाईवे किनारे डालकर जला दिया गया। मृतक की पहचान छिपाने के लिए लाश को जलाया गया था। मृतक का मोबाइल भी गायब था। एसएचओ मुहाना उदय यादव का कहना है कि मृतक की पहचान के बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। पुलिस ने हत्यारों को चिह्नित कर लिया है, जल्द ही अरेस्ट कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# किसान ने तहसीलदार ऑफिस के गेट पर मारी चप्पल

### जमाबंदी नहीं मिलने से था परेशान, एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठा

महानगर संवाददाता



**हनुमानगढ़।** जिले की भादरा तहसील में जमाबंदी के लिए चक्कर लगवाने से परेशान एक किसान तहसीलदार ऑफिस के शीशे वाले गेट पर चप्पल मारने लगा। इस दौरान कर्मचारियों ने उसे रोकने का प्रयास किया तो कहने लगा क्या फायदा जब कोई काम ही नहीं होना है। इसके बाद वह एसडीएम ऑफिस के बाहर सड़क पर धरना देकर बैठ गया। इस मामले का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार भादरा तहसील के न्यांगल ग्राम पंचायत में दो दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री कैंप आयोजित किया जा रहा है। इसी दौरान रतनपुरा गांव निवासी बदलूराम कैंप में आया। उसने कर्मचारियों से जमीन की जमाबंदी निकलवाने की बात कही तो उन्होंने ई-मित्र से निकलवाने की बात कही। इसके बाद वह गांव से चलकर भादरा ई-मित्र पर जमाबंदी निकलवाने आया, लेकिन उसकी जमाबंदी नहीं निकली। इससे परेशान होकर वह एसडीएम ऑफिस भादरा पहुंच गया, लेकिन वहां भी कुछ समाधान नहीं मिला। इसके बाद बदलूराम तहसीलदार ऑफिस पहुंच गया। वहां मौजूद कर्मचारियों ने कहा कि यहां कोई काम नहीं होगा, अभी कैंप लगाए जा रहे हैं, उनमें ही काम होगा। इससे गुस्साए किसान ने जोर-जोर से बोलते हुए अपनी चप्पल निकाल कर तहसीलदार ऑफिस के बाहर गेट पर मारने लगा। जब वहां खड़े व्यक्तियों ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने कहा कि क्या फायदा जब किसी का कोई काम ही नहीं होना है तो। समझाइश के बाद वह एसडीएम ऑफिस के बाहर मुख्य सड़क पर आकर धरना देकर बैठ गया। जब सुनवाई करने के लिए कोई नहीं पहुंचा तो करीब आधे घंटे के बाद वह उठकर चला गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने के बाद लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सब्जी मांगने के बहाने घर आए पड़ोसी ने किया युवती से रेप

**जयपुर (म.सं.)।** बस्सी थाना इलाके में पड़ोसी युवक के एक युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। सब्जी मांगने के बहाने घर आए पड़ोसी ने उसके साथ जबर्दस्ती की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पीड़िता ने बस्सी थाने में आरोपी पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच आईपीएस अभिजीत पाटिल कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि बस्सी की रहने वाली 30 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि पड़ोसी होने के कारण आरोपी का घर पर आना-जाना था। आरोप है कि वह घर पर अकेली थी। रात करीब 9 बजे आरोपी पड़ोसी ने गेट खटखटाया और गेट खोलने पर बनी हुई सब्जी देने की कहा। सब्जी लेने के लिए अंदर जाने पर वह चुपचाप पीछे से घर में घुस आया और गेट लॉक कर उसको पकड़कर जबर्दस्ती करने लगा। विरोध करने पर मुंह दबाकर आरोपी पड़ोसी ने उसके साथ रेप किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पीड़िता ने बस्सी थाने में आरोपी पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### 8 मोबाइल, 11 एटीएम कार्ड, 5 सिम कार्ड, एक डोंगल और एक पासबुक जब्त

# क्रिप्टोकरेंसी के बहाने किराए पर खाता लेने वाले 3 साइबर ठग धरे

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में साइबर फ्रॉड करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को इनके पास से 8 मोबाइल, 11 एटीएम कार्ड, 5 सिम कार्ड, 2 चैक, एक डोंगल और एक पासबुक मिली है। जो लोगों से बैंक खाते लेकर गलत काम कर रहे थे।

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को एक पीड़ित से सूचना मिली कि 4 महीने पहले उसका सुरेश नाम के व्यक्ति से फेसबुक पर संपर्क हुआ। सुरेश ने वॉट्सएप नंबर पर कॉल कर बताया कि वह यूएसडीटी (क्रिप्टोकरेंसी) का काम करता है। मुझे अपना अकाउंट, एटीएम कार्ड व सिम कार्ड दे दो। तुम्हारे अकाउंट में बिल्कुल सुरक्षित लेनदेन करूंगा। आरोपी सुरेश ने पीड़ित को पांच्यावाला श्रीराम ढाबे पर बुलाया, जहां सुरेश अपने दो साथी रमेश व धारा सिंह के साथ आया और पीड़ित को अपने फ्लैट पर ले गया। तीनों ने उससे सिम कार्ड, अकाउंट नंबर व एटीएम कार्ड मांगे, जो पीड़ित ने उन्हें दे दिए। इसके बाद अकाउंट में 6 लाख 204 रुपए क्रेडिट कर दिए। उसी दिन ऑनलाइन व एटीएम के जरिए 6 लाख 130 वापस निकाल लिए। इसकी जानकारी पीड़ित को हुई तो वो समझ गया कि ये लोग गलत काम कर रहे हैं। इस पर पीड़ित ने सुरेश, रमेश व दारा सिंह के खिलाफ लिखित शिकायत की। इस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर इस केस को गम्भीरता से लिया। एडिशनल डीसीपी वेस्ट आलोक सिंघल ने बताया कि टीम ने संदिग्ध आरोपियों की पहचान के लिए तकनीकी इनपुट जुटाने के बाद यह कार्रवाई की। नाम और हुलिये के आधार पर पुलिस ने पूछताछ के बाद धारा सिंह पुत्र दयाल राम निवासी गांव हिंडोली कुचामन हाल महादेव नगर पांच्यावाला, सुरेश नलिया पुत्र छोटू राम निवासी गांव नैनिया परबतसर हाल महादेव नगर पांच्यावाला व रमेश चौधरी पुत्र सूजाराम चौधरी निवासी गांव शिंभूपुरा डीडवाना कुचामन हाल महादेव नगर पांच्यावाला को गिरफ्तार कर लिया।

**विरोध- प्रदर्शन** आरोपियों को गिरफ्तार करने मांग को लेकर परिजनों ने शव लेने से किया इनकार

# जमीन विवाद में गोली लगने से एनएसजी कमांडो की मौत

महानगर संवाददाता



**भरतपुर।** जमीन विवाद में गंभीर घायल हुए भरतपुर के नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) कमांडो की मौत हो गई। करीब 5 महीने पहले पड़ोसियों ने गांव में कमांडो पर गोलियां बरसाई थीं। 3 गोली उनके पैर में लगी थीं। आरोपियों ने कुल्हाड़ी से पैर पर भी हमला किया था। घायल कमांडो का दिल्ली के आर्मी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। भरतपुर में सेवर के गड़ी जालिम गांव निवासी कमांडो बबलेश कुमार जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में तैनात थे। कमांडो के शव को दिल्ली से भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल लाया गया, जहां पोस्टमॉर्टम करवाया गया। हालांकि परिजनों ने शव को लेने से इनकार कर दिया। कमांडो बबलेश के भाई बंशराम का कहना है कि एफआईआर से जिन दो आरोपियों के नाम हटाए गए हैं, उन्हें गिरफ्तार किया जाए। परिजनों का कहना है कि आरोपियों के परिजन उन्हें धमकियां भी देते हैं। भरतपुर के सेवर थाना अधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि गड़ी जालिम में अक्टूबर 2024 में दो पक्षों में जमीन विवाद हो गया था। एक पक्ष की ओर से फायरिंग की गई थी, इसमें एनएसजी कमांडो बबलेश कुमार सहित दो भाई घायल हो गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक नाबालिग को भी डिटेन किया था। जनवरी 2025 में कोर्ट में चालान पेश किया।

### पैर में मारी 3 गोली, कुल्हाड़ी से भी किए वार

**कमांडो** की पत्नी भूरो देवी ने बताया कि भरतपुर निवासी राजेंद्र से 2 साल पहले उन्होंने 4 बीघा जमीन खरीदी थी। जमीन की बाउंड्री को लेकर गांव के पड़ोसी लक्खो, राजवीर व सुबड से परिवार के लोगों का विवाद हो गया। अक्टूबर 2024 में पति बबलेश कुमार 15 दिन की छुट्टियों पर जम्मू-कश्मीर से घर आए हुए थे। सुबह बबलेश अपनी जमीन की तरफ जा रहे थे। तभी लक्खो, राजवीर, सुबड ने अपने परिजनों के साथ मिलकर बबलेश पर हमला किया। सभी लोगों ने बबलेश पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। घटना का पता लगने पर बबलेश का बड़ा भाई बंशराम उसे बचाने आया तो बंशराम पर भी फायरिंग कर दी। घटना में बबलेश के शरीर पर कई जगह छर्रे लगे। पैर में 3 गोलियां लगीं। आरोपियों ने बबलेश के पैर पर कुल्हाड़ी से भी वार किए थे।

### इन्फेक्शन फैलने से कमांडो का काटा पैर

**घटना** के बाद बबलेश को तुरंत भरतपुर के आरबीएम अस्पताल लेकर गए थे। जहां से जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया था। बबलेश के पैर में इन्फेक्शन फैलने के कारण एसएमएस अस्पताल में डॉक्टरों को उनका दायां पैर काटना पड़ा। इसके बाद बबलेश के परिजनों ने घटना की सूचना आर्मी ऑफिस में दी। बबलेश को दिल्ली में आर्मी के हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था, जहां देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

### समर्थन मूल्य पर सरसों-चना खरीद की तैयारियां शुरू

# पंजीकरण 1 अप्रेल से, 10 से शुरू होगी खरीद : दक

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में सदैव तत्पर है एवं आगामी रबी सीजन 2025-26 में समर्थन मूल्य पर सरसों-चना की खरीद की तैयारियां शुरू की जा चुकी हैं। दक ने बताया कि इस वर्ष केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राज्य में सरसों की 13.89 लाख मैट्रिक टन एवं चने की 6.30 लाख मैट्रिक टन खरीद किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर सरसों एवं चना के विक्रय के लिए किसान 1 अप्रेल से ई-मित्र के माध्यम से पंजीयन करवा सकेंगे, जबकि खरीद का कार्य 10 अप्रेल से आरंभ होगा। पंजीयन के लिए किसानों को गिरदावरी एवं पासबुक आवश्यक रूप से पंजीयन फॉर्म के साथ अपलोड करनी होगी। समर्थन मूल्य पर खरीद बायोमीट्रिक अभिप्रमाणन के आधार पर की जाएगी।

## दलहन-तिलहन खरीद कार्य राजफैड के माध्यम से

**सहकारिता** मंत्री ने बताया कि इस वर्ष राज्य में नोडल एजेंसी नैफेड के साथ-साथ एनसीसीएफ द्वारा भी दलहन-तिलहन की खरीद का कार्य राजफैड के माध्यम से कराया जाना है। इसके लिए सरसों एवं चने के लिए एनसीसीएफ को 217-217 एवं नैफेड को 288-288 क्रय केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। इस प्रकार राज्य में सरसों एवं चने के कुल 505-505 क्रय केंद्र मंजूर किए गए हैं, जिनकी जिलेवार सूची जारी कर दी गई है।

## सरसों एवं चने का समर्थन मूल्य तय

**दक** ने बताया कि एनसीसीएफ द्वारा राजफैड क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर, जोधपुर, बीकानेर एवं कोटा के 19 जिलों में तथा नैफेड द्वारा राजफैड क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर, उदयपुर, श्रीगंगानगर एवं भरतपुर क्षेत्र के 21 जिलों में खरीद कार्य करवाया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा आगामी सीजन के लिए सरसों का समर्थन मूल्य 5950 रुपए प्रति क्विंटल एवं चने का समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

## फसल को साफ-सुथरा कर लाने की अपील

**सहकारिता** मंत्री ने कहा कि किसान पूर्व की भांति एफएक्यू गुणवत्ता मापदंडों के अनुरूप अपनी फसल क्षेत्र की क्रय-विक्रय अथवा ग्राम सेवा सहकारी समिति केंद्र पर विक्रय कर सकेंगे। किसानों की मदद के लिए राजफैड में कॉल सेंटर 18001806001 स्थापित किया गया है। उन्होंने किसानों से फसल को साफ-सुथरा कर तथा छानकर क्रय केंद्रों पर लाने को कहा है, ताकि गुणवत्ता मापदंडों के अनुरूप जिंस विक्रय कर सकें।

### राज्यपाल ने विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का किया आह्वान

# वैश्विक ताकत बनकर उभर रहा भारत : हरिभाऊ बागडे

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को चूरू में विकास कार्यक्रमों और जनहित की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक ताकत बनकर उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है और देश सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की धरती है। यहां के शूरवीरों ने अपने सर्वोच्च बलिदान से मातृभमि की रक्षा की है। हम सभी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के संकल्प में सहयोग दें। हमारी पीढ़ी को बौद्धिक रूप से मजबूत करें। हम बौद्धिक रूप से सुदृढ़ होंगे तो देश खुशहाल होगा। राज्यपाल ने जिला परिषद सभागार में जिलास्तरीय अधिकारियों से संवाद कर समुचित दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का बेहतरीन क्रियान्वयन करें और शिक्षकों को प्रशिक्षण दें तथा शैक्षिक सुदृढ़ीकरण के लिए संकल्पित रहें। राज्यपाल ने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के दौरान बड़ी संख्या में पौधे लगाएं तथा घने जंगल के रूप में विकसित करें। पारिस्थितिकी और पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में अधिकाधिक पौधरोपण करें तथा प्रयास करें कि छायादार पौधे लगाएं। इसी के साथ राज्यवृक्ष खेजड़ी का संरक्षण, संवर्द्धन करें।



## राजीविका महिलाओं को मिले ऋण योजनाओं का लाभ

**बागडे** ने कहा कि राजीविका महिलाओं को विभिन्न ऋण योजनाओं में लाभान्वित करें और प्रयास करें कि योजना में ऋण योजना में लाभ का बेहतरीन यूटीलाइजेशन हो। महानरेगा योजना अंतर्गत सुदूर गांव-ढाणियों में सड़कों की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें। इसी के साथ महानरेगा में श्मशान व जोहड़ विकास कार्यों पर फोकस करें। वाटरशेड कार्यों में वर्षा जल संरक्षण करते हुए भूजल स्तर बढ़ाने के लिए प्रयास करें। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत करवाते हुए दिशा-निर्देशों की पालना करवाने व बेहतरीन क्रियान्विति के लिए आश्वस्त किया।

## 'जिले में औद्योगिक विकास को मिले गति'

**बागडे** ने कहा कि जिले में औद्योगिक विकास को गति मिले और अधिकाधिक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएं। यहां की क्षेत्रीय विशेषताओं को बढ़ावा दें, ताकि रोजगार के बेहतरीन अवसर सृजित हों। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यक्रमों व योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना में किसानों व आमजन को प्रेरित करें। पीएम कुसुम योजना में किसानों को प्रेरित करते हुए खेतों में अधिकतम सौर उर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएं, ताकि काश्त में काश्तकारों को संबल मिल सके। किसानों को उनकी फसल को खरीद केंद्रों पर विक्रय करने के लिए प्रेरित करें।

# प्रदेश के 99 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को मिलेगा डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के 99 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र के लिए चुना गया है। महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू ने सोमवार को इस संबंध में एक आदेश जारी कर चयनित 99 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची जारी की है। महानिदेशक पुलिस राजस्थान साहू ने बताया कि पुलिस विभाग में कार्यरत पुलिस सेवा के अधिकारी व कर्मचारियों के मनोबल वृद्धि के लिए महानिदेशक पुलिस प्रशस्ति डिस्क एवं प्रशस्ति रोल दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में खेल, प्रशिक्षण, रिजर्व पुलिस लाइन, सामान्य प्रशासन, कल्याण और पर्यवेक्षण में सुधार की दिशा में किए गए विशिष्ट प्रयास के क्षेत्र तथा अपराध नियंत्रण, प्रशासन, कानून-व्यवस्था एवं इंटेलिजेंस के क्षेत्र में प्राप्त प्रस्तावों पर चयन समिति की अनुशंसा के अनुसार 99 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सराहनीय कार्य के फलस्वरूप 'डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति-रोल' के लिए चुना गया है।

## 9 आईपीएस सहित 44 अधिकारी खेल, प्रशिक्षण सहित अन्य क्षेत्र में होंगे पुरस्कृत

**महानिदेशक** पुलिस राजस्थान साहू के अनुसार 9 आईपीएस सहित 44 को खेल, प्रशिक्षण, रिजर्व पुलिस लाइन, सामान्य प्रशासन, कल्याण और पर्यवेक्षण में सुधार के क्षेत्र में पुरस्कृत किया जाएगा। इनमें अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस मालिनी अग्रवाल व विशाल बंसल, निदेशक इंटेलिजेंस ट्रेनिंग एकेडमी दीपक भार्गव, उपमहानिरीक्षक पुलिस विकास शर्मा व राहुल कोटोकी, एसपी जय यादव, अरशद अली, डॉ. अमृता दुहन, कावेंद्र सिंह सागर, कमांडेंट सौरभ कोठारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यशविनि राजोरिया, विमल सिंह, किशोरी लाल, देशराज गुर्जर, पुलिस उपाधीक्षक अंगद शर्मा, महेंद्र कुमार शर्मा, देवेंद्र सिंह, राजेश कसाना, सीताराम बैरवा, उपनिदेशक एफएल शिवलाल धाकड़, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी शिवलाल धाकड़, वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक गिन्नी कुमावत, शिवकुमार शामिल हैं। इसी प्रकार पुलिस निरीक्षक दीपक यादव, पंकज राज, योगेंद्र सिंह, विजय मीणा, सेवानिवृत्त कंपनी कमांडर महेंद्र सिंह, पुलिस उप निरीक्षक सुरेश कुमार, भंवर सिंह, मुकेश कुमार, अंतु लाल, प्लाटून कमांडर रामकिशन, कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक रमेश कुमार जांगिड़, हेड कांस्टेबल सुरेश सिंह, घेवर राम, कांस्टेबल जोगाराम, घासी लाल, राकेश मीणा, नगा राम, अनिल कुमार, थान सिंह, मनोज कुमार सौंकरिया एवं राजेंद्र कुमार को चुना गया है।

## 12 आईपीएस सहित 55 अधिकारी अपराध नियंत्रण सहित अन्य क्षेत्र में होंगे पुरस्कृत

**महानिदेशक** पुलिस राजस्थान साहू के अनुसार 12 आईपीएस सहित 55 को अपराध नियंत्रण, प्रशासन, कानून-व्यवस्था एवं इंटेलिजेंस के क्षेत्र में पुरस्कृत किया जाएगा। इनमें महानिरीक्षक पुलिस प्रफुल्ल कुमार, विकास कुमार, अंशुमन भोमिया, राहुल प्रकाश, अनिल कुमार टांक, डीसीपी तेजस्वनी गौतम, पुलिस अधीक्षक गौरव यादव, सुधीर जोशी, धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार मीणा, ऋचा तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार यादव, कीर्ति सिंह, कालूराम वर्मा, पुलिस उप अधीक्षक विवेक सिंह राव, गिरिराज मीणा, सहायक निदेशक एफएसएल डॉ. केएन वशिष्ठ, डॉ आनंद कुमार, डॉ. बैजू माथुर शामिल हैं। इसी प्रकार पुलिस निरीक्षक बनवारी लाल मीणा, संजय गोदारा, रविंद्र सिंह खींची, हनवंत सिंह सोढ़ा, सुमन कविया, रामकिशन गोदारा, पुलिस उप निरीक्षक सुमन शेखावत, मनीष शर्मा, भीम सिंह, हेड कांस्टेबल महिपाल सांगवा, वीरेंद्र कुमार, दिलीप सिंह, महेंद्र खटीक, शंभू प्रताप सिंह, शक्ति सिंह राठौड़, पारस कुमार, नवनीत मीणा, कांस्टेबल प्रकाश बिश्नोई, सुनील कुमार, नरेश कुमार, अजीत सिंह, विजय कुमार, विक्रम सिंह, अजय नामदेव, गणेशा राम, अशोक कुमार, देवा राम, शेखर चंद्र, रामकरण, देवेंद्र सिंह, शंकर लाल, विजेंद्र सिंह, चौखा राम, भंवरलाल एवं रमेश कुमार को चुना गया है।

# पहचान पोर्टल कल से दो दिन रहेगा बंद

महानगर संवाददाता

Meri Pehchaan SINGLE SIGN-ON SERVICE
भारत सरकार

**जयपुर।** पहचान पोर्टल को भामाशाह स्टेट डाटा सेंटर (बीएसडीसी) पर माइग्रेशन किए जाने के कारण 20 एवं 21 मार्च को पहचान पोर्टल से जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित समस्त कार्य बंद रहेंगे एवं प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा सकेंगे। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव विनेश सिंघवी ने बताया कि माइग्रेशन पूरा होने के बाद पंजीयन का कार्य सुचारु रूप से संपादित हो सकेगा। वर्तमान में 'पहचान' पोर्टल पर जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित लगभग 3.50 करोड़ डाटा संग्रहीत हो चुका है और भविष्य में यह डाटा और अधिक बढ़ेगा। गौरतलब है कि आमजन की सुविधा के लिए राज्य में जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन का कार्य ऑनलाइन वेबपोर्टल 'पहचान' के माध्यम से सरलता व सुगमता से संपादित किया जा रहा है। वहीं कम्प्यूटरीकृत और ई-साइन युक्त जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं।

# सोशल मीडिया पर भर्तियों के फर्जी विज्ञापन के झांसे में ना आएं युवा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग में उप शासन सचिव प्रशासन धारा सिंह मीना ने बेरोजगार युवाओं से आरआरडीसी के नाम से फर्जी वेबसाइट पर निकाली गई भर्तियों से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि भर्ती विज्ञप्ति में आरआरडीसी के नाम से फर्जी वेबसाइट https://rajasthanrdc-gov.online तथा फर्जी ई-मेल rrdcgov@gmail.com दिया गया है। यह एक फेक विज्ञप्ति है, युवा इसके झांसे में न आएं।




स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादकः गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारीः जिज्ञासु शर्मा*। फोनः 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25